CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम :22°C

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शनिवार 6 जून 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 290 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 19 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


प्रकृति विरोधी माफिया से सतर्क रहें: सीएम योगी पेज 2


भारत-अफगानिस्तान टेस्ट से शुरू होगा गिल का दौर खेल टाइम्स


दिल्ली की गर्मी से बचना है, तो यहां जाएं सम्पादकीय


10 न्यूक्लियर बम बना सकता है ईरान: आईएईए पेज 12

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भारत को सुखोई-57 ऑफर किया

**सेंट पीटर्सबग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को सुखोई एसयू-57 स्टेल्थ फाइटर जेट को लेकर बड़ा ऑफर दिया है। उन्होंने कहा है कि रूस, भारत के साथ मिलकर इस विमान का विकास और उत्पादन करने के लिए तैयार है। साथ ही रूस जरूरी रक्षा तकनीकें साझा करने के लिए भी तैयार है।

पुतिन ने सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले भी भारत को इसे बनाने के प्रोजेक्ट में साझेदार बनने का ऑफर दिया था। उस समय भारत ने कहा था कि रूस पहले इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाए, उसके बाद भारत इसमें शामिल होने पर विचार करेगा। पुतिन ने कहा कि यह विमान हमारा जॉइंट प्रोजेक्ट हो सकता था। हमने इसे अपने दम पर विकसित किया, लेकिन अब भी हम भारत के साथ इस क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार हैं। हम भारत को यह विमान देने और इसके आगे के विकास में साझेदारी करने के लिए तैयार हैं। इसमें हमें कोई समस्या नजर नहीं आती। यही बात एयर डिफेंस सिस्टम पर भी लागू होती है। पुतिन ने अमेरिका-भारत के संबंधों पर कहा कि यूएस कई मुद्दों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इस तरह की कोशिशें बेकार हैं। भारत इसका विरोध करेगा।



- **5G जनरेशन फाइटर जेट की तकनीक भी शेयर करेंगे**
- **अमेरिका से बोले- भारत पर दबाव डालना बेकार**

सुखोई एसयू-57 पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान है और उनकी नजर में दुनिया के सबसे अच्छे फाइटर जेट्स में से एक है। इसमें स्टेल्थ क्षमता, उच्च गतिशीलता, आधुनिक एवियोनिक्स और मल्टी-रोल कॉम्बैट क्षमताएं हैं...
-व्लादिमीर पुतिन

# पीएम मोदी मेरे अच्छे दोस्त: ट्रम्प

## भारत के साथ जल्द होगी ट्रेड डील

वॉशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने उम्मीद जताई है कि भारत और अमेरिका जल्द ही एक व्यापार समझौते पर पहुंच जाएंगे। ट्रम्प ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों देश जल्द ही एक व्यापार समझौते पर पहुंच जाएंगे।

उन्होंने कहा कि हम एक समझौते तक जरूर पहुंचेंगे, क्योंकि मैं भारतीय प्रधानमंत्री को बहुत पसंद करता हूं। वे मेरे अच्छे दोस्त हैं। हमारे बीच बेहतरीन तालमेल है और हम मिलकर यह डील करने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अब 'भारत के साथ काफी मुनाफा कमा रहा है।' पहले स्थिति अलग थी और भारत भारी टैरिफ लगाकर अमेरिका से पैसे कमाता था। अपनी बात को समझाने के लिए डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी मोटरसाइकिल ब्रांड 'हार्ले-डेविडसन' का उदाहरण दिया। उन्होंने तर्क दिया कि अतीत में भारत के लगाए गए ऊंचे टैरिफ के कारण इस प्रतिष्ठित निर्माता के लिए भारत में अपने वाहन बेचना बेहद मुश्किल हो गया था। ट्रम्प ने कहा कि अतीत में, वे हार्ले-डेविडसन को अपनी मोटरसाइकिलें **शेष पृष्ठ दो पर**



- **अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- मोदी मुझे बहुत पसंद हैं, हमारे बीच अच्छा तालमेल है**

### अमेरिका ने इस वर्ष 1076 भारतीय नागरिकों को किया निर्वासित

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां मीडिया ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में कहा कि इस वर्ष अब तक अमेरिका से 1076 भारतीय नागरिक वापस भेजे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अमेरिका ने 3567 भारतीय नागरिकों को वापस भेजा था। प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों के बीच प्रवासियों और लोगों के आवागमन को लेकर बातचीत चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में तेज आंधी के साथ बारिश

**नई दिल्ली।** देश के 11 राज्यों में गुरुवार को आंधी-बारिश ने तबाही मचाई। मध्य प्रदेश के भोपाल में 70 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तूफान आया। इससे कई इलाकों में 80 से ज्यादा पेड़ गिरे। उत्तर प्रदेश के भी 12 शहरों में बारिश हुई, नोएडा में भी दोपहर बाद तेज हवाओं के कारण 400 पेड़ उखड़ गए। पेड़ गिरने कई जगह गाड़ियां दब गईं। रास्ते घंटों जाम रहे। राजस्थान के जयपुर में दिल्ली से 4 फ्लाइट डायवर्ट करनी पड़ीं। श्रीगंगानगर में ओले गिरे। दिल्ली-एनसीआर में भी खराब मौसम के कारण 11 उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। इधर, हरियाणा के फरीदाबाद में फ्लाईओवर बनाने लगाई गई क्रेन तेज हवाओं के कारण पलट गई। इसमें 3 मजदूरों की मौत हो गई।

### राहुल गांधी के मानहानि मामले में 25 जून को सुनवाई

**सुलतानपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी से जुड़े मानहानि के मामले में शुक्रवार को सुलतानपुर की एमपी-एमएलए स्पेशल एडीजे कोर्ट में सुनवाई हुई। रिवीजन याचिका (पुनरीक्षण अर्जी) पर कोर्ट ने अगली सुनवाई और बहस के लिए 25 जून की तारीख तय की है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि उनके द्वारा दाखिल की गई रिवीजन याचिका (पुनरीक्षण अर्जी) पर कोर्ट ने अगली सुनवाई और बहस के लिए 25 जून की तारीख तय की है।

# RBI को महंगाई बढ़ने का अंदेशा

## नए वित्त वर्ष की दूसरी बैठक में रेपो रेट में बदलाव नहीं, लोन नहीं होगा महंगा व EMI नहीं बढ़ेगी

मुंबई, वार्ता

**रिजर्व बैंक** ने नए वित्त वर्ष की दूसरी मीटिंग में रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। इससे लोन महंगे नहीं होंगे और ईएमआई नहीं बढ़ेगी। वहीं 2027 में महंगाई के अनुमान को 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 5 जून को इसकी जानकारी दी। वेस्ट एशिया (मध्य पूर्व) में चल रहे तनाव और सप्लाई चेन में रुकावटों के चलते आरबीआई ने आर्थिक विकास दर यानी जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को घटा दिया है। अब चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए जीडीपी ग्रोथ अनुमान को 6.9 फीसदी से घटाकर 6.6 फीसदी कर दिया गया है। महंगाई के बढ़ते जोखिमों के बावजूद मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी ने अपनी नीति का रुख न्यूट्रल (तटस्थ) बनाए रखने का फैसला किया है। कमेटी स्थिति पर नजर रखते हुए डेटा के आधार पर आगे कदम उठाएगी। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि हालांकि रिटेल महंगाई अभी टारगेट के दायरे में है, लेकिन वैश्विक तनाव के कारण फ्यूल (ईंधन) और एनर्जी की बढ़ती कीमतें आगे चलकर खुदरा बाजार और आम जनता की जेब पर दबाव डाल सकती हैं। पश्चिम-दक्षिण मानसून में कमी (कम बारिश) के अनुमान को लेकर भी चिंता जताई गई है। इसका सीधा असर खेती-किसानी की पैदावार और ग्रामीण इलाकों में मांग पर पड़ सकता है। हालांकि, सरकार की फसल विविधीकरण यानी डायवर्सिफिकेशन जैसी योजनाएं इसके असर को कम करने में मदद करेंगी। अच्छी बात यह है कि घरेलू आर्थिक गतिविधियां अब भी मजबूत बनी हुई हैं। मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर का प्रदर्शन बेहतर है और जीएसटी रेशनलाइजेशन व स्थिर रोजगार के चलते शहरी क्षेत्रों में कंजम्पशन (खपत) को सहारा मिल रहा है। गवर्नमेंट सिक्योरिटीज के तहत फुली एक्सेसिबल रूट (एफएआर) का दायरा बढ़ा दिया गया है। अब इसमें 10 साल तक के अलावा 15, 30 और 40 साल की अवधि वाले नए सरकारी बॉन्ड्स को भी शामिल किया जाएगा। पब्लिक सेक्टर कंपनियों द्वारा लिए जाने वाले एक्सटर्नल कमर्शियल बारोइंग को बढ़ावा देने के लिए 13 सितम्बर 2026 तक रियायती फारेक्स स्वैप की सुविधा दी जाएगी।



- **चालू वित्त वर्ष-2026-27 के लिए जीडीपी ग्रोथ अनुमान भी 6.9 से घटाकर 6.6 % किया**

# नेपाल के विदेश मंत्री के साथ वार्ता में सभी मुद्दों पर होगी बात: विदेश मंत्रालय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत यात्रा पर आए नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल की विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता में विकास के क्षेत्र में सहयोग, लोगों के बीच परस्पर संबंधों और व्यापार तथा निवेश के साथ-साथ अन्य सभी मुद्दों पर बात होगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां सवालों के जवाब में कहा कि नेपाल के विदेश मंत्री भारत यात्रा पर आए हैं और उनकी विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता होगी। उन्होंने कहा कि नेपाल के साथ भारत के व्यापक मुद्दे हैं, जैसे विकास में सहयोग, लोगों के बीच परस्पर संबंध और व्यापार तथा निवेश आदि। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रियों की मुलाकात में इन सभी विषयों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि भारत नेपाल के साथ बहुआयामी साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने का उत्सुक है। प्रवक्ता से विदेश मंत्री की भारत यात्रा के एजेन्डे के साथ साथ यह पूछा गया था कि क्या भारत नेपाल के प्रधानमंत्री के सीमा विवाद पर दिए गए बयान के मुद्दे को भी उठाएगा।

- **भारत नेपाल के साथ बहुआयामी साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने का उत्सुक**

### कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर आज दिल्ली लौटेंगे

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने 6 जून (आज) को भारत लौटने से पहले अपने पुरानी अपील से यूटर्न ले लिया है। उन्होंने 4 जून को रात 10 बजे सोशल मीडिया पर एक वीडियो मैसेज जारी कर समर्थकों से दिल्ली एयरपोर्ट पर न आने की अपील की है। कुछ दिन पहले उन्होंने खुद समर्थकों से एयरपोर्ट पहुंचने का आह्वान किया था। उम्मीद से ज्यादा समर्थन मिलने के कारण बड़ी भीड़ जुट सकती है, जिससे आम लोगों और सुरक्षा व्यवस्था को परेशानी हो सकती है।



# जनता कांग्रेस से नाराज, इसलिए कर्नाटक सीएम बदला: मोदी

**सूरत।** पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस 12 सालों से अराजकता और अनिश्चितता फैला रही है। कर्नाटक की जनता भी कांग्रेस की नकारात्मकता के नाराज है। इसलिए कर्नाटक में सीएम बदलना पड़ा।

मोदी बोले कि दूसरों पर निर्भर रहने वाले देश विकसित नहीं होते है। आज देश में कुछ निराशावादी लोग हैं, जिन्होंने देश को दूसरों पर निर्भर रखा। आज वो आत्मनिर्भर भारत का मजाक उड़ा रहे हैं।


पीएम ने शुक्रवार को गुजरात के सूरत में ये बातें कही। उन्होंने वहां से 18 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया।

# बीते वित्त वर्ष 7.7 प्रतिशत रही जीडीपी वृद्धि दर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सेवा और विनिर्माण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के दम पर वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत दर्ज की गई, जो 2022.23 आधार वर्ष पर शुरू नई सीरीज में सबसे तेज है।

वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत और 2024-25 में (पहला संशोधित अनुमान) 7.1 प्रतिशत रही थी। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2025-26 और उसकी चौथी तिमाही के जीडीपी के प्राथमिक अनुमान जारी किए। अनुमान में बताया गया है कि गत 31 मार्च को समाप्त पिछले वित्त वर्ष में वास्तविक जीडीपी 323.12 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। यह एक साल पहले 299.89 लाख करोड़ रुपये थी। वर्तमान मूल्यों पर आधारित नॉमिनल जीडीपी या सांकेतिक जीडीपी 346.36 लाख करोड़ रुपये रही, जो सालाना 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में स्थिर मूल्य पर आधारित वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही और यह 87.77 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। तीसरी तिमाही में वृद्धि दर आठ प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 8.3 प्रतिशत और पहली तिमाही में 6.8 प्रतिशत रही थी। चौथी तिमाही में नॉमिनल जीडीपी 9.1 प्रतिशत बढ़कर 94.65 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। प्राथमिक अनुमानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में सकल पूंजी निर्माण 9.9 प्रतिशत बढ़कर 110.64 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।




- **2024-25 में 7.1 प्रतिशत थी जीडीपी वृद्धि दर**

IFTM UNIVERSITY
(Established under Section 2 (f) of UGC Act 1956 by UP Govt. Act No. 24 of 2010)
Lodhipur Rajput, Delhi Road, Moradabad - 244102 (U.P.)
NAAC A
30 Years of Excellence in Quality Education
REGISTRATIONS / ADMISSIONS OPEN FOR THE SESSION 2026-27

MANAGEMENT 9458032396, 9837350198, 8791090789
• BBA -3 yrs. • MBA
• BBA (Hons. with Research) - 4yrs.
• B.Com -3 yrs. • M.Com
• B.Com (Hons. with Research) - 4yrs.
• Diploma in Hotel Mgmt. (DHM)
• Bachelor of Hotel Mgmt. & Catering Technology (BHMCT)
• Master of Hotel Management (MHM)

PHARMACY 9451751810, 7906044144, 9927111259
• D. Pharm
• B. Pharm
• B. Pharm (2nd Year Lateral Entry)
• M.Pharm - Pharmaceutics - Pharmacology - Pharmaceutical Chemistry - Pharmacognosy

COMPUTER 9412809445, 9410013261, 9927048126
• BCA/BCA (Data Sci.) - 3 yrs. • MCA
• BCA (Hons. with Research) - 4yrs.
• B.Tech • M.Tech Computer Science & Engineering, Artificial Intelligence & Machine Learning
• B.Tech (2nd Year Lateral Entry) • PGDCA

ENGINEERING 9997998354, 9897445775, 9997474743
• B.Tech - Electronics & Comm. Engineering - Electrical Engineering - Mechanical Engineering - Civil Engineering
• B.Tech (2nd Year Lateral Entry)
• M.Tech - Electronics & Comm. Engineering - Electrical Engineering (Power Sys. Engg.) - Mechanical Engineering - Civil Engineering (Structural Engg.)

BIOTECHNOLOGY 9837612666, 7017344483, 9760353953
• B.Tech • M.Tech - Biotechnology
• B.Sc. - 3 yrs. • M.Sc. - Biotechnology - Food Technology - Microbiology
• B.Sc. (Hons. with Research) - 4yrs. - Biotechnology - Microbiology - Food Technology

AGRICULTURE 8477061540, 9451350323, 9758531198
• B.Tech - Agricultural Engineering
• M.Tech - Farm Machinery & Power Engineering - Soil & Water Conservation Engineering - Process & Food Engineering
• B.Sc. (Hons.) - Agriculture
• M.Sc. (Ag.) - Agronomy - Horticulture (Veg. Sci., Floriculture & Landscaping, Genetic & Plant Breeding)

POLYTECHNIC 7310703861, 9457636158, 8923771133
• Diploma in Engineering - Electronics Engineering - Electrical Engineering - Computer Engineering - Computer Engg (Artificial Intelligence) - Mechanical Engineering - Civil Engineering - Production Engineering - Refrigeration & Airconditioning
• Diploma in Engineering (2nd Year Lateral Entry)

nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK

SCIENCES 8279818760, 9259410042, 8077580771
• B.Sc. - 3 yrs.
• B.Sc. (Hons. with Research) - 4yrs. - Physics - Zoology - Chemistry - Botany - Mathematics - Home Science
• M.Sc. - Physics - Zoology - Chemistry - Botany - Mathematics - Home Science

HUMANITIES 9997473840, 7505488018, 7906392179
• BA -3 Yrs.
• BA (Hons. with Research) - 4yrs - English - Hindi - Economics - Sociology - Geography - Education - Political Science - Home Science - History - Sanskrit
• MA - English - Hindi - Economics - Sociology - Geography - Education - Political Science
• Master of Social Work (MSW)
• B.Lib. M.Lib.
• BA (Journalism)
• MA (Journalism)

EDUCATION 8126543884, 7906512226, 8445230387
• BA-B.Ed.- ITEP (Foundation/Preparatory/Secondary) • B.Ed.
• B.Sc.-B.Ed.- ITEP (Foundation/Preparatory/Secondary) • M.Ed.

LAW 8791491123, 9837589666, 9412565607
• B.A.-LL.B. • B.B.A.-LL.B.
• LL.B. • LL.M.

SPECIAL FACILITIES
• Free Uniform to the students
• Fee waiver to meritorious students
• Separate Hostels for Girls and Boys
• Career- Oriented and Skill Development Courses
• Convenience of lift in most of buildings of the University
• Banking facility with ATM
• Post Office facility on Campus
• Wi-Fi / Internet facility
• Canteen / Cafeteria facility for students
• Medical facility (Dispensary and Ambulance)
• Sports facility (In-door & Out-door games)
छात्राओं के लिए ट्यूशन फीस में 10% की छूट
SUNDAY OPEN
Free Bus Service for Pick and Drop from the City and places nearby, namely, Hasanpur, Gajraula, Dhanaura, Nauganva Sadaat, Amroha, Bilari, Chandausi, Kanth, Seohara, Sherkot, Dhampur, Nagina, Noorpur, Ganva, Chandpur, Singhpur Sahni, Asmoli, Sambhal, Rampur, Thakurdwara, Milak, Behjoi, Bisauli, Saidnagli, Dilari, Shahbad, Tanda, Bhawalpur, Agwanpur, MDAColony and Lajpatnagar.
Telephone- 9639004077, 9837504666, (0591)- 2360817/18
E-mail : admissions@iftmuniversity.ac.in Website : www.iftmuniversity.ac.in

CMYK

# किरतपुर पुलिस को बड़ी सफलता

## 24 घंटे के भीतर मोबाइल की दुकान में चोरी का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोबाइल की दुकान में हुई चोरी की घटना का मात्र 24 घंटे के भीतर खुलासा कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान भी बरामद किया है।



मौहल्ला हसनपुरा निवासी मौहम्मद इनाम ने पुलिस को दी तहरीर बताया था कि चोर उनकी मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर नए एवं पुराने मोबाइल, मोबाइल एसेसरीज तथा नकदी चोरी कर ले गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए विशेष टीम का गठन किया। एसपी के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने गहन जांच, सुराग एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना का सफल खुलासा करते हुए मौहल्ला अफगानान निवासी सलमान पुत्र नूरहसन को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी किए गए 08 मोबाइल फोन, 02 ब्लूटूथ डिवाइस, 03 ईयरबड्स, 10 मोबाइल चार्जर तथा 01 पावर बैंक बरामद किया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी भी की गई है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने 2/3 जून की रात को मौहल्ला कोटला स्थित मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। उसने बताया कि वह चोरी किए गए सामान को बेचने के लिए नजीबाबाद ले जाने की तैयारी कर रहा था, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस की इस सफलता की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की सक्रियता और तत्परता के कारण चोरी की घटना का शीघ्र खुलासा संभव हो सका। पुलिस द्वारा की गई इस प्रभावी कार्रवाई से अपराधियों में भय तथा आमजन में सुरक्षा का विश्वास और मजबूत हुआ है। पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

## पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण

**नजीबाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्या टेलीलिंक एवं जल जीवन मिशन के कार्यालय परिसर में एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ महाप्रबंधक विजेंद्र कौशिक ने कहा कि पृथ्वी को हरा-भरा बनाने और प्राकृतिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन में वृक्षों की भूमिका सबसे अहम है। वृक्ष न केवल पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते हैं, बल्कि स्वच्छ वायु और जल संरक्षण में भी सहायक हैं। वहीं, वरिष्ठ महाप्रबंधक संजय हाडू ने बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का जिक्र करते हुए सभी से अपील की कि वह अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने और उसे विकसित करने का संकल्प जरूर लें। प्रबंधक विष्णु सिंह ने स्पष्ट किया कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर दिया कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल करना ज्यादा जरूरी है। सेफ्टी ऑफिसर शाने अब्बास ने कार्यस्थल पर हरित वातावरण बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण ही स्वस्थ जीवन की असली नींव है। इस मौके पर उपस्थित जल जीवन मिशन की स्टोर टीम के कौशल सिंह, अंकित कुमार, कृष्णा नैनवाल, वरिष्ठ अभियंता अजय सिंह, सुनील कुमार, करण यादव, नरपाल सिंह, कामेश्वर प्रसाद, महेश कुमार, मौहम्मद नाजीर और धीर सिंह सहित अन्य कर्मचारियों ने पौधों की देखभाल का प्रण लिया।

## एक नजर

### क्रिसेंट स्कूल में वृक्षारोपण



**चांदपुर।** बसी किरतपुर स्थित मुस्लिम फंड रजिस्टर्ड द्वारा संचालित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। विद्यालय में शिक्षकों ने पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया एकेडमिक हेड शहजाद खान ने बताया कि यह निर्णय लिया गया है कि विद्यालय परिसर तथा विद्यालय के आसपास के क्षेत्रों में एक हजार वृक्ष लगाए जाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण को सुरक्षित, स्वच्छ और हरित बनाना तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि बढ़ते हुए प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्याओं को नियंत्रित करने में वृक्षारोपण की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की आवश्यकता है। सभी ने इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ ली। इस अवसर पर अध्यापक सारिम फरहत, अध्यापिका रुकय्या, इस्मत खान, जेबी परवीन, आलिशा, जुबैर सैफी इनके अतिरिक्त रजत कुमार, मुजम्मिल तथा अरविंद प्रमुख रूप से शामिल रहे। उधर अध्यक्ष साइम राजा ने भेजे अपने एक संदेश में इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन पर प्रशंसा करते हुए पर्यावरण दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी। क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम है, जो समाज में हरियाली और जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी।

### विद्युत उपकेंद्र गंज में पौधारोपण



**बिजनौर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्युत उपकेंद्र गंज परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिशासी अभियंता अजय कुमार कैम, उपखंड अधिकारी अरविन्द बिन्द तथा अवर अभियंता मदन सैन ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की देखभाल करने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने भी पौधारोपण में सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। अधिकारियों ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

### सहसपुर नगर पंचायत में पौधारोपण




**सहसपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती नाहिद परवीन और वरिष्ठ समाजसेवी हाजी अमजद अली अंसारी ने संयुक्त रूप से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर पंचायत में पौधा रोपण किया। यह आयोजन भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी 'एक पेड़ मां के नाम' महाअभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपनी मां के सम्मान में पेड़ लगाना और पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाना है। विश्व पर्यावरण दिवस प्रत्येक वर्ष पांच जून को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। आज बढ़ते प्रदूषण, वनों की कटाई, जल संकट और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। ऐसे में पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा एनसीसी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर पर्यावरण और स्वच्छता को लेकर एक नई जागृति पैदा करना था, ताकि वे भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकें। एनसीसी अधिकारी कैप्टन अशोक कुमार ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें और समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति अलख जगाएं। इस मौके पर एनएसएस छात्र इकाई के परियोजना अधिकारी मौहम्मद आरिफ ने विद्यार्थियों को पर्यावरण का महत्व समझाते हुए कहा पर्यावरण 'परि+आवरण' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है हमारे आसपास का वह प्राकृतिक आवरण जो हमें चारों ओर से घेरे हुए है। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक नैतिक जिम्मेदारी है। संगोष्ठी के दौरान मंच पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक और शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं, जिन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस के स्वयंसेवकों ने पर्यावरण को दूषित होने से बचाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया।

## 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम



**नहटौर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नहटौर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कोतवाली देहात रोड पर संपन्न हुआ, जहां पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस पुनीत कार्य में फहाद शेख, सोनू, सलमान, सादिक और फैजान जहीन अंसारी सहित कई स्थानीय लोग शामिल हुए। सभी उपस्थित सदस्यों ने पर्यावरण को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों ने इस बात पर जोर दिया कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा और उचित देखभाल भी आवश्यक है। उनका उद्देश्य था कि ये पौधे बड़े होकर वृक्ष का रूप ले सकें और पर्यावरण में सकारात्मक योगदान दें।

# चिंतन शिविर में पहुंचें किसान

## अमेरिकी डील भारत के किसानों के लिए घातक : टिकैत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** किसान चिंतन शिविर को सफल बनाने के लिए गौरव टिकैत ने किसानों से चिंतन शिविर में अधिक से अधिक से संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने किसानों से संगठित रहने की अपील की।

प्राप्त समाचार के अनुसार नांगल-चंदक मार्ग पर स्थित एक बैंकट हाल में भारतीय किसान यूनियन की बैठक हरिद्वार में आयोजित होने वाले किसान चिंतन शिविर को सफल बनाने के लिए आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत ने कहा कि सभी पदाधिकारी अनुशासन में रहकर संगठन को आगे बढ़ाने का काम करे। सरकार ने बिजली की दरें बढ़ा दी है। किसान तमाम समस्या से जूझ रहा है। आज किसान की संगठित रहने की जरूरत है। अब सरकार किसान को अपना वोट नहीं मानती है। जिस दिन किसान अपने वोट की सही पहचान कर लेगा, उस दिन सरकार नतमस्तक हो जाएगी। आज देश में हजारों किसान संगठन बन गए, फिर भी किसान परेशान है। पूंजीवादी व्यवस्था में खेती करना आसान नहीं है। सरकार ने अमेरिका से कई फसलों के उत्पादन की डील की है।

अमेरिका विकसित देश है। वह अपने देश के किसानों को लाखों की सब्सिडी देता है। जिस कारण वहां के किसानों की लागत बहुत कम आएगी, यह डील भारत के किसानों के लिए घातक है।

उन्होंने सभा में मौजूद किसानों से 16 जून से 18 जून तक हरिद्वार में होने वाले किसान चिंतन शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

सभा की अध्यक्षता मास्टर नैपाल सिंह ने की। संचालन नरदेव सिंह ने किया। इस दौरान प्रदेश सचिव दिनेश कुमार, जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान, युवा जिलाध्यक्ष मनप्रीत संधू, ईशुराज राणा, राजेंद्र सिंह। जयप्रकाश राजपूत, अजय कुमार, सोनू विरम, विपिन कुमार, हुकम सिंह, बाबूराम तोमर, राहुल चौधरी, सत्यपाल सिंह। अभिषेक कुमार, नीटू चौधरी, करतार सिंह। संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# विवाहिता की उपचार के दौरान मौत

## परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** दहेज के लिए एक विवाहिता की प्रताड़ना और अंततः संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के भाई कार्तिक ने दर्जनों लोगों के साथ मिलकर नहटौर थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगीना क्षेत्र के गांव धीमारेड़ी निवासी मृतका प्रियंका की शादी 16 अक्टूबर 2018 को नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम शमशाबाद निवासी दीपांशु के साथ हुई थी। पीड़िता के भाई का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालिया उसे दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। परिजनों का आरा. ेप है कि 23 अप्रैल 2026 को प्रियंका की मां ने उसे फोन किया, तो पति दीपांशु ने फोन उठाया। उस समय मां को फोन पर प्रियंका के रोने और चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। पूछने पर पति ने बात नहीं कराई और कहा कि प्रियंका का गला दुख रहा है, उसे डॉक्टर के पास ले जा रहे हैं। इसके बाद उसे बिजनौर, मेरठ और नोएडा के विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया, जहाँ से हालत गंभीर होने पर अंत में उसे एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया। 11 मई 2026 को एम्स ऋषिकेश में प्रियंका की मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि उन्हें बाद में पता चला कि प्रियंका की मौत जहर के कारण हुई थी, जिसे ससुराल पक्ष के लोग अब तक छिपा रहे थे। पीड़ित परिवार का कहना है कि उन्होंने संबंधित थाने में इस घटना की पूरी जानकारी दी थी। इसी को लेकर शुक्रवार की सांय दर्जनों लोग थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। कोतवाल रविन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि मृतका के भाई से साक्ष्य मांगे गए है। साक्ष्यों के आधार पर ही कार्रवाई होगी।

# कृषि विज्ञान केंद्र नगीना में वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. के.के. सिंह, डॉ. प्रतिमा गुप्ता एवं डॉ. पिन्टू कुमार ने उपस्थित किसानों को पर्यावरण सुरक्षा के लिए पेड़-पौधों के महत्व, हरी खाद व नवरत्न हरी खाद के प्रयोग और खेती में प्राकृतिक व जैविक अवयवों को शामिल करने की विस्तृत जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को फसलों की मांग के अनुरूप पोषक तत्व प्रबंधन करने की सलाह दी, साथ ही आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रत्येक किसान को




अपने खेत पर वर्मीकम्पोस्ट, अजोला और प्राकृतिक खेती से संबंधित इकाइयां स्थापित कर घर पर ही जैविक रसायन व जैव खाद बनाने के लिए प्रेरित किया।

# दिल्ली में 18 नमो ऑक्सीजन पार्कों की शुरूआत, इसी वर्ष लगेंगे 15 लाख पेड़

**नई दिल्ली, वार्ता**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 18 नमो ऑक्सीजन पार्कों का उद्घाटन करते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कई पर्यावरणीय पहल शुरु की।

यादव ने यहां मैदनगढ़ी स्थित नमो ऑक्सीजन पार्क में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता में कमी और भूमि क्षरण मानवता के समक्ष तीन बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियां हैं और इन चुनौतियों के बीच भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व के कारण ही देश ने सौर ऊर्जा, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस तथा रामसर आर्द्रभूमि स्थलों के विस्तार जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां



हासिल की हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास और जनभागीदारी आवश्यक बताते हुए उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख किया और कहा कि यह अभियान वृक्षारोपण को जन-आंदोलन में बदलने में सफल रहा है। उन्होंने नागरिकों से पौधारोपण के साथ-साथ पेड़ों के संरक्षण और देखभाल की भी अपील की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ऋसीएक्यूएमऋ वायु प्रदूषण के प्रमुख ्रोतों से निपटने के लिए अनेक कदम उठा रहे हैं। इनमें ऑनलाइन निरंतर उत्सर्जन निगरानी प्रणाली, वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों की स्थापना, सड़कों की मशीनीकृत सफाई तथा इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना शामिल है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में विकसित किए गए 18 नमो ऑक्सीजन पार्क शहरी हरित 'फेफड़ों' के रूप में कार्य करेंगे तथा वायु गुणवत्ता में सुधार, जैव विविधता संरक्षण और नागरिकों को प्रकृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। श्री यादव ने कहा कि पर्यावरण सरंक्षण के लिए जो भी कदम उठाए जा रहे हैं ए सारे प्रयास राजधानी में पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता प्रबंधन और सतत विकास को मजबूती प्रदान करेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए हरित क्षेत्र के विस्तार को जरूरी बताया और कहा कि दिल्ली सरकार ने इस वर्ष पूरे शहर में 15 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान की सफलता के लिए पौधों की देखभाल और संरक्षण में भी जनभागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए 2026-27 से 2036-37 तक की कार्ययोजना, असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य की प्रबंधन योजना तथा दिल्ली बर्ड एटलस का भी विमोचन किया गया।

## सुरक्षित अमरनाथ यात्रा के लिए पहचान एप लॉन्च

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा के दौरान पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 'अनंतनाग जिले में पहचान एप' लॉन्च किया है। यह एक क्यूआर आधारित मोबाइल एप्लिकेशन है, जिसका उद्देश्य यात्रा मार्ग और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर काम करने वाले सेवा प्रदाताओं का पंजीकरण और सत्यापन करना है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह एप्लिकेशन सेवा प्रदाताओं का तुरंत, मौके पर ही सत्यापन करने में सक्षम बनाता है और पंजीकृत एवं सत्यापित व्यक्तियों को अपंजीकृत लोगों से स्पष्ट रूप से अलग करके एक सुरक्षित माहौल तैयार करता है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि पहचान एप लॉन्च करने के पीछे मुख्य उद्देश्य सेवा प्रदाताओं के भेष में असामाजिक तत्वों के प्रवेश को रोककर यात्रा की अवधि के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है।

उत्तर रेलवे

(शुद्धि पत्र)

**विषय:**– मुरादाबाद मंडल के संकेत एवम् दूरसंचार के टेंडर की निविदा के शुद्धि पत्र सम्बन्ध में।

**संन्दर्भ:** इस कार्यालय का टेंडर नोटिस संख्या 47-Tele-PAS-Kumbh-2027, 35-Tele-CCTV-Kumbh-25-26, dated 29.05.2026

उक्त सन्दर्भ में मुरादाबाद मंडल की एस0 एंड टी0 शाखा के निम्न कार्य के लिए निविदा खोलने की तिथि में बदलाव किया गया है

| क्रम सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग पुरानी लागत रुपये (Rs.) | पुरानी अग्रिम धन रुपये (Rs.) | पुरानी निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए पुरानी अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 35-Tele-CCTV-Kumbh-25-26 | 214319362.69 | 4286400.00 | Nil | 25/06/2026, 15:00 |
| | कुंभ मेला 2027 के लिए LRJ-HW और HW-RKSH के बीच सभी रेलवे स्टेशनों पर CCTV की व्यवस्था। | लगभग नयी लागत रुपये (Rs.) | नयी अग्रिम धन रुपये (Rs.) | नयी निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए नयी अंतिम तिथि और समय |
| | | 214199679.94 | 4284000.00 | निल | 27/06/2026, 12:00 |

निविदा की अन्य नियम व शर्तों में काई बदलाव नहीं किया गया है। नोटः– निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

Tender Notice no.- 47-Tele-PAS-Kumbh-2027, 35-Tele-CCTV-Kumbh-25-26 Date: 05.06.2026 1938/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**पीएम मोदी...**

नहीं बेचने देते थे। उन्होंने 200 प्रतिशत का टैरिफ लगा रखा था, जिससे हार्ले-डेविडसन के लिए रास्ते बंद हो गए थे। आखिरकार कंपनी को भारत जाकर अपने खुद के प्लांट लगाने पड़े। जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण था, लेकिन ऐसा हुआ। यह सब मेरे कार्यकाल से पहले की बात है। उन्होंने कहा कि वे भी यहां मोटरसाइकिलें बेचते थे। क्या आप जानते हैं कि हम उनसे कितना शुल्क लेते थे? कुछ भी नहीं। और अब स्थिति इसके बिल्कुल उलट है। हम भारत के साथ काफी मुनाफा कमा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी आरोप लगाया कि भारत सालों से अमेरिकी नीतियों का फायदा उठा रहा था और भारी-भरकम टैरिफ वसूल रहा था। उन्होंने कहा कि वे हमारी कंपनियों से भारी मात्रा में टैरिफ वसूलते थे और हम उनसे कुछ भी नहीं लेते थे। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में एक अंतरिम द्विपक्षीय समझौते पर चार दिनों तक चली बातचीत को गुरुवार को पूरा किया है। भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने इस वार्ता के बारे में कहा कि व्यापार वार्ता सहयोग और व्यावहारिकता की भावना से भरी रही। दोनों पक्षों ने एक ऐसे पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर पहुंचने की प्रतिबद्धता दोहराई, जो द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करे।

# सहारनपुर में पेड़ से लटका मिला बजरंग दल जिला संयोजक का शव



## इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

शिवम वर्मा अपने परिवार के इकलौते पुत्र थे। उनकी तीनों बहनों का विवाह हो चुका है। करीब दो वर्ष पूर्व उनके पिता बालेश वर्मा का निधन हो गया था। पिता की मृत्यु के बाद शिवम ही अपनी मां का मुख्य सहारा थे। उनकी असामयिक मौत की खबर से परिवार पूरी तरह टूट गया है। नगर के सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों के साथ-साथ बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है।

### पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** मौहल्ला रईसान निवासी बजरंग दल के जिला संयोजक शिवम वर्मा का शव आज सहारनपुर जनपद के माता शाकुंभरी देवी क्षेत्र के जंगल में पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया तथा संगठन के कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 28 वर्षीय शिवम वर्मा पुत्र स्व.बालेश वर्मा अपनी मां गिरजेश देवी के साथ कुछ दिन पूर्व देहरादून स्थित रिश्तेदारी में गए हुए थे। परिजनों के मुताबिक बीती रात उन्होंने परिवार के साथ भोजन किया था। इसके बाद वह अपने कमरे में चले गए। बताया जाता है कि देर रात उनके मोबाइल पर किसी का कॉल आया, जिसके बाद वह घर से बाहर निकल गए। परिवार के अन्य सदस्य उस समय सो रहे थे। आज सुबह परिजनों को शिवम घर में नहीं मिले। काफी तलाश के बावजूद उनका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था। इसी दौरान माता शाकुंभरी क्षेत्र के जंगल में एक युवक का शव पेड़ से लटका होने की सूचना पुलिस को मिली। शव की शिनाख्त शिवम वर्मा के रूप में हुई। सूचना मिलते ही परिजन और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए।

घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि शिवम बिना किसी जानकारी के घर से निकले थे, जिससे घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं पर पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों के संबंध में स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण

### पर्यावरण संरक्षण की दिलाई शपथ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व सीएचसी अधीक्षक डा. बीके स्नेही ने किया। इस दौरान अस्पताल परिसर में अमरूद, पीपल, जामुन, अनार एवं यूकेलिप्टस सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। डा. स्नेही ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ माताओं के प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त करने की एक प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने बताया कि इस अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 जून 2024 को दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में पौधारोपण कर की थी। जिसके बाद यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जनपद में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है और सभी विभागों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कर्मचारियों से पौधों की नियमित सिंचाई खाद एवं सुरक्षा की व्यवस्था करने की अपील की, ताकि लगाए गए पौधे भविष्य में छाया, स्वच्छ वातावरण और फल प्रदान कर सकें।

डा. स्नेही ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम केवल एक अभियान नहीं, बल्कि भावनात्मक संदेश है। जिस प्रकार मां जीवन का पालन-पोषण करती है, उसी प्रकार पेड़ भी मानव जीवन को संरक्षण और आधार प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

कार्यक्रम के अंतर्गत सीएचसी स्योहारा एवं क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रकृति से प्रेरित होकर जलवायु और हमारे भविष्य की रक्षा विषय पर गोष्ठियों का आयोजन भी किया गया। गोष्ठी में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण तथा बढ़ते प्रदूषण के प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की।

इस मौके पर डा. स्नेही ने सभी कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और स्वच्छ पर्यावरण के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में डा.प्रणव कुमार, डा. हासिम, डा. राकेश कुमार, वीर सिंह राजेश कुमार, धीरेंद्र, मौहम्मद फारूख, जितेंद्र रावत, प्रदीप रावत, हरीश कुमार, योगेश कुमार, आलोक कुमार, राशि, अनम, दुशाला शर्मा, नीरज, अलका, अमृता, स्नेहा, राहुल, रियाज, जोगेश, सुमित कुमार, उमेश कुमार, रिंकू, दीक्षांत सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

# सावधान! बिना ओटीपी के उड़ाये 1.50 लाख

### सहसपुर में 7 दिन में दूसरी साइबर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** साइबर ठगों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। ठगी इस हद तक बढ़ चुकी है कि अब बिना किसी कॉल, ओटीपी या जानकारी साझा किए भी लोगों के बैंक खाते खाली किए जा रहे हैं।

सहसपुर में एक सप्ताह के भीतर साइबर ठगी की दूसरी बड़ी घटना सामने आई है, जिससे क्षेत्रवासियों में भय और चिंता का माहौल है। एक सप्ताह पूर्व स्थानीय मौहल्ला चौधरियान निवासी नसीम अहमद पुत्र अफजाल अहमद, जो लेस का कारोबार करते हैं, साइबर ठगी का शिकार हो गए थे। उनके बैंक खाते से 54,200 रुपए निकाल लिए गए थे। अब ताजा मामला मौहल्ला सरायकला निवासी इशरत अली पुत्र नाजिर अली का सामने आया है। पीड़ित के अनुसार उनके बैंक खाते में करीब 99,872 रुपए जमा थे, जो अचानक फोन-पे के माध्यम से कट गए। इसके बाद उनका फोन-पे ऐप भी काम करना बंद कर गया। परेशान इशरत अली स्टेट बैंक शाखा सहसपुर पहुंचे, जहां उन्हें पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई।

पीड़ित ने बताया कि अगले ही दिन उनके खाते से 48,380 रुपए और निकाल लिए गए, जिसके बाद उनका खाता पूरी तरह खाली हो गया। मोबाइल पर प्राप्त संदेशों के अनुसार रकम किसी तेजस्व नामक खाते में ट्रांसफर की गई है। खाते से रुपए कटने के संदेश देखकर उनके होश उड़ गए। इशरत अली का कहना है कि न तो उनके पास किसी प्रकार की कॉल आई और न ही उन्होंने किसी को ओटीपी, पासवर्ड या अन्य गोपनीय जानकारी साझा की। इसके बावजूद उनके खाते से पूरी रकम निकाल ली गई।

लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि अनजान लिंक, संदिग्ध ऐप और अज्ञात फाइलों से सावधान रहना चाहिए, क्योंकि साइबर अपराधी नए-नए तरीकों से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं।

इस संबंध में स्टेट बैंक सहसपुर के प्रबंधक सौरभ शुक्ला ने बताया कि बैंक का कार्य ग्राहकों को बैंकिंग सुविधाएं, स्टेटमेंट और धनराशि उपलब्ध कराना है। यदि किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है, तो इसकी शिकायत पुलिस, साइबर क्राइम विभाग अथवा हेल्पलाइन नंबर 1930 पर की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि फोन-पे, गूगल पे और अन्य डिजिटल भुगतान ऐप्स का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि कई मामलों में हैकर मोबाइल डिवाइस को ही हैक कर लेते हैं।

# सीएम योगी के जन्मदिन पर केक काटा

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के अवसर पर नगर पंचायत झालू में उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने केक काटकर मुख्यमंत्री के स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

कार्यक्रम के उपरांत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

लोकेंद्र चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और पौधारोपण के माध्यम से हम प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। इस दौरान अनुराग जोशी, मलखान सिंह, नवीन, कपिल जोशी, बिट्टू जोशी, अनिल शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता, नगर पंचायत प्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा और सभी ने प्रदेश की उन्नति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

# ओवरब्रिज निर्माण की राह में अड़चन

## लोड टेस्ट के बाद बेयरिंग क्षमता पर सवाल, दूसरे स्थान पर भी होगा परीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज निर्माण से पहले की गई मिट्टी की जांच में अपेक्षित परिणाम न मिलने पर विभाग ने दोबारा विस्तृत परीक्षण कराने का निर्णय लिया है। अब अधिक गहराई तक मिट्टी की जांच के साथ-साथ दूसरे संभावित स्थान पर भी बेयरिंग क्षमता का परीक्षण किया जाएगा।

स्योहारा-नूरपुर, चांदपुर-ठाकुरद्वारा राज्य मार्ग पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज के लिए पिछले कई सप्ताह से तकनीकी सर्वे और भू-वैज्ञानिक परीक्षण किए जा रहे हैं। चयनित स्थल पर गहराई तक ड्रिलिंग कर मिट्टी के नमूनों की जांच की गई थी। इसके बाद जमीन की भार वहन क्षमता परखने के लिए विशेष लोड टेस्ट भी कराया गया।

सूत्रों के अनुसार परीक्षण के दौरान मिले आंकड़ों के विश्लेषण में कुछ ऐसे बिंदु सामने आए हैं, जिनके चलते विशेषज्ञों ने अतिरिक्त जांच की आवश्यकता जताई है। अब और अधिक गहराई तक मिट्टी की जांच कर उसकी वास्तविक क्षमता का अध्ययन किया जाएगा। साथ ही दूसरे संभावित स्थान पर भी इसी प्रकार के तकनीकी परीक्षण कराए जाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी पुल की मजबूती, उसकी नींव पर निर्भर करती है। इसलिए सभी तकनीकी मानकों की पुष्टि होने के बाद ही निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा।

नगरवासियों के लिए यह ओवरब्रिज काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसके बनने से रेलवे फाटक पर लगने वाले लंबे जाम से राहत मिलने की उम्मीद है।

# बारिश और ठंडी हवाओं से राहत

## आसमान में छाए घने काले बादल, तापमान में गिरावट





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज सुबह मौसम ने अचानक करवट लेते हुए लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई। घने बादलों, हल्की बारिश और ठंडी हवाओं के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जिससे मौसम सुहावना हो गया। किसानों ने भी इस बारिश को फसलों के लिए लाभकारी बताया है।

आज सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। आसमान पर घने काले बादलों ने डेरा डाल लिया और ठंडी हवाएं चलने लगीं। सुबह करीब नौ बजे हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई, जो काफी देर तक जारी रही। बारिश और हवा के प्रभाव से जिले में तापमान में कमी दर्ज की गई और लोगों को उमस व गर्मी से राहत मिली।

पिछले कई दिनों से जिले में तेज धूप और भीषण गर्मी का दौर जारी था। दिन के समय तापमान लगातार ऊंचे स्तर पर बना हुआ था, जिससे आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया और लोगों ने राहत की सांस ली।

बारिश का असर कृषि क्षेत्र पर भी सकारात्मक माना जा रहा है। किसानों का कहना है कि यह वर्षा विशेष रूप से आम और गन्ने की फसल के लिए फायदेमंद साबित होगी। पर्याप्त नमी मिलने से फसलों की बढ़वार में मदद मिलेगी और सिंचाई पर निर्भरता भी कुछ हद तक कम होगी।

मौसम में आए इस बदलाव से जहां आम लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों को भी फसलों के लिए अनुकूल परिस्थितियां मिलने की उम्मीद जगी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना बनी रह सकती है।

# पांच सौ फलदार पौधे रोपित किए



**रेहड़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज भारतीय किसान यूनियन सामाजिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार भोले के नेतृत्व में संगठन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के ग्राम जाब्तानगर में प्रभात फेरी निकालकर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। ग्रामीणों से संवाद करते हुए भाकियू सामाजिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार भोले ने कहा कि बढ़ता तापमान, सूखते जलस्रोत और घटती हरियाली हमें यह सोचने पर मजबूर कर रहे हैं कि यदि आज हमने प्रकृति को नहीं बचाया, तो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संकट में पड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों की सांसों को सुरक्षित करने के लिए सभी ग्रामीण एक पौधा अवश्य लगाएं और वृक्ष बनने तक बच्चों की तरह उसकी परवरिश करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार भोले ने ग्राम में स्थित मढ़ी वाले प्राचीन मंदिर परिसर में पीपल और बरगद के पांच पौधे रोपित कर पौधारोपण अभियान की शुरुआत की। इसके पश्चात भाकियू सामाजिक के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने ग्राम जाब्तानगर निवासी संगठन कार्यकर्ता व पर्यावरण प्रेमी महेंद्र सिंह चौहान की 15 बीघा भूमि में आम, लीची, अमरूद आदि के 500 फलदार पौधे रोपित किए। इस दौरान भाकियू सामाजिक के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय सिंह, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निशु उजलान, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष अलका सिंह, पूनम रायसन, युवा जिलाध्यक्ष भूदेव सिंह, जिला प्रभारी ज्ञानचंद प्रजापति, ललित कुमार, धर्मेंद्र सिंह, लोकेंद्र, आशु चौधरी, हुकम सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### लवी अग्रवाल ने बांटी मिठाई



**नजीबाबाद।** वरिष्ठ भाजपा नेता शुभम अग्रवाल उर्फ लवी अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया। लवी अग्रवाल एवं ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल के द्वारा संयुक्त रूप से केक काटा गया। लवी अग्रवाल ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में हमें 400 से ज्यादा सीटें जीत कर प्रदेश में एक बार फिर योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाना है। इस मौके पर विनोद राठी, शिवम अग्रवाल सभासद, युनुस कुरैशी, अरविंद सलवान, विरेंद्र, रवि, विशाल गुप्ता, राकेश, जुनैद, कमल, बबलू आदि मौजूद थे।

### डा. एमपी सिंह ने काटा केक



**नूरपुर।** पालिका चेयरमैन डा. एमपी सिंह के आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी ने केक काटा। साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधे भी लगाए गए। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी एवं पालिका चेयरमैन डा. एमपी सिंह ने छायादार पौधे लगाते हुए उपस्थित लोगों को पर्यावरण की रक्षा का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी को हरा-भरा रखने का दायित्व सभी का है। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में बिना भेदभाव के विकास कार्य हो रहे हैं। इस मौके पर सभासद राजीव जोशी, अशोक राजपूत, गुरमीत सिंह, मुकेश भुइयार, विनोद कुमार, डा. गगनदीप सिंह, चौधरी रणवीर सिंह, सचिन चौधरी, जुगनू चौधरी, कमलेश कुमार, डा. नफीस गुलरेज अंसारी, डा. तकदीश अंसारी आदि मौजूद रहे। संचालन मुकेश भुइयार ने किया।

### एमएलसी अशोक कटारिया ने लगाए पौधे



**नूरपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर एमएलसी अशोक कटारिया ने ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान के साथ पौधा रोपण किया। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मानव जीवन की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं। इस मौके पर चौधरी सतवीर सिंह, धर्मेन्द्र जोशी, जसवंत सैनी, राशु चौहान, ग्राम प्रधान आफताब अहमद इदरीसी, खंड विकास अधिकारी दिनेश शर्मा आदि मौजूद थे।

### गोहावर में लगाए गए पौधे

**नूरपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर गोहावर के एक बैंकट हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर छायादार पौधे लगाए गए। वरिष्ठ भाजपा नेता कविश राणा ने कहा कि धरती को हरा-भरा रखने का दायित्व सभी का है। उन्होंने कहा कि अगर धरती पर मानव जीवन को बचाना है, तो हरियाली रखनी होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ईमानदारी के साथ रिकार्ड विकास कार्य करा रही है।

### घायल शानू की मौत

**नूरपुर।** ग्राम गोहावर निवासी मौहम्मद शानू देहरादून में ऑन लाइन डिलीवरी का काम करता था। उसकी बाइक में एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। उसका हायर सेंटर में इलाज चल रहा था। लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका और उसकी मौत हो गई। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

### जनसेवा केंद्र पर दस हजार की धोखाधड़ी



**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम आकू में स्थित एक जन सेवा केंद्र पर रुपए 10,000 की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ठगी का शिकार हुए केंद्र संचालक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम खंडसाल निवासी नितिन कुमार का ग्राम आकू में जन सेवा केंद्र है। सायं करीब सात बजे नितिन कुमार ने बताया कि एक अज्ञात युवक उनके केंद्र पर आया। युवक ने नितिन को बातों में फंसाया और झांसा देकर उनसे रुपए 10,000 नकद ले लिए। रुपये लेने के बाद आरोपी युवक वहां से फरार हो गया। कुछ देर बाद जब पीड़ित नितिन कुमार को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ, तो वह हैरान रह गए। उन्होंने तुरंत नहटौर थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। एसएसआई कुलजीत सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अज्ञात आरोपी की तलाश में जुट गई है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बरः- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# पति ने पत्नी की गर्दन चाकू से काटी

## फूफो के घर न जाने से नाराज था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** क्षेत्र में आज सुबह दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। पति ने मामूली नाराजगी पर अपनी पत्नी के गले पर चाकू से वार कर गंभीर घायल कर दिया।

पीड़िता रुकसार के अनुसार, वह अपने पति नासिर और तीन बच्चों के साथ मौहल्ला शाहचंदन में किराए के मकान में रहती है। वह पति के साथ मेरठ रिश्तेदार के यहां गई थी, लेकिन फूफो के घर न जाने पर विवाद बढ़ गया। देर रात लौटते समय जंगल के कच्चे रास्ते में पति ने चाकू से उसकी गर्दन पर वार कर दिया और फरार हो गया। हमले के बाद घायल रुकसार किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन उसे तुरंत सीएचसी स्याऊ लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

थाना चांदपुर प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार महिला का मेडिकल कराया गया है और तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बस-ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर

## ट्रैक्टर चालक की मौके पर मौत, शाहजहांपुर से जम्मू-कश्मीर जा रही थी बस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** मुरादाबाद मार्ग पर गोहावर चौराहे के पास आज तड़के बस और ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रैक्टर बुरी तरह से टूट गया।

मृतक की पहचान धीरेंद्र सिंह ठाकुर (50 वर्ष) पुत्र यशपाल सिंह निवासी ग्राम सतैय्या, थाना फतेहगंज, जनपद बरेली के रूप में हुई। धीरेंद्र बरेली से नूरपुर की राणा ट्रैक्टर एजेंसी के ट्रैक्टर नूरपुर ला रहा था। पीछे से आ रही एक निजी बस ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। बस शाहजहांपुर से जम्मू-कश्मीर मजदूरों को लेकर जा रही थी।




सूचना मिलते ही दौलतपुर चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और मृतक पड़े ट्रैक्टर चालक को 108 एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नूरपुर भिजवाया। बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बताए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, बस चालक शायद नींद में था। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। मृतक के परि. जनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष का व्हाट्सएप हैक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह का व्हाट्सएप अकाउंट हैक होने का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने उनके परिचितों को संदेश भेजकर पैसों की मांग शुरू कर दी है।

साकेंद्र प्रताप सिंह बिजनौर में भाजपा के जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। साइबर अपराधियों ने उनका मोबाइल हैक कर लिया। इसके बाद हैकर्स ने अध्यक्ष के नाम और प्रोफाइल का इस्तेमाल करते हुए 20 से अधिक परिचितों को व्हाट्सएप संदेश भेजे। इन संदेशों में विभिन्न बहानों से रुपये ट्रांसफर करने को कहा गया।

घटना की जानकारी मिलने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने तत्काल अपने परिचितों और समर्थकों को सतर्क किया। उन्होंने



## साइबर ठग परिचितों से पैसे मांग रहे

इस मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर, साकेंद्र प्रताप सिंह ने जनता से अपील की है कि यदि उनके नाम से व्हाट्सएप पर धनराशि भेजने का कोई संदेश प्राप्त होता है, तो उस पर विश्वास न करें और किसी भी प्रकार का भुगतान न करें।

# बिजनौर में आरक्षी भर्ती परीक्षा

## 31,968 अभ्यर्थी देंगे एग्जाम, 12 केंद्रों पर होगी परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आगामी 8, 9 और 10 जून को आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने इस परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं।

इसी क्रम में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक, बिजनौर ने कलेक्ट्रेट स्थित विदुर सभागार कक्ष में पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक गोष्ठी की। इस दौरान परीक्षा के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन बिजनौर में एएसपी देहात




प्रकाश कुमार ने परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को ब्रीफिंग दी। इसमें परीक्षा केंद्र प्रभारी, सीसीटीवी कंट्रोल रूम प्रभारी, फ्रिस्किंग एवं चैकिंग ड्यूटी में लगे अधिकारी तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात पुलिस बल शामिल थे। एएसपी देहात ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया के दौरान फ्रिस्किंग और चैकिंग निर्धारित मानकों के अनुसार की जाए। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने, परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा यातायात एवं कानून-व्यवस्था पर विशेष नजर रखने के भी निर्देश दिए। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि परीक्षा के दौरान कोई भी अप्रिय घटना न हो। एएसपी देहात प्रकाश कुमार ने बताया कि भर्ती परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। जिले में इस पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 31,968 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह दस बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली शाम तीन बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी।

# वन क्षेत्रों में फसलों को रौंद कर नुकसान पहुंचा रहे हाथी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र में काफी समय से हाथियों के झुंड किसानों के खेतों में खड़ी गन्ने की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

क्षेत्र के ग्राम नियामतपुर निवासी ओमपाल सिंह, नेपाल सिंह, राधे, तेजपाल सिंह, मुदित ने बताया कि अंधेरा होते ही हाथी ने किसानों के खेतों में पहुंचकर गन्ने की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया।

वही नारायणपुर निवासी जुल्फकार ने बताया कि हाथी ने उनकी लगभग 3 बीघा जमीन में खड़ी गन्ने की फसल को अपने पैरों तले रौंद दिया। किसानों ने कई बार वन विभाग के उच्च अधिकारियों को वन क्षेत्र की सीमा पर फैंसिंग तार लगाए जाने की मांग की है लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ऐसे में किसान अपने खेतों -की रखवाली कैसे करे।

राजगढ़ वन क्षेत्र की सीमा में गुलालवाली, गुढ़ा, नियामतपुर, कामगारपुर, रामपुर चाठा, सबलगढ़, पीतमगढ आदि आधा दर्जन से अधिक गांव के सैकड़ो किसानों की जमीन लगी हुई है किसान अपनी जमीन पर मेहनत करके फसल उगाते हैं और हाथी, नील गाय, माहे आदि जंगली जानवर उनकी फसलों को उजाड़ देते हैं, अपने पैरों तले रौंद देते है। इस तरह से किसानों की मेहनत पर पानी फिर जाता है और उन्हें आर्थिक स्थिति से गुजरना पड़ता है।

राजगढ़ वन रेंज के रेजर देव ऋषि सक्सेना का कहना है कि रात्रि में वन विभाग की टीम के द्वारा गश्त बढ़ाई जाएगी।

## एक नजर

### पैसे मांगने पर जानलेवा हमला

**नगीना।** ग्राम धर्मशानंगली में मकान के पैसों के लेन-देन को लेकर दो भाइयों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। पीड़ित महेंद्रपाल सिंह ने जब अपने भाई भूपेंद्र कुमार से मकान के हिस्से के ढाई लाख रुपए मांगे, तो आरोपी भूपेंद्र ने उन पर डंडे और गली से उठाई गई किसी नुकीली चीज से हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। बीच-बचाव के बाद आरोपी भूपेंद्र, उसकी पत्नी सुषमा और जयवंती पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर उपनिरीक्षक अजीत कुमार को मामले की जांच सौंप दी है।

### बेटियां होने पर तीन तलाक, मुकदमा दर्ज

**नगीना।** मौहल्ला कलालान निवासी नशरा नाज ने अपने पति अरशद, जेठ शाने आलम व मोबीन, ननद अफसाना व शाहीन और मुस्कान (निवासीगण पक्काबाग, बढ़ापुर) के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, जानलेवा हमला और फोन पर तीन तलाक देने के गंभीर आरोपों में नगीना थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि वर्ष 2022 में निकाह के बाद से ही ससुराल वाले कम दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित कर रहे थे और अतिरिक्त दहेज में 10 लाख रुपए की मांग कर रहे थे। पीड़िता के अनुसार, दो बेटियां पैदा होने पर उत्पीड़न और बढ़ गया तथा 01 दिसंबर 2025 को आरोपियों ने उसे जान से मारने की नियत से चाकू और लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसी दौरान सऊदी अरब में रह रहे उसके पति अरशद ने फोन पर उसे 'तलाक, तलाक, तलाक' कहकर तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, दहेज प्रतिषेध अधिनियम और मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उपनिरीक्षक सोहन सिंह पुंडीर को मामले की जांच सौंप दी है।

### रिमझिम बारिश से मौसम सुहाना

**नजीबाबाद।** आज सुबह सवेरे से आसमान में बादल छाने के बाद रिमझिम बारिश पड़ने से मौसम सुहाना हो गया। बारिश से गर्मी में झुलस रहे लोगों को काफी हद तक राहत मिली। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से सभी परेशान थे तथा गर्मी के कारण लोगों की रात की नींद व दिन का सुकून छीना हुआ था। बारिश होते ही लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। बारिश से बाजारों में कीचड़ व पानी फैल गया। बारिश के बाद बिजली के वोल्टेज व ट्रिपिंग की समस्या से भी लोगों को राहत मिली।

### बिलाई चीनी मिल ने निकाली प्रभातफेरी

**हल्दौर।** बिलाई चीनी मिल के यूनिट हेड विजयवीर सिंह की अगुवाई में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं पौधे रोपित के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रभातफेरी निकाली गई। इसके बाद अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिजनौर के सहायक पर्यावरण अभियंता सुनील कुमार यश, कनिष्ठ अभियंता आशीष शर्मा, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमित कुमार पाण्डेय तथा उप आबकारी निरीक्षक दीनानाथ यादव भी उपस्थित रहे। सभी ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जल, वायु एवं भूमि को प्रदूषण से बचाने तथा कम से कम दस पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने की शपथ ली। यूनिट हेड ने कहा कि वायुमंडल में कार्बन उत्सर्जन को कम करने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपित करना आवश्यक है। उन्होंने सभी से पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक उत्पादन पंकज कुमार अग्रवाल, इंजीनियरिंग हेड गोपाल त्यागी, एडमिन एंड सिक्योरिटी हेड कपिल त्यागी, आईटी हेड अनुज शर्मा, अकाउंट हेड संजय कुमार गुप्ता, लैब हेड विजयवीर सिंह, एचआर हेड संजय गोयल, स्टोर हेड नीरज कुमार तथा पर्यावरण एवं सुरक्षा विभाग हेड सुधीर पंवार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# डंपर चालक की लापरवाही से बाइकें भिड़ी, चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ठाकुरद्वारा मार्ग पर तेज रफ्तार डंपर की लापरवाही से बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे में दो बाइकों पर सवार चार लोग घायल हो गए। जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम टांडा निवासी दो युवक बाइक से स्योहारा आ रहे थे। इस दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सामने से आ रही दूसरी बाइक से जा भिड़ी। दूसरी बाइक पर भी दो व्यक्ति सवार थे। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग घायल हो गए। घटना के बाद चालक डंपर समेत फरार हो गया। घायल काफी देर तक सड़क पर पड़े रहे। बाद में राहगीरों ने मानवता दिखाते हुए घायलों को एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने दो घायलों की गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है। घटना की सूचना मौके पर मौजूद पत्रकारों द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और फरार डंपर की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने घायलों के उपचार में भी सहयोग किया। समाचार लिखे जाने तक घायलों की पहचान नहीं हो सकी थी। टांडा निवासी दो युवकों के घायल होने की पुष्टि हुई है, जबकि दूसरी बाइक पर सवार दोनों व्यक्तियों के नाम और पते की जानकारी नहीं मिल सकी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्योहारा-ठाकुरद्वारा मार्ग पर डंपरों की तेज रफ्तार लंबे समय से दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर गति नियंत्रण नियमित जांच और यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

# डिवाइडर में टकराई बस, एक की मौत

## 30 घायल, लखीमपुर खीरी से देहरादून जा रही बस में 65 यात्री थे सवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** आज तड़के करीब तीन बजे एक तेज रफ्तार निजी बस डिवाइडर में जा घुसी। हादसे में लखीमपुर के एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 30 लोग घायल हो गए। बस में करीब 65 यात्री सवार थे।



घटना जिला मुख्यालय से लगभग 23 किलोमीटर दूर गांगन नदी पर बने पुल के डिवाइडर से टकराने के कारण हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बस के परखच्चे उड़ गए।

हादसे में घायल हुए लगभग 30 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। गंभीर रूप से घायल आठ लोगों को बिजनौर रेफर किया गया है। मृतक की पहचान लगभग 30 वर्षीय राकेश पुत्र शम्भू निवासी ग्राम टाहरा थाना धौरहरा, लखीमपुर खीरी के रूप में हुई है। यह बस लखीमपुर खीरी से देहरादून जा रही थी। घटना जिला मुख्यालय से लगभग 23 किलोमीटर दूर कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में हुई। लखीमपुर खीरी के कई थाना क्षेत्रों के कुल 29 लोग घायल हुए है। इनमें ग्राम टाहरा थाना धौरहरा निवासी राकेश पुत्र शम्भू (मृतक) तथा रामप्रसाद पुत्र शम्भू, ग्राम बगलाकुटी थाना निघासन निवासी 25 वर्षीय बब्लूराज पुत्र छेल बिहारी, ग्राम दरेरी थाना पड़ुआ निवासी विनय कुमार पुत्र टेकराम कश्यप, शिवलाल पुरवा थाना पड़वा निवासी रामदुलारे पुत्र ज्वाला प्रसाद, धोबी पुरवा थाना मजगई निवासी अमन कुमार पुत्र रामशरण, दरेरी थाना निघासन निवासी 30 वर्षीय शत्रुघ्न पुत्र सगड़ू, 52 वर्षीय राजाराम पुत्र कृष्ण कुमार, 35 वर्षीय सोमरनलाल पुत्र गोकरन प्रसाद, अंगद पुत्र ब्रजकिशोर तथा 22 वर्षीय विकास कुमार पुत्र बाबूराम शामिल हैं।

इसके अलावा ग्राम बिरको. लिया थाना पड़ुआ निवासी जयप्रकाश पुत्र भोलेनाथ एवं उनकी पत्नी पूजा, मगरेपुरवा थाना कोतवाली सदर निवासी विकास मौर्य पुत्र जगदम्बा प्रसाद, बंजरगढ़ थाना निघासन निवासी पम्मी देवी पत्नी जगजीवन, उनकी 6 वर्षीय पुत्री अंशिका तथा हेमकुमार पुत्र जगजीवन भी घायल हुए हैं। इसी क्रम में लोनियन पुरवा थाना पड़वा निवासी 19 वर्षीय रामरूप पुत्र रामविलास, कस्बा एवं थाना कलीनगर जनपद पीलीभीत निवासी 25 वर्षीय गुड्डू पुत्र शब्बीर अहमद, चांदनी चौराहा थाना पलिया निवासी 36 वर्षीय निशा पत्नी वाजुद्दीन, ग्राम दरेरी थाना पड़वा निवासी 20 वर्षीय सोनू सिंह पुत्र वारेलाल, बनगऊथा थाना पड़वा निवासी 24 वर्षीय संदीप कुमार पुत्र दयाराम, ग्राम पौथेपुरवा थाना भीरा निवासी 40 वर्षीय सुगरपाल पुत्र गुलजार सिंह, धूधापुरा थाना पड़ुआ निवासी सुमेश कुमार पुत्र मौजीलाल, बनगऊआ थाना पड़वा निवासी 22 वर्षीय सोनू पुत्र दयाराम, ग्राम श्रीनगर लडुवा थाना पलियाबेहड़ निवासी 40 वर्षीय गंगासागर पुत्र जमुना प्रसाद, बुद्धापुरवा थाना निघासन निवासी 30 वर्षीय प्रमोद कुमार पुत्र सुन्दरलाल, ग्राम दुलही थाना पड़वा निवासी 18 वर्षीय आकाश कुमार पुत्र डोरेलाल तथा रोशनी पत्नी दिनेश निवासी लखीमपुर खीरी भी शामिल हैं।

सीओ नगीना ने बताया कि घटना की जानकारी सुबह करीब 3:15 बजे मिली थी। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नगीना के नए ईओ सतीश कुमार ने संभाला पदभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर पालिका के नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी ईओ सतीश कुमार ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालते ही उन्होंने नगर पालिका के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की।




शासन द्वारा जून माह में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए नगीना के तीन बड़े अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया गया है, जिसके तहत उपजिलाधिकारी एसडीएम, तहसीलदार और अधिशासी अधिकारी ईओ को बदला गया है। इसी क्रम में मूल रूप से अलीगढ़ के रहने वाले अधिशासी अधिकारी का श्रावस्ती से नगीना तबादला किया गया है। बैठक के दौरान अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार ने कार्यप्रणाली में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त न करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी और कर्मचारी शासन की मंशानुसार तथा नियमावली के तहत ही कार्य करें। ईओ ने कहा कि जनता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाए और सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ आम जनमानस तक पहुंचाया जाए। उन्होंने बताया कि जल निगम द्वारा किए जा रहे अधूरे काम को गति, तालाबों व सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण हटाने, पॉलीथीन पर रोक आदि को प्राथमिकता दी जाएगी।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्षा ताहिरा खलील ने नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार का स्वागत किया। उन्होंने ईओ को गुलदस्ता भेंट कर उनके सफल कार्यकाल और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अध्यक्षा ने उम्मीद जताई कि नए अधिकारी के नेतृत्व में नगर के विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

# गन्ना फसल प्रबंधन पर दिए वैज्ञानिक सुझाव

## खरपतवार नियंत्रण, संतुलित पोषण और कीट प्रबंधन पर हुआ विस्तार से मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों को आधुनिक खेती तकनीकों से अवगत कराने तथा फसल उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से अवध शुगर मिल के अधिशासी अधिकारी सुखबीर सिंह ने मिल परिसर में किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में कृषि एवं गन्ना विशेषज्ञों ने किसानों को वर्तमान मौसम के अनुरूप फसल प्रबंधन की जानकारी दी।



प्राप्त समाचार के अनुसार कार्यक्रम में गन्ना शोध एवं विकास से जुड़े विशेषज्ञों ने किसानों को पेडी एवं खड़ी गन्ना फसल की देखभाल, पोषक तत्वों के संतुलित प्रयोग तथा कीट एवं रोग नियंत्रण के संबंध में अधिशासी सुखबीर सिंह ने विस्तार से जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने बताया कि समय पर निराई-गुड़ाई कराने से खरपतवारों की बढ़ोतरी पर नियंत्रण पाया जा सकता है। जिससे फसल को पर्याप्त पोषण मिल पाता है और उसकी वृद्धि बेहतर होती है।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को बताया गया कि उर्वरकों का उपयोग मृदा की आवश्यकता के अनुसार किया जाना चाहिए। विशेषज्ञों ने पर्णीय छिड़काव की उपयोगिता समझाते हुए कहा कि आवश्यक पोषक तत्वों की उपलब्धता सुनिश्चित करने से गन्ने की बढ़वार और गुणवत्ता दोनों में सुधार संभव है। साथ ही खेतों में नियमित निगरानी रखने और मौसम के अनुसार कृषि कार्य करने की सलाह भी दी गई। गोष्ठी में कीट प्रबंधन पर विशेष चर्चा करते हुए विशेषज्ञों ने किसानों को टॉप बोरर सहित अन्य हानिकारक कीटों की रोकथाम के लिए वैज्ञानिक उपाय अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक ट्रैप तकनीकों के प्रयोग से कीटों की संख्या पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है। जिससे उत्पादन हानि को काफी हद तक रोका जा सकता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मिल प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कुछ स्थानों पर गन्ना खेतों में खरपतवार की अधिकता देखी गई है, जिसका सीधा प्रभाव फसल की बढ़वार पर पड़ता है। किसानों से अपील की गई कि वे समय रहते खेतों की साफ-सफाई, निराई गुड़ाई तथा सिंचाई संबंधी कार्य पूर्ण करें, ताकि बेहतर पैदावार के साथ अधिक लाभ प्राप्त किया जा सके। इस पर मिल प्रशासन एवं गन्ना विभाग से जुड़े अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर विशेषज्ञों से सीधे संवाद किया तथा अपनी कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान भी प्राप्त किए। अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि वैज्ञानिक सलाहों को अपनाकर किसान गन्ना उत्पादन एवं गुणवत्ता दोनों में उल्लेखनीय सुधार कर सकेंगे।

## आवश्यक सूचना

ग्राम पंचायत तेलीपाड़ा, तहसील नगीना में उचित दर की दुकान के लिए 18.06.2026 की अपराह्न 2 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। दिनांक 18.06.2026 को अपराह्न 2 बजे तहसील स्तरीय चयन समिति की बैठक में उपस्थित आवेदकों के समक्ष लॉटरी पद्धति से शासनादेश के क्रम में चयन की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी। सभी शर्तें उपजिलाधिकारी कार्यालय, नगीना में उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक इस संबंध में समस्त शर्तों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## सूचना आम

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा चेम्बर नं. सी-34, जिला जजी बिजनौर में है। मैंने अपने उक्त चेम्बर का बेचने का कोई सौदा किसी के साथ कभी नहीं किया। मेरे उक्त चेम्बर को खरीदने के संबंध में मौ. रिहान एडवोकेट पुत्र इरफान निवासी झालू, थाना हल्दौर, जिला बिजनौर द्वारा सरासर झूंठी एवं भ्रामक अफवाह फैलाई है, जो पूर्णतया निराधार है।

**निर्मल चन्द्र सरदार एडवोकेट पुत्र स्व. स्वरूप चन्द्र सरदार निवासी मौहल्ला शक्तिनगर कॉलोनी, ग्राम तैमूरपुर, थाना कोतवाली शहर, जिला बिजनौर।**

# साइबर ठगो ने खाते से दो लाख रुपये उड़ाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** साइबर अपराधियों ने एक व्यक्ति के बैंक एकाउंट से दो लाख रुपए साफ कर दिए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा, महल सराय निवासी सलीम अहमद पुत्र नाजिर अहमद का खाता नैनीताल बैंक धामपुर शाखा में है। पीड़ित के अनुसार उनके मोबाइल नंबर से जुड़ी गूगल आईडी एवं गूगल पे खाते का साइबर ठगों ने दुरुपयोग कर लिया। एक जून की शाम 4:46 बजे उनके खाते से एक लाख रुपए की रकम ट्रांसफर कर ली गई। इसके बाद 2 जून की शाम 5:08 बजे पुन: एक लाख रुपए की दूसरी ट्रांजेक्शन कर दी गई। पीड़ित का कहना है कि इन लेन-देन की जानकारी उन्हें किसी प्रकार के संदेश या सूचना के माध्यम से नहीं मिली। जब वह



बैंक पहुंचे और खाते की जानकारी प्राप्त की, तब उन्हें पता चला कि उनके खाते से दो लाख रुपए की राशि निकल चुकी है। इसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत कोतवाली धामपुर में दर्ज कराते हुए साइबर ठगी का आरोप लगाया। सलीम अहमद ने पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा उनकी धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शुगर मिल में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ

## 11 हजार पौधे रोपित करने का का लक्ष्य




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा के नेतृत्व में मिल परिसर में वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मानसून सत्र में लगभग 11 हजार पौधे रोपित करने का का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के प्रथम चरण में आज 1,100 पौधों का रोपण मिल के श्रमिकों, कर्मचारियों, अधिकारियों एवं श्रमिक प्रति. निधियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर आशीष शर्मा ने श्रमिकों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा वृक्ष ही जीवन हैं वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है, इसलिए सभी को बढ़-चढ़कर पौधारोपण करना चाहिए। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाने के लिए निर्देशित किया और दूसरों को भी वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने के लिए कहा।

वृक्षारोपण अभियान में संजीव कुमार, सुनील राणा, विकास अग्रवाल,अभय शर्मा, सत्यवीर सिंह, मनोज चौहान, मोहित वशिष्ठ, विवेक सिंह यादव, करुण अग्रवाल, अनुज मलिक, अजय पांडे, अमित मिश्रा, सुरजन सिंह, रणजीत सिंह हिमांशु शर्मा, लवकुश चौहान, विनोद बिष्ट, मुकेश कश्यप, पंकुल अग्रवाल, प्रवीण भारतीया, विनोद सिंह राणा, दुर्गेश राठौर, दिवाकर गुप्ता, एक्साइज इंस्पेक्टर साजिद अली, हारुण खान, सुरेश सिंह, योगेंद्र, सुरेंद्र, संजीव सिन्हा, सौरभ वर्मा, सोमपाल, भरत भूषण बरनी, स्मृति यादव, शरद गहलोत, भुवनेश, लविश, पर्यावरण टीम की ओर से वीरेंद्र सुपरवाइजर, अतुल माली, जयप्रकाश, लोकेंद्र, राजेश, पप्पू, भूपेंद्र आदि का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने उपस्थित श्रमिकों, कर्मचारियों अधिकारियों तथा यूनियन के प्रतिनिधियों को पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए शपथ दिलाई।

# द्वारिकेश समूह की चीनी मिलों में वृक्षारोपण

## अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** द्वारिकेश समूह की द्वारिकेश पुरम अफजलगढ़ और द्वारिकेश नगर बुन्दकी इकाई चीनी मिलों में पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अफजलगढ़ इकाई प्रमुख उमेश सिंह बिसेन व सुन्दरी मिल के सलिल स्वरूप आर्य के कर कमलों द्वारा किया गया।

चीनी मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा बुन्दकी चीनी मिल प्रांगण में गन्ना विभाग से एस.के. चौहान व यशपाल सिंह, महाप्रबन्धक-एच. आर. रिभू मालवीय एवं उप



महाप्रबन्धक-कार्मिक ए.के. सिंह एवं चीनी मिल के अशोक शर्मा, अरविन्द, आशीष सक्सेना, दीपक वर्मा, एस.के. राय, पलवेन्द्र सिंह, उप प्रबन्धक-सेफ्टी, चन्द्रशेखर प्रसाद, उप प्रबन्वक-पर्यावरण, उपदेश, यशवंत, केलाश भट्ट, सनुज कुमार, मुकेश शर्मा, तेजपाल सिंह, प्रभाष आदि एवं आसवनी से अमित कुमार, विवेक कुमार व अन्य अधिकारी / कर्मचारियों एवं बच्चों ने मिल एवं आसवनी परिसर में वृक्षारोपण किया।

अफजलगढ़ इकाई के मुख्य महाप्रबन्धक उमेश सिंह बिसेन व बुन्दकी इकाई प्रमुख सलिल स्वरूप आर्य ने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि द्वारिकेश समूह सदैव पर्यावरण संरक्षण में अपनी अहम भूमिका निभाता आ रहा है। समूह का प्रयास रहता है कि संस्थान के साथ-साथ आसपास के वातारण को भी हरा भरा रखा जाए तथा समस्त द्वारिकेश परिवार प्रकृति के संरक्षण में अपना सहयोग करे। वृक्ष हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इनके बिना मानव जीवन संभव नहीं है। जीवन के लिए स्वच्छ वातावरण बनाने में हर संभव प्रयास करें। प्लासटिक के उपयोग से बचें तथा पर्यावरण को स्वच्छ एवं शुद्ध रखने के लिए लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने की आवश्यकता है, जो मानव जीवन के लिए अति आवश्यक वृक्षारोपण के साथ एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेक विषयों पर चर्चा की गई तथा प्रस्तुति के साथ जोर शोर के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए कदम उठाने का प्रण लिया। इस अवसर पर द्वारिकेश शुगर मिल परिसर में आम, नीम, पीपल व जामुन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधारोपण किए।

# भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने ईओ के सामने रखी समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका के ईओ ओम गिरी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने नगर से संबंधित कई महत्वपूर्ण समस्याओं को उनके समक्ष रखा।

प्राप्त समाचार के अनुसार प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य रूप से मंदिर सौंदर्यीकरण, नगर की चिन्हित सड़कों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट के स्थानों का निर्धारण, सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाने और पिंड स्थल की सफाई व्यवस्था जैसी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। ईओ ओम गिरी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे इन सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराएंगे।

प्रतिनिधिमंडल में मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, मंडल उपाध्यक्ष कपिल शर्मा, मंडल कोषाध्यक्ष राहुल चौधरी और मंडल उपाध्यक्ष एवं नामित सभासद राजेश सैनी शामिल थे।

# वर्षों पुराना नीम का पेड़ काटे जाने से पर्यावरण प्रेमियों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर के आर्य समाज मंदिर के समीप स्थित एक निजी प्लांट परिसर में खड़ा वर्षों पुराना नीम का पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। पेड़ कटने की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों में नाराजगी व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि पेड़ को संबंधित विभाग की अनुमति के बिना काटा गया है, जिससे पर्यावरण प्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों में रोष है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आर्य समाज मंदिर के निकट स्थित प्लांट परिसर में खड़ा विशाल नीम का पेड़ पिछले कई वर्षों से क्षेत्र की पहचान बना हुआ था। पेड़ की छाया का लाभ आसपास के लोगों को मिलता था तथा यह पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता था। बताया जा रहा है कि हाल ही में उक्त पेड़ को काट दिया गया, जिसके बाद मामले की चर्चा नगर



## बिना अनुमति के पेड़ काटने का आरोप

में होने लगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हरे-भरे पेड़ों की कटाई के लिए वन विभाग अथवा संबंधित अधिकारियों की अनुमति आवश्यक होती है। यदि बिना अनुमति पेड़ काटा गया है, तो इसकी जांच कर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। लोगों ने प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर आवश्यक जांच कराने की मांग की है। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि लगातार पेड़ों की संख्या कम होने से पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में बिना उचित कारण और अनुमति के पेड़ काटना चिंता का विषय है। उन्होंने नगर क्षेत्र में हरित वातावरण बनाए रखने के लिए वृक्षों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

वहीं संबंधित विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यदि बिना अनुमति पेड़ काटे जाने की शिकायत प्राप्त होती है, तो मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर नगर में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# अहिल्या उद्धार के प्रसंगों का वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम टपरौला में चल रही श्री राम कथा के चौथे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। कथा व्यास पंडित राम रसिक महाराज ने महर्षि विश्वामित्र द्वारा राम-लक्ष्मण को वन ले जाने, ताड़का और सुबाहु वध, तथा अहिल्या उद्धार के प्रसंगों का वर्णन किया।

कथा के मुख्य यजमान सचिन चौहान और मनोरमा चौहान ने अपने परिवार के साथ व्यास पीठ और रामायण ग्रंथ का विधि-विधान से पूजन किया और आरती उतारी।

पंडित राम रसिक महाराज ने राजा दशरथ द्वारा अपने पुत्रों को ऋषि विश्वामित्र को सौंपने के प्रसंग पर समाज को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जब भी राष्ट्र और धर्म पर संकट आए, तो मनुष्य को पारिवारिक मोह का त्याग कर देना चाहिए।

महाराज ने आगे कहा कि राजा दशरथ ने बच्चों को महलों के ऐशो-आराम से निकालकर वन के कठिन मार्ग पर भेजा। यह



आज के माता-पिता के लिए सीख है कि वे अपनी संतान को केवल लाड-प्यार में न रखें, बल्कि उन्हें समाज की चुनौतियों का सामना करने और लोक-कल्याण के लिए योग्य व साहसी बनाएं। उन्होंने यह भी बताया कि सत्ता और धन से ऊपर हमेशा संतों और ज्ञान का स्थान होता है।

कथा व्यास ने पत्थर बनी अहिल्या के उद्धार का प्रसंग भी सुनाया। उन्होंने बताया कि प्रभु के चरणों की धूल स्पर्श करते ही अहिल्या का उद्धार हो गया, जो यह दर्शाता है कि भगवान केवल सच्चे भाव के भूखे हैं। कथा के पांचवें दिन प्रभु श्री राम के 'जनकपुरी आगमन', 'नगर भ्रमण' और 'धनुष यज्ञ (सीता स्वयंवर)' का प्रसंग सुनाया जाएगा। इस अवसर पर मनमोहक झांकी भी सजाई जाएगी।

इस दौरान मदनपाल सिंह, वरुण कुमार, रूपेश सिंह, हिमांशु चौहान, लोकेंद्र सिंह, जगदीश सिंह, पवन कुमार मीणा, वीरेंद्र सिंह, अभय प्रताप, कनिष्क, रजत, आशी, गोरी, नेहा, मुस्कान, महक, सुनीता देवी, आशा देवी, सावित्री देवी, ममता देवी, निर्मला देवी सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# कृषि विभाग ने यूकेलिप्टस और आम के पौधे लगाए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम सामीवाला में 'एक पेड़ मां के नाम' सरकारी अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। सहायक विकास अधिकारी कृषि विकास कुमार ने इस कार्यक्रम में पौधे लगाए। यह अभियान जिला बिजनौर में चार जून को वन महोत्सव के अवसर पर शुरू हुआ था।

इस पौधारोपण कार्यक्रम में यूकेलिप्टस और आम के पौधे लगाए गए। कृषि विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी इसमें भाग लिया। पौधे लगाने के साथ ही, स्थानीय युवाओं ने उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी संभाली। यह पहल सरकार की 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम का हिस्सा है, जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर शिक्षक अशोक जोशी ने मानव जीवन में वनों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रामीणों से वनों को बचाने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आग्रह किया। ग्रामीणों ने वनों की रक्षा करने का संकल्प लिया।

# बढ़ापुर वन रेंज के सहयोग से पौधारोपण

## विद्यार्थियों को गोष्ठी में वृक्षों की महत्ता बताई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** ग्राम कुंजेटा के प्राथमिक विद्यालय में बढ़ापुर वन रेंज के सहयोग से पौधारोपण के पश्चात गोष्ठी कर मानव जीवन में वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डाला गया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर प्राथमिक विद्यालय कुंजेटा में वन विभाग बढ़ापुर रेंज के सहयोग से विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। जिसमें सेब, अमरूद व नींबू आदि प्रजाति के पौधे रो. पित किए गए। इस मौके पर विद्यालय प्रांगण में हुई गोष्ठी में बढ़ापुर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी रमेश यादव ने मानव जीवन में वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डालते



हुए पेड़ों को प्रकृति का अमूल्य उपहार और मानव अस्तित्व का आधार बताया। उन्होंने कहा कि पेड़ हमें जीवित रहने के लिए शुद्ध ऑक्सीजन देते हैं और हानिकारक कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण का संत. ुलन बनाए रखते हैं। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका शबनम जमाल व वन दरोगा ज्योति चौहान ने स्वच्छ पर्यावरण के लिए पौधरोपण को अति आवश्यक बताते हुए अधिकाधिक पौधरोपण करने पर जोर दिया। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी रमेश यादव, विद्यालय की मुख्य अध्यापिका शबनम जमाल, वन दरोगा ज्योति चौहान, अभिषेक सिंह, सईद अहमद, एहसन रजा व संदीप कुमार आदि की मुख्य उपस्थिति रही।

## एक नजर

### मिलेनियम में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने कहा जीवन में हर व्यक्ति को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। विद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम कस्सार ने बच्चों को वृक्ष के महत्व के बारे में



बताया। वृक्ष मनुष्य के जीवन के लिए बहुत जरूरी है पर्यावरण को हरा भरा बने रहने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। इस दौरान हेमेंद्र कुमार, वीरेश कुमार, समर, देवेंद्री, धर्मवीर सिंह आदि स्टाफ शामिल रहे।

### वृक्ष पृथ्वी का आभूषण : डा. एनपी सिंह



**धामपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्रीराम ग्रुप आफ कॉलेज एंड हॉस्पिटल में वृक्षारोपण एवं विश्व पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंधक, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कॉलेज प्रबंधक डा. एनपी सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। डा. शिखा सिंह ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक होने एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या डा. ममता सिंह ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी का आभूषण है और इनके संरक्षण से ही मानव जीवन सुरक्षित रह सकता है। कार्यक्रम में डा. रविंद्र, डा.आकाश, सलोनी, चंचल, अंकुर, तनु ज्योति ने अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण संबंधी जागरूकता अभियान चलाया गया। अंत में सभी ने पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने का संकल्प लिया।

### नवादा केशो में पौधारोपण कार्यक्रम



**धामपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं सीएम योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर ग्राम नवादा केशो में सामूहिक रूप से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा हरित वातावरण के निर्माण का संदेश देना रहा। इस अवसर पर विधायक अशोक कुमार राणा ने पौधारोपण कर लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण बेहद आवश्यक है तथा प्रत्येक व्यक्ति को इस दिशा में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान, बीडीओ त्रिलोक चंद, एडीओ पंचायत विवेक शर्मा, एडीओ समाज कल्याण सतेंद्र कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज राणा, नैपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान नरेश कुमार, सचिव सहदेव, हिमांशु, त्रिवेंद्र, मनोज, मीरा, सनोमति, विवेक, रीना, उपदेश एवं रईस सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### 'प्लास्टिक मुक्त जीवन' की शपथ ली



**बिजनौर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड इंर्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी में विज्ञान विभाग ने 'प्रकृति से प्रेरित होकर-जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए' थीम पर वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक करना व प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में अवसर पर कॉलेज के संस्थापक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डा.परवेज अहमद खान व कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कॉलेज के प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि प्रकृति हमारी सबसे बड़ी शिक्षक है। हमें भी जलवायु व पर्यावरण की रक्षा के लिए नि:स्वार्थ भाव से काम करना होगा। यहीं हमारे भविष्य को सुरक्षित रखेगा। कॉलेज की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा पर्यावरण संरक्षण हमारी दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण हेतु प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम हेतु विद्यार्थियों के उत्साह की अत्यंत सराहना की। विद्यार्थियों व शिक्षकों ने एक पौधा एक जीवन के संकल्प के साथ अनेक पौधों जैसे नीम, पीपल, तुलसी, इलायची, अमरुद, आम आदि कॉलेज के प्रागंण में लगाए। विद्यार्थियों ने पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ के नारे लगाए व जलवायु संरक्षण हेतु 'प्लास्टिक मुक्त जीवन' की शपथ ली। विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डा. पूनम गुप्ता ने विद्यार्थियों को पेड़-पौधों से होने वाले लाभों की जानकारी दी।

# ग्राम कसेरवा में कब्रिस्तान पर होगी बुल्डोजर कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** ग्राम समाज की भूमि स्थापित कब्रिस्तान, मस्जिद और मज़ारों के ध्वस्तीकरण कर कब्ज़ा मुक्त कराने के अभियान में एक ओर कब्रिस्तान और मस्जिद पर बुल्डोजर जस्टिस की कार्रवाई होना तय हो गया है। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को तहसील ने टीम का गठन कर अदालत के आदेश का अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं।

**० तहसीलदार के आदेश का पालन कराने को गठित की टीम**

नखासा कोतवाली क्षेत्र स्थित ग्राम कसेरवा में गाटा संख्या 409 रकबा 0.028 है. ग्राम समाज की भूमि पर कब्रिस्तान पर बने होने के आरोप में तहसीलदार अदालत में चले वाद में 21 अप्रैल 2026 को बेदखली के आदेश पारित किए गए थे। बताया जा रहा हैं आदेश के इतने दिन बाद भी अवैध कब्जे को हटाया नहीं गया है। और न ही अपीलीय न्यायालय का ही कोई स्थग्नादेश ही प्रस्तुत किया गया है। जबकि बेदखली का आदेश हुए एक माह पन्द्रह दिन मा समय बीत गया है। ग्राम कसेरवा में गाटा सं. 409 रकबा 0.028 है. में कब्रिस्तान की भूमि के 0.0120 है. पर उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा-67 के अर्न्तगत तहसीलदार न्यायालय में वाद संत्रटी 20261374030418० ग्राम सभा बनाम जाकिर हुसैनप मस्जिद प्रबन्धक में योजित वाद में आदेश का अनुपालन कराने को शिवदयाल सिंह राजस्व निरीक्षक, पंकज गुप्ता राजस्व निरीक्षक, चन्द्रपाल सिंह राजस्व निरीक्षक, लेखपाल विनय यादव, र्स्पश गुप्ता, मुकेश कुमार यादव, ज्ञानेश कुमार, चम्पत सिंह, सुरेन्द्र सिंह, हरीश कुमार, देवेन्द्र सैनी, सचिन कुमार, गुन्नू बाबू की टीम गठित की गयी है। जबकि टीम का प्रभारी दीपक कुमार जुरैल नायब तहसीलदार सम्भल को बनाया गया है। गठित टीम को नखासा कोतवाली से पर्यापत पुलिस बल लेकर 6 जून को स्थलीय व अभिलेखीय परीक्षण कर तहसीलदार के 21 अप्रैल को पारित आदेश का अनुपालन कराकर बेदखली कराकर इसकी रिपोर्ट तहसीलदार को सौंपेगे। बुल्डोजर कार्रवई को नगर पालिका के ईओ को जे सी बी देने के आदेश दिए हैं।



सम्भल। गुन्नौर तहसील के गांव बाघऊ में मज़ार को ध्वस्त करता बुल्डोजर जस्टिस।

# ग्राम बाघऊ में मज़ार पर गरजा बुलडोजर जस्टिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**०ग्राम समाज की भूमि पर बने होने का था आरोप**
**०तहसीलदार गुन्नौर की अदालत से बेदखल के थे आदेश**
**०डीएम की अदालत से तीन जून को हुई अपील निरस्त**
**०राजस्व टीम व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में हुआ ध्वस्तीकरण**
**०डीएम व एसपी ने पहुंचकर लिया जायजा**

**सम्भल।** ग्राम समाज की अवैध कब्ज़ों वाली भूमि को मुक्त कराने का अभियान के तहत एक ओर मज़ार पर बुल्डोजर जस्टिस गरजा। ग्राम समाज की भूमि पर बने मज़ार को तहसीलदार की अदालत के आदेश के बाद डीएम की अदालत से मामला निरस्त होने पर बुल्डोजर से मज़ार को ध्वस्त किया गया। प्रशासन का दावा है कि उक्त भूमि नदी ओर कैचमेंट एरिया की है और इस निर्माण अवैध रूप से किया गया था।

तहसील गुन्नौर के ग्राम बाघऊ में गाटा संख्या 592 मि./1.046 हेक्टेयर में से 24 वर्ग मी. ग्राम समाज की भूमि पर खेरे वाले चमनशाह बाबा की दरगाह मज़ार शरीफ बना हुआ था। आरोप है कि मज़ार/दरगाह ग्राम समाज की भूमि पर अजीज पुत्र अल्लन निवासी बाघऊ ने अवैध रूप से बना ली थी। जिस पर तहसीलदार गुन्नौर रवि सोनकर की अदालत में चले मुकदमें में अजीज पुत्र अल्लन को क्षतिपूर्ति मु. 39000 रुपये तथा निष्पादन शुल्क 300 रुपये आरोपित करते हुए अवैध अध्यासन की बेदखली किये जाने का आदेश पारित किया गया था। तहसीलदार के आदेश के विरूद्व अपीलार्थी द्वारा जिलाधिकारी न्यायालय में अपील दायर की गयी थी। जिलाधिकारी न्यायालय ने 03 जून 2026 को आदेश जारी कर अपील को निरस्त कर दिया था। शुक्रवार को नायब तहसीलदार रजपुरा अनुज कुमार तथा राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा बुल्डोजर जस्टिस से मज़ार को ध्वसत कराकर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। ध्वसतीकरण कार्रवाई के दौरान जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा मौके पर पहुँच कर कार्रवाई का जायजा लिया। अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत तथा उप जिलाधिकारी गुन्नौर विकास चन्द्र तथा तहसीलदार गुन्नौर रवि सोनकर मौजूद रहे। बता दें कि जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने तालाबों और सार्वजनिक उपयोग की भूमियों पर किए गए अवैध कब्ज़ों के खिलाफ अभियान चलाकर कब्ज़ा मुक्त कराने के निर्देश दिए गए थे। डीएम के निर्देश पर अभियान को ओर तेज कर दिया गया है। जबकि आगे आने वाले दिनों मेंअवैध कब्ज़ों वाली भूमियों पर कार्रवाइ को ओर तेज किया जायेगा।

# जिसका मैं मौला हूं उसके अली भी मौला हैं

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** ईदे गदीर शिया मुसलमानों द्वारा मनाया जाने वाला एक प्रमुख इस्लामी त्यौहार है जो हर साल इस्लामी कलैन्डर के आखिरी महीने जिल हिज्ज की 18 तारीख को मनाया जाता है, यह दिन पैगम्बरे अकरम हजरत मौहम्मद (स.अ.) द्वारा हजरत अली को अपना उत्ताराधिकारी नियुक्त किए जाने की याद में मनाया जाता है।

कस्बे में हर साल की तरह इस साल भी ईदे गदीर का पूर्व पूरी अकीदत के साथ मनाया गया। इस मुबारक मौके पर इमामबारगाहों व मस्जिदों को विशो रौशनी से सजाया गया था। इसी सिलसिले में मनकबती महफिलों में शायरों ने हजरत अली की शान में कसीदे पढ़ेख दूसरी और उलेमाओं ने ईदे गदीर पर ब्यान देते हुए कहा कि इस्लामिक इशितहार के अनुसार पैगम्बरे इस्लाम अपनी अन्तिम हज यात्रा से वापस लौटते समय मक्का और मदीने के बीच गदीर खुम नाम के स्थान पर रूके और यहां उन्होने लगभग एक लाख से ज्यादा हाजियों को जमा कर हजरत अली का हाथ उठाकर यह घोषणा की थी कि जिसका मैं 'मौला हूँ अली भी उसके मौला हैं'। उलेमाओं ने कहा कि पैगम्बरे इस्लामने हजरत अली का अपना उत्तराधिकारी बनाने का ऐलान गदीर खुम के मैदान में किया था। इसलिए इसे ईदे गदीर के साथ ईदे अकबर यानी सबसे बड़ी माना जाता है। इस दिन विशेष नमाज पढ़ी जाती है। रोजा रखा जाता है और सदका भी दिया जाता है, लोग नए कपड़े पहनते हैं, घरों को सजाते हैं इेस्तो और रिश्तेदारों को दावत देते हैं। एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद कहकर गले मिलते हैं। उलेमाओं ने इमाम बारगाहों में आयोजित जश्न की महफिलों को खिताब करते हुए आगे कहा कि हम सबको मौला अली (अ.) की सीरत पर अमल करते हुए, गरीब, मिस्कीन, बेवा व यतीमों का खास ख्याल कर उनकी मदद करना चाहिए। साथ ही मजलूम के मददगार बनने और जालिमों के मुखालिफ खड़े होते हुए मौला अली की तालीमात पर अमल करना चाहिए। जियो अली की तरह मरो हुसैन की तरह।

**०कस्बा सिरसी में पूरी अकीदत से मनाया गया ईदे गदीर, विशेष रौशनी से जाए गए इमाम बारगाहें व मस्जिदें**

# पर्यावरण की रक्षा को एक पौधा अवश्य लगाएं: आदित्य प्रकाश

**०विश्व पौधारोपण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम रोपित**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**



सम्भल। सूर्यकुंड तीर्थ पर पौधारोपण कर सिंचाई करते ईओ आदित्य प्रकाश।



सम्भल। पौधारोपण करते नगर पंचायत अध्यक्ष कौसर अब्बास व डिप्टी कलेक्टर



बबराला-गंगाघाट राजघाट पर एक पेड़ मां के नाम का लगाते डीएम व एसपी।

**सम्भल।** विश्व पौद्यारोपण दिवस पर जनपद भर में पौधे लगाकर पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने और एक पौद्या अवश्य लगाने को जागरूक किया गया।

नगर पालिका परिषद सम्भल की ओर से सूर्यकुंड तीर्थ मंदिर परिसर में नवागत अधिशासी अधिकारी ने कर्मचारियों के साथ विभिन्न प्रजाति के पौद्ये लगाकर एक पौद्या अवश्य लगाने को प्रेरित किया। उन्होने कहा कि पर्यावरण दूषित होने से बचाने और पर्यावरण की रक्षा का पौद्यारोपण किया जाना ज़रूरी है। उन्होने मंदिर परिसर के अलावा अन्य स्थानों पर रोपित किए गए पौद्यों की सुरक्षा और देखभाल करने के भी कर्मचारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर कार्तिक यादव, जे ई अमन वर्मा, महिपाल सिंह, हरीश कुमार आदि मौजूद रहे। **सिरसी:**- में नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण करते हुए धरती पर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने व उनका संरक्षण सही ढंग से करने की अपील की। अध्यक्ष कौसर अब्बास व अधिशासी अधिकारी डिप्टी कलैक्टर आशुतोष तिवारी ने गौशाला के निकट संयुक्त रूप से पौद्यारोपण कर वनों को संरक्षण प्रदान करने व प्रकृति से छेड़-छाड़ न करने की अपील की। जिससे जीवनदाई ऑक्सीजन हमारे जीवन को सगुम बना सके और हमें जीवनदान मिल सके। उन्होने व्यर्थ में बह रहे पानी को बचाने की भी आवश्यकता बताई। ताकि आने वालीपीढ़ी भी इस पानी का इस्तेमाल कर सके। अधिशासी अधिकारी ने गौशाला का निरीक्षण भी किया तथा लेखा लिपिक रईस अहमद से गायों की संख्या उनके रख-रखाव की जानकारी कर गौशाला में सभी तरह की व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। **बहजोई:**- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बहजोई एथलेटिक्स क्लब के तत्वावधान में एक विशेष पर्यावरण जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि 5 जून को प्रात: 5 बजे क्लब के 5 सदस्यों ने 5 किलोमीटर की साइकिल यात्रा कर 5 औषधीय एवं उपयोगी पौधों का रोपण किया। अभियान में प्रतिभागी पांच प्रतिनिधि के रूप में सम्भव जैन, जय प्रकाश गुप्ता, राजीव गुप्ता, सुमित गुप्ता एवं अनुराग वार्ष्णेय ने सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नवीन पुलिस लाइन मार्ग पर स्थित बीएमबीएल जैन वर्ल्ड स्कूल परिसर में पंचमुखी गुड़हल, राम तुलसी, हरसिंगार, करी पत्ता एवं नींबू के पौधों का रोपण किया गया। इन पौधों का चयन उनके औषधीय, पर्यावरणीय एवं स्वास्थ्यवर्धक गुणों को ध्यान में रखते हुए किया गया। इस अवसर पर बीएमबीएल जैन ग्रुप के निदेशक सम्भव जैन ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस की थीम को ध्यान में रखते हुए आज पंच संकल्प के माध्यम से समाज को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया गया है। सम्भव जैन सभी नागरिकों से पाँच संकल्प अपनाने का आहवान किया जिसमें प्रतिवर्ष कम से कम पाँच पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने, जल संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाने और पानी की बर्बादी रोकने, प्लास्टिक एवं प्रदूषण को कम करने हेतु पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने, स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नहीं फैलाने एवं स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल, पैदल चलने और हरित जीवनशैली को बढ़ावा देने के संकल्प का रखा गया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े परिवर्तन का आधार बनते हैं। यदि प्रत्येक व्यक्ति इन पाँच संकल्पों को अपने जीवन में उतार ले तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया जा सकता है। अंत में क्लब के प्रतिनिधियों ने कहा कि आगामी वर्षों में इस अभियान को और व्यापक बनाया जाएगा तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक लोगों को इससे जोड़ा जाएगा।**बबराला:**-रोटरी क्लब बबराला गंगा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर में पौधारोपण किया रोटेरियन डा. राहुल यादव ने कहा कि सभी अधिाक से अधिाक पेड़ लगाए जिससे वातावरण शुद्व होता है पेड़ पौधे वातावरण को स्वच्छ रखने के साथ ही वर्षा में भी सहायक है वर्षा होने से जहां एक और गर्मी से रात मिलती है वही फसलों को सिंचाई का साधन मिलता है इस दौरान रोटेरियन मौजूद रहे। शुक्रवार को गंगाघाट राजघाट में वन विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर अधिकारियों ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन और पर्यावरण संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की आवश्यकता है। डीएम और एसएसपी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जनपद के लिए निर्धारित वृक्षारोपण लक्ष्य को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा, सिंचाई और नियमित देखभाल सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है, ताकि लगाए गए पौधो वृक्ष का रूप ले सकें। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित इस अभियान के माध्यम से प्रशासन ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने और प्रकृति को हरा-भरा बनाने का आहवान किया। कार्यक्रम में प्रभागीय वन अधिकारी प्रीति यादव,क्षेत्रीय वन अधाकारी ब्रजमोहन, माँ गंगा जन कल्याण समिति अध्यक्ष अतुल गोयल,कार्तिक गोयल,योगेन्द्र सिंह,उमेश वार्ष्णेय, जयपाल गुप्ता, सत्यम मिश्रा व थाना प्रभारी बबराला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम के रूप में डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में अधाकारियों और कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। यूनिट हेड उपेन्द्र कुमार तोमर और उनकी पत्नी अंशु तोमर ने शुरुवात की, गन्ना समिति रजपुरा के सचिव देवप्रकाश त्यागी, वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना इकबाल सिंह, राजन कुमार दीक्षित और रंजना दीक्षित, नैना दीक्षित, संजीव कुमार, अंशु , सारांश, अवतार सिंह, आंचल बिंदल, बिंदु बिंदल , कबीर, अमित अग्रवाल, निशा अग्रवाल सुधीर त्यागी, सिखा त्यागी, संतोष चौहान, सुषमा चौहान मन चौहान, अमित चौहान, रिपुंजय उपाध्याय, आकाश ठाकुर, रंजीत सिंह, तिरज कुमार, जय सिंह इत्यादि उपस्थित थे।अधिवक्ता व समाजसेवी चौ रविराज चाहल द्वारा वृक्षारोपण जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत कर अपने सीनियर अधिवक्ताओं के साथ मल्लक शाह, कब्रिस्तान, सम्भल पर एक गूलर का पौधा रोपित किया और लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाए जाने का आहवान किया। वृक्ष हमें आक्सीजन प्रदान करते हैं, वातावरण के तापमान को नियंत्रित करते हैं। हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। इस दौरान चौधरी रविराज चाहल, अब्दुल रहमान एडवोकेट सीनियर अधिवक्ता, वसीम एडवोकेट, मोहम्मद फहीम आदि रहे।मानव विकास जनसेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने डा. नाजिम के नेतृत्व में हसनपुर रोड पर वृक्षारोपण अभियान चलाया। कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम, एक पेड़ मातृ वतन के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए।इस अवसर पर डा.नाजिम ने कहा कि पेड़ लगाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पेड़ हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जिससे हमारा स्वास्थ्य बेहतर रहता है और अनेक बीमारियों से बचाव होता है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण किया जा रहा है और समिति भी हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अधिक से अधिक पौधे लगाने का कार्य कर रही है।कार्यक्रम में मोहसिन अली, कमांडर अली, कमर अशरफ, हिलाल अशरफ, शैवाल अशरफ, हकीम शकील, माधव सिंह यादव, कैलाश सिंह, गजराज सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# युवती ने जमीन हड़पने को जान से मारने की धमकी का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बहजोई।** चंदौसी तहसील क्षेत्र की एक युवती ने अपनी पैतृक जमीन पर कब्जा करने की कोशिश, धमकी और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की मांग की है। बझावली उर्फ मझावली निवासी 19 वर्षीय निशा गोस्वामी पुत्री पुष्पेंद्र गिरी ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी दादी द्वारा दान पत्र के माध्यम से दी गई करीब चार बीघा जमीन पर कुछ लोग गलत नजर रखे हुए हैं। युवती का कहना है कि एक व्यक्ति लगातार जमीन अपने नाम कराने का दबाव बना रहा है और मना करने पर उसे घर से उठवा लेने तथा जान से मारने की धमकी देता है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी रास्ते में रोककर अभद्र भाषा का प्रयोग करता है और जमीन न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी देता है। युवती का यह भी कहना है कि उसके पिता और भाई शराब के आदी हैं, जिसका फायदा उठाकर आरोपी परिवार पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहा है। प्रार्थना पत्र में युवती ने बताया कि उसकी दो बहनें सरकारी नौकरी की तैयारी कर रही हैं और परिवार किसी विवाद में नहीं पड़ना चाहता। इसके बावजूद आरोपी कथित तौर पर दबंग लोगों के साथ घर पहुंचकर जमीन अपने नाम कराने का दबाव बना रहा है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाने की बात की।

# पौधों की नियमित देखभाल ज़रूरी हरेन्द्र रिंकू

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**० भाजपा गुन्नौर मंडल की बैठक हुई**

**बबराला।** भारतीय जनता पार्टी मंडल गुन्नौर की बैठक नगर पंचायत सभागार में आयोजित की गई। बैठक में कहा गया कि एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाए। जिससे पर्यावरण शुद्व बना रह सके। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह उर्फ रिंकू ने सभी सदस्यों के साथ एक-एक पौधा रोपा और पूर्व में लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं सिंचाई पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के बाद उनकी जिम्मेदारी से देखभाल न होने पर पौधे सूख जाते हैं और पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेन्द्र प्रजापति ने पौधों को गर्मी व मौसम के प्रभाव से बचाने, नियमित पानी और उर्वरक-खाद देने पर बल दिया। भाजपा मंडल अधयक्ष गुन्नौर इंदीवर सिंह ने घरों में रखे पौधों को पर्याप्त धूप और समय-समय पर पानी देने की सलाह दी। बैठक में जिला मंत्री शांति स्वरूप, दिव्य प्रकाश यादव, इन्दीवर सिंह,जुलियस सीजर, सचिन प्रजापति, राहुल कुमार आदि कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।



बबराला- नगर पंचायत सभागार में गुन्नौर मंडल की बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू।

## पुलिस ने वारंटी किया गिरफ्तार

**बबराला( शाह टाइम्स संवाददाता )।** कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे वांछित अपराधी अभियान में थाना प्रभारी बबराला निशांत राठी द्वारा गठित टीम ने एक वारंटी सोनू पुत्र बुलाकी निवासी बाघऊ की मढैया थाना बबराला को उसके मकान से गिरफ्तार किया। जिसको न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## गर्मी में कम नहीं हो रही बिजली की ट्रिपिंग

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** बिजली की आँख मिचौनी कम नहीं हो रही है। सुबह से लेकर सांय तक अनेको बार ट्रिपिंग और आपूर्ति काफी देर तक बंद रहने से अनेको समस्याओं का जनमानस को सामना करना पड़ रहा है। भयंकर गर्मी में बिजली की ट्रिपंग कम होने के बजाये बढ़ रही है।

# अवैध स्वीमिंग पूल नगर मजिस्ट्रेट ने सील कराया

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** अवैध स्वीमिग पूल में किशोर की मौत के बाद नींद से जागा प्रशासन का अवैध स्वीमिंग पूल पर कार्रवाई अभियान तेज हो गया है। सूचना पाकर पहुंचे नगर मजिस्ट्रेट ने अवैध रूप से संचालित स्वीमिंग पूल का निरीक्षण किया और खुले तौर पर नियमों की अंदेखी की संचालित स्वीमिंग पूल को बंद कराकर सील कर दिया।

ग्राम/मौ. सैफ खां सराय चन्दौसी रोड स्थित चाचा ढाबा के पीछे स्थित स्वीमिंग पूल का नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां मौजूद केयर टेकर अख्तर हुसैन पुत्र अब्दुल अजीज निवासी ग्राम डीकवादी जिला सम्भल, राज्य बिहार द्वारा बताया गया कि इस स्वीमिंग पूल का संचालन दाऊद एवं मौ. अरकान पुत्र साबिर निवासी सैफ खां सराय तहसील द्वारा कराया जा रहा है। परन्तु मौके पर स्वीमिंग पूल संचालक मौजूद नहीं था। वहां मौके पर मौजूद केयर टेकर से एन.ओ.सी. मांगी गयी, तो केयर टेकर द्वारा कोई एन.ओ.सी नहीं दिखायी गयी। स्वीमिंग पूल संचालक बिना एन.ओ.सी. के स्वीमिंग पूल चला रहा था जबकि स्वीमिंग पूल संचालक के पास नगर पलिका परिषद सम्भल, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, भू-गर्भ जल संरक्षण विभाग से एन.ओ.सी. नहीं थी। इसके अलावा सेफ्टी इक्विपमेंट में ट्रेंड लाइफगार्ड, लाईफ रिंग, रेस्क्यू टयूब, रस्सी, फर्स्ट एड बॉक्स के साथ सी.पी.आर. किट, पानी की क्वालिटी के लिए फिल्टरेशन प्लांट, क्लोरिनेशन, टाईमिंग, ड्रेस कोड, बोर्ड लगा होना चाहिए, जिस पर बच्चों और बड़ों के लिए नहाने के लिए निर्देश लिखे नहीं थे। स्वीमिंग पूल संचालक नियमों की खुले तौर पर अनदेखी कर रहे थे। नगर मजिस्ट्रेट ने उक्त स्वीमिंग पूल का संचालन बन्द करते हुए सील की कार्यवाही करायी।

## दिनभर बादलों की लुका छिपी के बाद भी गर्मी से नहीं कोई राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सुबह सवेरे धूप की किरणों के साथ ही गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया था। दिन का परा चढ़ने के साथ गर्मी का रौद्र रूप बढ़ा लेकिन कुछ देर में बादलों की लुका छिपी शुरू हो गयी। कभी धूप तो कभी छांव होने से गर्मी ओर मामूली ठंडक का अहसास हुआ लेकिन गर्मी का प्रकोप कम नहीं हो सका। शुक्रवार को मौसम विभाग की गरज के साथ बारिश और तूफानी हवा का रेड अर्लट तो जारी हुआ लेकिन कोई बारिश नहीं हुई न ही तूफानी हवा चली बल्कि बादलों की लुका-छिपी के बाद भी गर्मी का प्रकोप पूरी तरह बना रहा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सिसोटा वि.खं. सम्भल (सम्भल)

पत्रांक:-मीमो/सचिव/SBM/नि.कार्य/2026-27 दिनांक :- 03.06.2026

**अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्म/आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 योजनार्न्तगत ग्राम पंचायत सिसोटा विकास खण्ड सम्भल जनपद सम्भल में प्लास्टिक निस्तारण हेतु 1-प्लास्टिक ड्राई वेस्ट बल्लिंग मशीन 2- हार्ड प्लास्टिक हेद्वेर 3-प्लास्टिक ड्ई वेस्ट एयर बलोवर मशीन आदि की स्थल पर आपूर्ति हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता को अपनी निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 24.06.2026 तक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तत करनी होंगी। निविदा उक्त दिनांक को ही सम्बन्धित ग्राम पंचायत स्तर पर खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत सिसोटा विकास खण्ड सम्भल जनपद सम्भल में प्लास्टिक के निस्तारण हेतु प्लास्टिक ड्राई वेस्ट बल्लिंग मशीन, हार्ड प्लास्टिक हेद्वेर, स्टिक ड्राई वेस्ट एयर बलोवर मशीन के अधिष्ठापन का कार्य | 1000000/- |

1. प्राप्त निविदायें निर्धारित तिथि को ग्राम पंचायत कार्यालय पर ही खोली जायेगी।
2. प्राप्त निविदाओं में उल्लिखित दरों में वर्ष 2026-27 में कोई मूल परिवर्तन नहीं होगा।
3. प्रस्तुत निविदाओं में मानक के अनुसार ब्राण्डेड मार्का सामग्री की आपूर्ति का उल्लेख किया जायेगा।
4.आपूर्ति की सामग्री की गुणवत्ता संतोषजनक न होने पर निविदाओं का निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सम्बन्धित ग्राम पंचायत को होगा।
5. किसी भी वाद विवाद के लिए न्याय क्षेत्र जनपद ल्यायालय, सम्भल मान्य होगा।

प्रशासक
ग्राम पंचायत सिसोटा
विकास खण्ड सम्भल जनपद सम्भल

ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत सिसोटा विकास खण्ड
सम्भल जनपद सम्भल

# एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया

## घरेलू विवाद के बाद युवक ने कथित रूप से अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हमला कर की हत्या





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर हमीर में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। घरेलू विवाद के बाद एक युवक ने कथित रूप से अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। घटना के समय घर में दंपती के तीन छोटे बच्चे मौजूद थे। जानकारी के अनुसार, सना (25) का करीब छह वर्ष पहले गांव के ही नसीम से प्रेम विवाह हुआ था। शुक्रवार सुबह दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद नसीम ने कथित रूप से सना पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर चोटों के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी पति फरार हो गया। मृतका की छह वर्षीय बेटी आयत दौड़कर अपनी नानी के घर पहुंची और पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मृतका के पिता इमरान ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। उनका कहना है कि उनकी बेटी को लंबे समय से दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हुई हैं।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'जैव विविधता संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम' आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व. विद्यालय के स्कूल ऑफ साइंसेज द्वारा 'विश्व पर्यावरण दिवस 2026' के प्री-कैंपेन के अंतर्गत 'मिशन लाइफ' गतिविधियों के तहत ''जैव विविधता संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के आदेश के अनुपालन में हुआ।विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। डॉ. अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए सतत विकास और हरित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।जंतु विज्ञान विभाग की शिक्षिका डॉ. कृति मित्तल ने 'मिशन लाइफ' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि जैव विविधता हमारे पर्यावरण का आधार है और इसका संरक्षण मानव अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है। डॉ. मित्तल ने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने और दैनिक गति. विधियों में पर्यावरण-अनुकूल आदतें अपनाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ. अशोक कुमार ने किया। डॉ. ऋद्धि गर्ग, डॉ. संजना तिवारी एवं आयोजन सचिव डॉ. स्मिता ज्योति व डॉ. अमन प्रीत कौर का विशेष योगदान रहा। अंत में सह-संयोजक डॉ. अतनु नाग ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में 75 से अधिक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## एक नजर

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत पाकबड़ा में वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न



**मुरादाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत पाकबड़ा में अधिशासी अधिकारी श्री विजय आनन्द जी के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत परिसर एवं अन्य चयनित स्थलों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी श्री विजय आनन्द जी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में नगर पंचायत के लिपिक श्री हिमांशु चौहान सहित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। नगर पंचायत पाकबड़ा द्वारा ष्एक पेड़ माँ के नामष अभियान को बढ़ावा देते हुए क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का आह्वान किया गया।

### काशीराम नगर में निर्माणाधीन मकान से कॉपर तार व सामान चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**मुरादाबाद।** काशीराम नगर चौकी क्षेत्र में चोरी की एक वारदात सामने आई है। एच ब्लॉक स्थित निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोर कॉपर के तार व अन्य सामान चोरी कर ले गए। पूरी घटना मकान के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित अमित कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह, निवासी सम्राट अशोक नगर, थाना मझोला ने बताया कि उनका एक मकान काशीराम नगर एच ब्लॉक में एच-18 नंबर पर बन रहा है। दिनांक 04.06.2026 को रात करीब 11:30 बजे दो अज्ञात चोर उनके निर्माणाधीन मकान में घुस आए। चोर घर में रखे कॉपर के सारे तार व अन्य सामान चुराकर ले गए। अमित कुमार ने बताया कि चोरी की पूरी वारदात घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। उन्होंने चौकी प्रभारी काशीराम नगर से अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।शिकायतकर्ता का विवरण नामः अमित कुमार पिता का नामः वीरेंद्र सिंह पताः सम्राट अशोक नगर, निकट सैनी धर्मशाला, थाना मझोला, जिला मुरादाबाद, घटना स्थलः मकान संख्या एच-18, एच ब्लॉक, काशीराम नगर घटना का समयः 04.06.2026, रात्रि 11:30 बजेपुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर शुमाली कब्रिस्तान व प्रस्तावित चिकित्सालय परिसर में हुआ वृक्षारोपण

**बिलारी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर बिलारी के शुमाली कब्रिस्तान तथा बाबा लक्ष्मण दास की मणि पर प्रस्तावित यूनानी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सालय की भूमि पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण ही एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ वातावरण के निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कर स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषण मुक्त वातावरण का संदेश दिया गया। साथ ही क्षेत्रवासियों से अपने घरों, सार्वजनिक स्थलों और खाली भूमि पर अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया गया,

ताकि पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सके। इस अवसर पर पूर्व सभासद वार्ड संख्या 16 एवं समाजसेवी मोहम्मद कासिम अंसारी, नासिर हुसैन, नफीस अहमद, मोहम्मद इरफान, एहसान रजा अंसारी, मोहम्मद राहिल, मोहम्मद फराज, मोहम्मद शाकिर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे और वृक्षारोपण अभियान में सहभागिता की।

### पत्नी को मारपीट करके छत से फेंका पुलिस ने पति को किया गिरफ्तार

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव धर्मपुर कलां में विवाहिता को पति ने छत से फेंक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और बेहोश पड़ी रही। सवेरे होश आया तो घायल अवस्था में महिला ने उठकर अपना इलाज कराया। मामले को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके पति को गिरफ्तार कर लिया। उषा पत्नी सुधीर निवासी धर्मपुर कलां ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी शादी अब से 15 साल पूर्व सुधीर के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति परेशान किया करता है। 3 जून को रात करीब 10 बजे उसके पति ने उसे बुरी तरह से मारा पीटा और जान से मारने की नीयत से छत से फेंक कर भाग गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और बेहोश हो गई। सवेरे उसे होश आया तो वह उठी और अपनी मरहम पट्टी कराई। मामले को लेकर तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी पति को जेल भेज दिया।

### बिलारी पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा

**बिलारी (शाह टाइम्स संवाददाता)।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बिलारी पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार स्थायी वारंटी सुमन पुत्र महावीर निवासी ग्राम नौसना तथा वारंटी अंकित पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी ग्राम नारायनपुर देवा को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों वारंटियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर ग्राम न्यायालय बिलारी में पेश किया गया।

### जिला बार एसोसिएशन में विश्व पर्यावरण दिवस पर, अधिवक्ताओं ने किया पौधरोपण

**मुरादाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी अनिल पाल सिंह, महामंत्री गोपाल कृष्ण, सरदार प्रकाश वीर सिंह, डीजीसी सिविल अजय गुप्ता, ललित अरोड़ा, जयवीर सिंह, हर प्रसाद, सोमपाल सिंह, ध्रुव कुमार सक्सेना, भीकम सिंह, शेर सिंह बौद्ध, मोहम्मद फुरकान सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने सहभागिता की और विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए।कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष चौधरी अनिल पाल सिंह ने सभी अधिवक्ताओं से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और हर वर्ष पौधरोपण कर धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान दें। सभी ने शपथ ली कि लगाए गए पौधों की देखभाल भी करेंगे ताकि वे बड़े होकर पर्यावरण को शुद्ध कर सकें।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर राजघाट बबराला में हुआ पौधारोपण

**चन्दौसी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राजघाट बबराला में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सम्भल अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने भी लोगों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने का आह्वान करते हुए कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाला जनआंदोलन होना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधारोपण कर हरित विकास और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संकल्प लिया। साथ ही रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल करने का भी प्रण लिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत, डीएफओ सम्भल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया गया।

# बीएलके-मैक्स हॉस्पिटल की यूरोलॉजी व रोबोटिक सर्जरी ओपीडी शुरू, अब नहीं जाना पड़ेगा दिल्ली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली ने मुरादाबाद के वेदांता हॉस्पिटल में यूरोलॉजी, रोबोटिक सर्जरी एवं किडनी ट्रांसप्लांट ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की है।

इससे मुरादाबाद और आसपास के मरीजों को अब इलाज के लिए दिल्ली जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बीएलके-मैक्स के यूरोलॉजी, यूरो-ऑन्कोलॉजी, एंड्रोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. यजवेंद्र प्रताप सिंह राणा हर महीने के पहले शुक्रवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक वेदांता हॉस्पिटल में मरीजों को परामर्श एवं फॉलो-अप सेवाएं देंगे। ओपीडी के शुभारंभ पर डॉ. राणा और वेदांता हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. भास्कर डी. कुरेचिया उपस्थित रहे। डॉ. यजवेंद्र प्रताप सिंह राणा ने कहा कि पुरुषों में प्रोस्टेट ग्रंथि का बढ़ना, इरेक्टाइल डिस्फंक्शन, किडनी स्टोन, यूटीआई, प्रोस्टेटाइटिस और प्रोस्टेट कैंसर जैसी यूरोलॉजिकल बीमारियां आम हैं। इनकी समय पर पहचान और उपचार के लिए नियमित जांच बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इन ओपीडी सेवाओं से यूरोलॉजी के मरीजों और किडनी ट्रांसप्लांट के बाद फॉलो-अप वाले मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। डॉ. राणा ने कहा कि रोबोट-असिस्टेड रीनल ट्रांसप्लांटेशन आज बेहद प्रभावी विकल्प है। इससे मरीजों को कम दर्द, तेजी से रिकवरी, छोटे चीरे और जल्दी घाव भरने का लाभ मिलता है। पारंपरिक सर्जरी की तुलना में रोबोटिक तकनीक अधिक सटीक और कम इनवेसिव है। बीएलके-मैक्स लैप्रोस्कोपिक डोनर नेफ्रेक्टॉमी, एबीओ इनकम्पैटिबल ट्रांसप्लांट और मिनिमली इनवेसिव रोबोट-असिस्टेड ट्रांसप्लांट जैसी उन्नत प्रक्रियाओं में अग्रणी रहा है।




वेदांता हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. भास्कर डी. कुरेचिया ने कहा कि बीएलके-मैक्स के साथ जुड़कर क्षेत्र में उन्नत यूरोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट सेवाएं उपलब्ध कराने पर प्रसन्नता है। इससे मुरादाबाद और आसपास के लोगों को अपने शहर के निकट ही विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी।बीएलके-मैक्स अत्याधुनिक तकनीक और अनुभवी चिकित्सकों के साथ टर्शियरी केयर संस्थान के रूप में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह पौधा रोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**कांठ (शाह टाइम्स)।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह चुन्नू व विद्यालय के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी ने विद्यालय प्रांगण में पौधा रोपण कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बढ़ते प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवक-सेविकाओं द्वारा विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। प्रधानाचार्य मदन सिंह द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं स्वच्छ वातावरण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह चुन्नू, विद्यालय प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी, प्रधानाचार्य मदन सिंह, महेश गुप्ता, देवराज सिंह, नौबत सिंह, सौरभ अग्रवाल, पंकज विश्नोई, धीरज चौहान, मंगल, संजीव, ओमकार, धर्मवीर सिंह आदि के साथ साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। नगर पंचायत ऊमरी कलां कार्यालय में अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया। अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार ने पर्यावरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा पर्यावरण को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए सभी को पौधे लगाने हेतु जागरूक किया गया।




इस अवसर पर ब्रांड एंबेसडर मो० जीशान, लिपिक सुरेन्द्र सिंह, वित्त लिपिक जयकुमार, टीसी अनीस अहमद, परम सिंह, अंकुर विश्नोई सहित कार्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा। मधुवा खालसा में भी पौधारोपण किया गया। जिसमें सभी देशवासियों से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने और वृक्ष बचाने का आवाहन किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में हुकम सिंह, सुमित दिवाकर जिला मंत्री युवा मोर्चा मंडल महामंत्री संजीव कुमार लाइब्रेरी संचालक सुमित चौधरी एवं लाइब्रेरी के छात्र उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम में पौधारोपण अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिसर में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल द्वारा 'पारिस्थितिक स्थिरता और जलवायु जागरूकता' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर एक वृहद 'पौधरोपण अभियान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने पर्यावरण संरक्षण में शैक्षणिक समुदाय की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने इस बात पर जोर दिया कि भविष्य के कॉर्पोरेट प्रबंधकों को पर्यावरण की रक्षा के साथ आर्थिक लाभ को संतुलित करना सीखना होगा, जिससे इस तरह के पौधरोपण अभियान समग्र प्रबंधन शिक्षा का एक अनिवार्य हिस्सा बन जाते हैं। पौधरोपण अभियान का औपचारिक उद्घाटन एसबीएम लॉन में विश्व. विद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों और एसडीसी कोर कमेटी द्वारा किया गया। छात्र-छात्राओं ने हाथों में नीम, अशोक, गुलमोहर और विभिन्न वायु-शोधक पौधों के पौधे लेकर, परिसर के निर्धारित ग्रीन जोन में मिट्टी तैयार कर पौधरोपण किया।इस मौके पर मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आर. के. यादव, होटल मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. मेघा भाटिया, कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार सक्सेना, डॉ. हिमांशु गुप्ता, डॉ. स्वाति राय, श्री अक्षय शर्मा, डॉ. अर्चना, सुश्री ज्योति सिंह, सुश्री नम्रता श्रीवास्तव, डॉ. चारू दत्ता एवं श्री आकाश मौर्य आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे। विश्व. विद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के 120 से अधिक विद्यार्थियों ने जमीन पर इस अभियान को क्रियान्वित किया और नए पौधों के लिए उचित दूरी व पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की। अभियान का समापन एक सामूहिक शपथ के साथ हुआ, जहां सभी प्रतिभागियों ने न केवल पौधे लगाने, बल्कि पूरे शैक्षणिक वर्ष में परिसर के मौजूदा हरित क्षेत्र की देखभाल और सुरक्षा करने का भी संकल्प लिया।

# पर्यावरण दिवस पर दिव्य रुद्रा कोचिंग के विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण, लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिव्य रुद्रा कोचिंग के विद्यार्थियों ने हाजी मोहम्मद उस्मान साहब के साथ मिलकर पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बोध कराया गया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में कोचिंग के डायरेक्टर पुलकित सर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज ग्लोबल वॉर्मिंग का प्रभाव पूरे विश्व में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। लगातार बढ़ता तापमान, अनियमित वर्षा, जल संकट और प्राकृतिक आपदाएं इसके गंभीर परिणाम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने, जल संरक्षण करने तथा पर्यावरण को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि हम आज से ही पर्यावरण के प्रति सजग नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को इसके गंभीर दुष्परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प भी लिया।



इस अवसर पर हाजी मोहम्मद उस्मान साहब ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए कोई आयु सीमा नहीं होती। एक छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग व्यक्ति तक हर कोई पेड़ लगाकर और उनकी देखभाल कर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा सकता है। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण के अभियान में भागीदारी करने की अपील की।

कार्यक्रम में कोचिंग के विद्यार्थियों एवं स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण का संकल्प लिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**बिलारी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा मंडल बिलारी द्वारा मुरादाबाद-चंदौसी रोड स्थित अंबेडकर पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष मुरादाबाद आकाश कुमार पाल ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री विकास गुप्ता सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री मनोज ठाकुर, श्री मनोज प्रजापति, श्री मनोज सक्सेना, श्री दीपक सक्सेना, श्री पंकज चौहान, श्री रविंद्र सिंह, श्री अभिलाष गौड़, श्री मनोहर सिंह, श्री प्रेमपाल पासी, श्री सनी सक्सेना, श्री हेमंत शर्मा तथा डॉ. राजीव सैनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधारोपण किया और समाज के प्रत्येक वर्ग तक हरियाली बढ़ाने तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारा. ेपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने तथा अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का समापन पर्यावरण बचाने और हरित भविष्य के निर्माण के संदेश के साथ हुआ।

# कार्यालय नगर पंचायत ढकिया (मुरादाबाद)

पत्रांक:- 115/ न0 पं0ढकिया/2026-27 दिनांक:- 04/06/2026

प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-925/नौ-9-2025-ई-1853096 नगर विकास अनुभाग-09 लखनऊ दिनांक 09 मई, 2025 क्रम में एवं उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 (1) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद अपनी सीमा के अन्तर्गत कर निर्धारण सूची को अद्यतन बनाये रखने के उद्देश्य से भवन एंव नामानतरण शुल्क उद्यग्रहीत करने की व्यवस्था बनाने के वास्ते निम्नवत् उपविधियों का प्रारूप तैयार किया गया है, बोर्ड बैठक दिनांक-10.04.2026 प्रस्ताव संख्या-10 स्वीकृत के उपरान्त धारा 301 (1) के अन्तर्गत किसी स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन कराकर जनता से आपत्ति / सुझाव मांगे जाएंगे। तदोपरान्त अनन्तिम रूप से प्रकाशन की कार्यवाही किये जाने हेतु दिनांक 16.04.2026 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराकर आपत्ति एवं सुझाव मांगे गये थे किन्तु निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत कोई भी आपत्ति / सुझाव प्राप्त नहीं हुआ। निर्धारित समयवधि में कोई कोई भी आपत्ति / सुझाव प्राप्त न होने के कारण तदुपरान्त आग्रिम कार्यवाही हेतु अन्तिम प्रकाशन कराने का निर्णय लिया गया है। निम्नवत् उपविधि अन्तिम प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

## भवन नामान्तरण उपविधियों का प्रारूप

(1) यह उपविधि भवन नामान्तरण उपविधि नगर नगर पंचायत ढकिया कहलाएंगी।

(2) (क) पालिका का तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद से होगा।

(3) (ख) अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद के अधिशासी अधिकारी से होगा।

(ग) अध्यक्ष अथवा प्रभारी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद के अध्यक्ष अथवा प्रभारी अधिकारी से होगा।

(घ) बोर्ड अथवा प्रशासक का तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद) के बोर्ड अथवा प्रशासक से होगा।

(ड) अधिनियम तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम 1916 से होगा।

(3) नगर पंचायत सीमा के अन्तर्गत यदि कोई अचल सम्पत्ति/भू-/भवन / दुकान आदि क्रय/विक्रय करता है तो उसे नगर पालिका में लिखित सूचना देनी होगी तथा शासनादेश में दी गयी व्यवस्था के अनुसार शुल्क जमा करना होगा।

(4) यदि कोई क्रेता/व्यक्ति दाखिल खारिज वरासत, वसीयत उत्तराधिकारी, उपहार, दान, हिवैनाम व पंजीकृत बैनामा द्वारा नामान्तरण आदि हेतु आवेदन पत्र करेगा, उसे पंचायत द्वारा प्रार्थना पत्र पर ही आवेदन स्वीकार किया जाएंगे। आवेदन पत्र का मूल्य 10रू. जमा करके रसीद प्राप्त कर कार्यालय से आवेदन प्राप्त करना होगा।

(5) विक्रेता का यह कर्तव्य होगा कि वह अपनी सम्पत्ति विक्रय करने के एक माह के अन्दर विक्रय की गयी सम्पत्ति के पूर्ण विवरण सहित प्रार्थना पत्र / सूचना पंचायत कार्यालय में दे तथा बकाया करों का भुगतान करें।

(6) क्रेता का यह दायित्व होगा कि वह क्रय की गई अचल सम्पत्ति के पंजीकृत बैनामा विक्रय पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि के साथ बैनामे की तिथि से 03 माह के अन्दर पंचायत को लिखित सूचना दें कि अधिनियम की व्यवस्था के अनुसार उसका नाम पंचायत अभिलेखों में बतौर भवन स्वामी नाम दर्ज किया जाए।

(7)यदि क्रेता बैनामे की तिथि से 03 माह के अन्दर सूचना नहीं देता है अर्थात् 03 माह उपरान्त सूचना देता है तो उसे रू. 50 (पचास रूपये) प्रति माह की दर से विलम्ब शुल्क देना होगा। यदि विलम्ब अवधि की गणना में समय 10 दिन के अधिक आता है तो एक माह का विलम्ब शुल्क देना होगा।

(8) क्रेता द्वारा सम्पत्ति के नामान्तरण शुल्क शासनादेश संख्या-925/नौ-09-2025-ई-1853096 नगर विकास अनुभाग-09 लखनऊ दिनांक 09 मई, 2025 में दी गई व्यवस्था के अनुसार देय होगा।

(09) कोई भी व्यक्ति पंचायत सीमा के अन्तर्गत कोई अचल सम्पत्ति भू/भवन/दुकान आदि क्रय अथवा विक्रय करता है तो उसे इन उपनियमों का पालन करना होगा।

(10) यदि क्रेता कोई मन्दिर / मस्जिद / गिरजाघर / गुरूद्वारा आदि धार्मिक संस्था हो, चेरेटेबिल ट्रस्ट अथवा स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी हो तो बिन्दु सं०. 8 में वर्णित नामान्तरण शुल्क नहीं लिया जाएगा अर्थात् नामान्तरण नि:शुल्क किया जाएगा।

**सूची में संशोधन और परिवर्तन की प्रक्रिया**

(1) (क) नियम 03 के अधीन निर्धारण सूची में व्यक्ति या सम्पत्ति का विवरण छूट जाने, नव निर्माण या पुनर्निनिर्माण होने पर स्वामी या अध्यासी निर्धारित प्रपत्र के साथ सम्पत्ति का स्वकर निर्धारण कर के सम्पत्ति कर की धनराशि नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद द्वारा यथा निर्दिष्ट बैंक या कार्यालय में जमा कर सकेगा। नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा स्वकर निर्धारण प्रपत्र के आधार पर अपेक्षित प्रविष्टियां निर्धारण सूची में की जाएंगी।

(ख) अन्यथा की स्थिति में सम्पत्ति का स्वामी या अध्यासी विहित प्रपत्र-1 में अपेक्षित सूचना निर्माण या पुननिर्माण के समापन अथवा अध्यासन के दिनांक जो भी पहले हो, के 60 दिवसों के भीतर अधिशासी अधिकारी को अनिवार्य रूप से देगा। अधिशासी अधिकारी या उनके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी तपरान्त नियमानुसार सम्पत्ति का मूल्यांकन और कर निर्धारण कर उसे तद्नुसार कर निर्धारण सूची में प्रविष्टि करेगा।

(2) (क) सम्पत्ति के स्वामित्व या अध्यासन के हस्तान्तरण के फलस्वरूप कर निर्धारण सूची के संशोधन और परिवर्तन के निमित्त आवेदक नगर पंचायत / नगर पालिका परिषद को प्रपत्र में अपना प्रोफाइल बनाकर आवेदन करेगा।

(ख) आवेदक नगर पंचायत / नगर पालिका परिषद द्वारा निर्धारित आवेदन शुल्क, जो रू0 100.00 प्रति आवेदन से अधिक न होगा, को ऑनलाइन भुगतान करेगा।

**निर्धारण सूची के संशोधन / परिवर्तन हेतु प्रभारों का लगाया जाना।**

इस उपविधि के अनुसार उद्गृहीत किया जाएगा। प्रभारों की दरें निम्नवत् होंगी-

(क) किसी विधिक उत्तराधिकारी या रजिस्ट्रीकृत वसीयत के मामले में सम्पत्ति का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) प्रभार की दरें निम्नवत् होंगी।

| क्रम सं0 | सम्पत्ति का क्षेत्रफल ( वर्गफीट में ) | प्रभार की धनराशि ( रू० में ) |
|---|---|---|
| 1 | 1000 तक | 500/- |
| 2 | 1001-2000 तक | 1000/- |
| 3 | 2001-3000 तक | 1500/- |
| 4 | 3000 से अधिक | 2500/- |

(ख) नियम-3 के उपनियम (3) के अधीन अन्य सभी मामलों में प्रभारों की दर जिलाधिकारी द्वारा नियत सर्किल रेट या पंजीकरण विलेख में अंकित धनराशि, जो भी अधिक हो, के आधार पर निम्नवत् होंगी-

| क्रम सं0 | सर्किल रेट या पंजीकरण विलेख में अंकित धनराशि, जो भी अधिक हो | प्रभार की धनराशि ( रू० में ) |
|---|---|---|
| 1 | रू0 5 लाख तक | 1000/- |
| 2 | रू0 5 लाख से रू0 10 लाख तक | 2000/- |
| 3 | रू0 10 लाख से रू0 15 लाख तक | 3000/- |
| 4 | रू0 15 लाख से रू0 50 लाख तक | 5000/- |
| 5 | रू0 50 लाख से ऊपर | 10000/- |

(2) उपुर्यक्त दरों में परिवर्तन अधिनियम, 1916 की धारा 92 के प्राविधानों के अन्तर्गत नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद बोर्ड की स्वीकृति / अनुमति से किया जा सकेगा।

(3) उपनियम (1) के खण्ड (क) के अधीन एक से अधिक मध्यवर्ती संशोधन और परिवर्तन की स्थिति में प्रत्येक संशोधन और परिवर्तन पर उसमें वनिर्दिष्ट धनराशि के 10 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त प्रभार देय होगा।

(4) यदि उपनियम (1) के खण्ड (ख) के मामलों में एक या एक से अधिक मध्यवर्ती विक्रय या अन्य अन्तरण हों और सम्बन्धित सम्पत्ति मध्यवर्ती क्रेताओं या अन्तरिती के नाम से निर्धारण सूची में अन्तरित न की गई हो तो प्रत्येक मध्यवर्ती विक्रय विलेख/अन्तरण पर इस उपविधि के अनुसार उपनियम (1) के खण्ड (ख) में विनिर्दिष्ट धनराशि के 25 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त प्रभार उद्गृहीत किया जाएगा।

(5) यदि उस सम्पत्ति के सम्बन्ध में नगर निगम से सम्बन्धित कोई धनराशि देय है तो उसका भुगतान निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन हेतु देय प्रभारों के साथ किया जाएगा।

### दण्ड

संयुक्त प्रान्त नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 299 (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद यह निर्देश देती है इस उपविधि के किसी उपबन्धों का भंग की स्थिति में दण्डनीय होगा, जोकि अंकन रू. 500 (पांच सौ) तक हो सकता है और निरन्तर भंग की स्थिति में अग्रतर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो प्रथम दोष सिद्ध होने के दिनांक से जिसके दौरान अपराधी द्वारा निरन्तर अपराध किया जाना सिद्ध होता है। प्रत्येक दिवस के लिए रू. 25.00 (पच्चीस) तक हो सकता है।

उक्त उपविधि का प्रारूप सदन में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है। इसके उपरान्त आपत्तियां प्राप्त की जाएगंगी व प्राप्त आपत्तियों पर विचार कर उनका निस्तारण करते हुए इसे अन्तिम रूप से स्वीकृत किया जाएगा।

**( रामेश्वर दयाल )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ढकिया**
**मुरादाबाद।**

**( मुजम्मिल हुसैन )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ढकिया**
**मुरादाबाद।**

## गाली देने के विरोध पर युवक से मारपीट अस्पताल में भर्ती

**कांठ ( शाह टाइम्स )** गाली देने का विरोध किया तो दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

घटना 27 मई की है। उमरी कला निवासी रियासत का आरोप है कि उसका बेटा मोहम्मद जैद दुकान से टिक्का लेने गया था वहां पर शाहजेब गुफरान अदनान व जीशान मिल गए और उसको गाली देनी शुरू कर दी उसने गाली का विरोध किया तो चारों ने उसे जमकर पीटा जिसमें उसके सिर व शरीर पर काफी चोट आई मौजूद कुछ लोगों ने हमलावरों से बेटे को बचा लिया। हमलावर जाते-जाते जान से मारने की धमकी दे गए इस मामले की शिकायत पुलिस चौकी पर की और बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने चारों हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# शादी का झांसा देकर युवक से डेढ़ लाख रुपये और सोने की चूड़ियां हड़पने का लगाया आरोप

## रुपये वापस मांगने पर मारपीट, पुलिस से कार्रवाई की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के शरीफनगर निवासी एक महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति पर उसके सीधे-सादे पुत्र को शादी कराने का झांसा देकर बैंक से लोन दिलवाकर डेढ़ लाख रुपये हड़पने तथा सोने की चूड़ियां लेने का आरोप लगाया है। रुपये वापस मांगने पर आरोपी पक्ष द्वारा मारपीट किए जाने की शिकायत पुलिस से की गई है।

शरीफनगर निवासी कमलेश देवी पत्नी स्वर्गीय विजय सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के एक व्यक्ति ने उसके पुत्र की शादी कराने का भरोसा दिलाया था। आरोप है कि इसी बहाने उसने उसके पुत्र से खेती की जमीन के आधार पर बैंक से डेढ़ लाख रुपये का लोन निकलवाकर रकम अपने उपयोग में ले ली। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने बाद में लड़की को सोने के आभूषण देने की बात कहकर उससे दो सोने की चूड़ियां भी ले लीं। काफी समय बीत जाने के बाद भी न तो कथित लड़की पक्ष का कोई व्यक्ति उनके घर देखने आया और न ही शादी की कोई बातचीत आगे बढ़ी। जब उन्होंने इस संबंध में जानकारी करनी चाही तो आरोपी टालमटोल करता रहा। महिला के अनुसार बाद में उन्हें पूरे मामले में ठगी का एहसास हुआ। जब उन्होंने डेढ़ लाख रुपये और सोने की चूड़ियां वापस मांगीं तो आरोपी तथा उसके पुत्रों ने घर में घुसकर उनके और उनके पुत्र के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, दो आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, अपहरण एवं धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के दो युवकों पर शादी का झांसा देकर उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म कर अपहरण करने और धमकी देने की शिकायत की थी। पुलिस तहरीर के आधार पर कार्रवाई करते हुए कोतवाली क्षेत्र के गांव बैजनाथपुर निवासी शिवा पुत्र डींगगी उर्फ दिग्विजय सिंह एवं सचिन पुत्र डींगगी उर्फ दिग्विजय सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। शुक्रवार को पुलिस ने दोनो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि मुख्य आरोपी ने एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही आरोपियों द्वारा युवती का अपहरण कर उसे थाना भोजपुर क्षेत्र में छोड़कर फरार हो जाने का भी आरोप है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर मुरादाबाद नगर निगम का जनजागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम मुरादाबाद की आईईसी टीम ने शहर के विभिन्न वार्डों में पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। पौधरोपण, नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता शपथ, जनसंवाद और जागरूकता अभियानों के जरिए नागरिकों को कचरा पृथक्करण, सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध, होम कम्पोस्टिंग व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।महापौर व ब्रांड एंबेसडर ने किया पौधारोपणनगर निगम ब्रांड एंबेसडर धवल दीक्षित व स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों ने वार्ड-2 में अर्जुन, नीम सहित कई पौधे लगाए। उन्होंने नागरिकों से अधिक पौधे लगाने व संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। वार्ड-55 लालबाग स्थित काली माता मंदिर पार्क में महापौर प्रिया अग्रवाल ने पौधरोपण कर ष्एक व्यक्ति-एक पौधाष अभियान को बढ़ावा दिया। वार्ड-64 किसरोल व वार्ड-25 चक्कर की मिलक में भी पौधारोपण कर लोगों को प्रेरित किया गया।स्कूल में चला श्एक पौधा माँ के नामश अभियानवार्ड-16 स्थित



स्प्रिंगफील्ड स्कूल में विद्यार्थियों, शिक्षकों व आईईसी टीम के साथ विशेष कार्यक्रम हुआ। ष्एक पौधा माँ के नामष अभियान के तहत पौधे बांटे गए और बच्चों को प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली की शपथ दिलाई गई।स्वच्छता समितियों को दी नई गाइडलाइन की जानकारीवार्ड-55, 46, 41, 31, 20 समेत कई वार्डों में स्वच्छ वातावरण वार्ड प्रोत्साहन समिति की बैठकें हुईं। 1 अप्रैल 2026 से लागू नई स्वच्छता गाइडलाइन बताई गई। नागरिकों को चार डस्टबिन प्रणाली अपनाने और गीला, सूखा, सैनिटरी व विशेष देखभाल कचरे का पृथक्करण कर कूड़ा गाड़ी को देने के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 व ळथ्ब् 7 स्टार रेटिंग के लिए जनसहभागिता पर जोर दिया गया। नुक्कड़ नाटक व शॉप-टू-शॉप अभियानवार्ड-55, 34, 63 में नुक्कड़ नाटकों से सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध, नो थू-थू अभियान, होम कम्पोस्टिंग का संद. ेश दिया गया। वार्ड-39 व लालबाग में शॉप-टू-शॉप अभियान चलाया गया। ष्प्लास्टिक मॉन्स्टरष से प्लास्टिक के दुष्प्रभाव बताए गए और प्लॉग रन आयोजित हुई। वार्ड-40 में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध पर विशेष अभियान चला।कान्हा गौशाला में पौधारोपणकान्हा गौशाला में डीएम, सीडीओ, जिला पंचायत अध्यक्ष सैफाली सिंह, डीएफओ व नगर निगम अधिकारियों ने पौधे लगाए। वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण सतत अभियान है और पर्यावरण संरक्षण में हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है।ष्एक व्यक्ति-एक पौधा, स्वच्छ वार्ड-स्वच्छ शहरष तथा ष्हमारी शक्ति, हमारा ग्रहष के संदेश के साथ कार्यक्रमों का समापन हुआ।

### सूचना

दिनांक 05.06.2026 के अंक में **''दैनिक शाह टाइम्स''** पेज पर नम्बर 08 पर **''विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय''** की निविदा सूचना में क्र. सं. 01 में धरोहर राशि रू. वाले कालम में 8000/- (रू0 आठ हजार मात्र) त्रुटिवश प्रकाशित हो गया था, इसके स्थान 10000/- (रू. दस हजार) पढ़ा व समझा जाएं।

**विज्ञापन व्यवस्थापक**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विश्व पर्यावरण दिवसः मुरादाबाद में एक दिन में लगाए गए 4.14 लाख पौधे, एक पेड़ जीवनकाल में देता है 50 लाख का रिटर्न

## ख्रनदी संरक्षण के लिए यूएनईपी व डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के साथ पांच हजार किसान आए आगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुरादाबाद में एक व्यापक पर्यावरण संरक्षण और नदी पुनरुद्धार महाभियान का आगाज हुआ है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर चल रही इस वृहद कार्ययोजना के तहत जिले में इस वर्ष 21 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 4 लाख 14 हजार पौधे आज रोपे गए। यह पूरे उत्तर प्रदेश में 5 करोड़ पौधे लगाने के वृहद लक्ष्य का एक अहम हिस्सा है। पर्यावरण दिवस के मौके पर कान्हा गौशाला और आदमपुर ग्राम में ढेला नदी के तट पर विशेष पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि एक वृक्ष अपने 50 वर्ष के औसत जीवनकाल में 50 लाख रुपये से अधिक का भौतिक लाभ (ऑक्सीजन व प्रदूषण नियंत्रण) देता है। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं (यूएनईपी, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) के सहयोग से एग्रीकल्चर वाटर मैनेजमेंट (कृषि जल प्रबंधन) परियोजना को भी गति दी गई है, जिससे नदियों के संरक्षण के साथ-साथ प्राकृतिक खेती के जरिए किसानों की आय दोगुनी की जा सके। विश्व पर्यावरण दिवस पर मुरादाबाद नगर निगम की कान्हा गौशाला में महापौर विनोद अग्रवाल, जिला



पंचायत अध्यक्षा शैफाली चौहान, जिलाधिकारी, डीएफओ और सीडीओ समेत कई अधिकारियों की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक बेहद वैज्ञानिक और आकर्षक संदेश दिया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि 50 वर्ष के औसत जीवनकाल में एक वृक्ष मानव जाति को 50 लाख रुपये से अधिक की भौतिक उपलब्धि देता है। इसमें ऑक्सीजन के उत्पादन से लेकर प्रदूषण (पॉल्यूशन) को सोखने की अहम क्षमता शामिल है। यह आंकड़ा लोगों को यह समझाने के लिए साझा किया गया कि वृक्ष केवल छाया नहीं देते, बल्कि वे हमारे जीवन का आधार और सबसे बड़ा निवेश हैं। नदियों के प्रवाह को बचाने के साथ-साथ इस कार्ययोजना का एक बड़ा फोकस किसानों की आर्थिक तरक्की पर भी है। एग्रीकल्चर वाटर मैनेजमेंट (कृषि जल प्रबंधन) योजना के माध्यम से कृषकों को इस मुहिम से जोड़ा जा रहा है। वर्तमान में ठाकुरद्वारा तहसील में लगभग 5000 किसान एनजीओ के साथ मिलकर इस दिशा में काम कर रहे हैं और इसका विस्तार उत्तराखंड तक किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक खेती (नेचुरल फार्मिंग) को बढ़ावा देना है, जिससे भूमि की उर्वरता (फर्टिलिटी) लंबे समय तक बनी रहे। प्रशासन और संस्थाओं का मानना है कि यदि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ मिलकर इस मॉडल पर सही से काम किया जाए, तो न केवल किसानों की आय दोगुनी होगी, बल्कि ढेला और रामगंगा नदियां अपने पुराने स्वच्छ और प्राकृतिक स्वरूप में वापस लौट सकेंगी।

### मान्यवर कांशीराम राजकीय डिग्री कॉलिज गभाना अलीगढ़-202136

**पत्रांक:** 47/लघु/अनुरक्षण/2026-27 **निविदा सूचना** **दिनांक:** 4.06.2026

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय गभाना (अलीगढ़) में लघु निर्माण मद रू० 600000/- (रु० छः लाख मात्र) व अनुरक्षण मद रु० 500000/- (रु० पांच लाख मात्र) से कार्य कराया जाना प्रस्तावित है जिसके लिए सीलबंद निविदायें दिनांक 12.06. 2026 को दोपहर 12:00 बजे तक आमन्त्रित की जायेगी। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार कार्यस्थल देखते हुऐ निविदा प्रपत्र दिनांक 05.06.2026 (प्रात: 11 बजे) से निविदा शुल्क जमा कर किसी भी कार्य दिवस में अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। प्राप्त निविदायें दिनांक 12.06.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। कार्य पूर्ण करने की अवधि दिनांक 30.06.2026 है। कार्य विवरण कार्यालय में उपलब्ध है। किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें अस्वीकार करने का सर्वाधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

**भवदीय**
**डॉ0 नेत्रपाल सिंह**
**प्राचार्य**

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया, मिठाइयां वितरित कीं

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन कैथल गेट पर युवा इकाई के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय 'अन्नू' के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं व्यापारियों ने मिठाइयां वितरित कर मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल नेतृत्व की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की प्रगति एवं विकास कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय 'अन्नू' ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है, जिससे व्यापारियों को सुरक्षित वातावरण मिला है और वे निर्भय होकर अपना व्यवसाय संचालित कर रहे हैं। इस दौरान नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय 'अन्नू', शुभम अग्रवाल, निशांत शर्मा, राजू ठाकुर, प्रतिपाल मौर्य, वीरपाल राणा, दीपक वार्ष्णेय, सुमित शर्मा, तुषार सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आवारा कुत्तों, बंदरों और बिल्लियों के हमलों से लोग परेशान, एक दिन में कई घायल

**ठाकुरद्वारा।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों, बंदरों एवं बिल्लियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन हो रहे हमलों से लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित विभागों द्वारा समस्या के समाधान के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा, जिससे जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को आवारा कुत्तों के हमले में मिलक निवासी 25 वर्षीय गौरव कुमार, वार्ड संख्या 19 निवासी 2 वर्षीय आजाद अली, नगर निवासी 55 वर्षीय बाबू, भरतपुर निवासी 11 वर्षीय स्वाति, सुल्तानपुर निवासी 12 वर्षीय रितिका, सरकड़ा करीम निवासी 18 वर्षीय मनजीत तथा दारापुर निवासी 24 वर्षीय अरुण कुमार घायल हो गए। वहीं बंदरों के हमले में कालेवाला निवासी 60 वर्षीय राजबा. ला, लोगी निवासी 20 वर्षीय अंकित कुमार तथा वार्ड संख्या 17 निवासी पंकज कुमार घायल हो गए। इसके अलावा नगर निवासी 55 वर्षीय बाबू, कमलापुरी निवासी 36 वर्षीय मेसर, वार्ड संख्या 2 निवासी 15 वर्षीय सिमरन और नगर निवासी 2 वर्षीय हर्ष को बिल्ली ने काटकर घायल कर दिया। घायल सभी लोग उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से आवारा पशुओं के बढ़ते आतंक पर तत्काल नियंत्रण के लिए अभियान चलाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो गंभीर घटनाएं सामने आ सकती हैं।

## तहसीलदार ने कोतवाली के सामने भूमि प्रकरण में नगर पालिका से मांगी रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली के सामने स्थित एक भूमि के स्वामित्व को लेकर उठे विवाद में तहसील प्रशासन ने नगर पालिका से विस्तृत जानकारी तलब की है। तहसीलदार ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) को पत्र भेजकर संबंधित भूखंड संख्या 51 ब 52 भूमि के अभिलेख और स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। बताया जाता है कि कोतवाली के सामने स्थित भूखंड संख्या 51 और 52 को लेकर लंबे समय से विवाद बना हुआ है। कुछ लोगों का दावा है कि यह भूमि नगर पालिका की है, जबकि अन्य पक्ष इसके स्वामित्व को लेकर अलग-अलग दावे कर रहे हैं। मामले की शिकायत मिलने के बाद तहसील प्रशासन ने जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, नगर पालिका प्रशासन ने पूर्व में इस भूमि को लेकर कुछ अभिलेख प्रस्तुत किए थे, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार ने पुनः विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। साथ ही संबंधित रिकॉर्ड और दस्तावेजों का परीक्षण कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। तहसीलदार ने बताया कि नगर पालिका से भूमि संबंधी सभी आवश्यक अभिलेख मांगे गए हैं। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद जांच को आगे बढ़ाया जाएगा और तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन सभी पक्षों की बात भी सुनेगा। इस प्रकरण को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल है और लोग प्रशासन की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सरस्वती विद्या मंदिर एवं समरसता पार्क में हुआ वृक्षारोपण



**ठाकुरद्वारा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को सरस्वती विद्या मंदिर में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर एवं विभिन्न स्थानों पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अनेक छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार, प्रबंधक आशुतोष अग्रवाल तथा प्रबंध समिति के सदस्य सत्यप्रकाश, पवन पुष्पद सहित समस्त आचार्य एवं आचार्या बहनों ने सहभागिता कर पौधारोपण किया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना समय की आवश्यकता है। वृक्ष न केवल वातावरण को शुद्ध रखते हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए भी अत्यंत उपयोगी हैं। उधर, विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ठाकुरद्वारा स्थित समरसता पार्क में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) प्रीति सिंह, आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं पूर्व नगर अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, नागराज, दीपक वाल्मीकि, अभिषेक अग्रवाल तथा अन्य गणमान्य लोगों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल करने तथा अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

## बिना बात मारपीट करने में चार फंसे

**कांठ ( शाह टाइम्स )** बिना बात मारपीट करने में चार लोग फंस गए उमरी कला निवासी इमरान पुत्र एहसान का आरोप था कि 3 जून की शाम को करीब 5:30 बजे चुन्नू मुजम्मिल मुदस्सिर और मुनिया ने उसके बेटे शहाना व कल्लू के साथ मारपीट और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी पीड़ित थाने पहुंचा और चारों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने चारों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

दूसरा मामला नगर के मोहल्ले का है वहां के व्यक्ति का कहना है कि उसकी बेटी की उम्र 16 साल है जिसको नौगांबा सादात थाने के गांव खेड़ी निवासी तौसीफ बहला फुसला कर ले गया पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तौसीफ के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया है।

## शांतिभंग के आरोप में एक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली पुलिस ने मुकदमें की रंजिश लेकर मारपीट पर उतारू एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक निरीक्षक किरन्त पंवार ने बताया कि क्षेत्र के गांव पसियापुरा पदार्थ निवासी संदीप कुमार पुत्र चरन सिंह को पुलिस ने गांव के सोमपाल सिंह पुत्र शिवचरन सिंह के साथ मुकदमें की रंजिश को लेकर मारपीट पर उतारू होने पर शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी का शांति भंग में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हे जमानत पर छोड़ दिया गया है।

## अक्रूरजी पुरम में लगातार चोरी की घटनाओं से दहशत

चन्दौसी। रामबाग रोड स्थित अक्रूरजी पुरम क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में दहशत और आक्रोश व्याप्त है। चोरों ने 24 मई को एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इसके अलावा इससे पहले भी चोर सीढ़ी के सहारे एक घर में घुसकर कीमती सामान समेट ले गए थे। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि पुलिस अभी पूर्व की घटनाओं का खुलासा भी नहीं कर पाई थी कि चोरों ने दो अन्य मकानों को भी निशाना बनाते हुए उनके ताले चटका दिए। लगातार हो रही वारदातों से परेशान लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर नाराजगी जताई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने चोरी की घटनाओं के शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए हैं। इसके बाद पुलिस टीम चोरों तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी हुई है। शुक्रवार को कैथल गेट चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ करेली रोड स्थित एक कोचिंग संस्थान पहुंचे, जहां आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग की जांच की गई। पुलिस क्षेत्र के अन्य स्थानों पर लगे कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

# किसान के खेत में पडा मिला तेंदुए का शव, वन विभाग में मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** अमृत विचार रू कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बैजनाथपुर से कमालपुरी जाने वाले रास्ते पर बने पुल के निकट शुक्रवार सुबह खेत में तेंदुए का शव मिलने से क्षेत्र से आसपास के गांव के लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। घटना की जानकारी पीआर वी पुलिस व वन विभाग को दी गई, जिसके बाद विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम बैजनाथपुर में सड़क किनारे स्थित देवराज सिंह के खाली खेत में तेंदुए का शव पड़ा मिला। खेत में तेंदुए को मृत अवस्था में देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से तेंदुए की मौत हुई है। ग्राम प्रधान महेश कुमार चौहान ने बताया कि तेंदुआ संभवतः सड़क पार करते समय किसी तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वन क्षेत्र अधिकारी रवि गंगवार ने बताया कि तेंदुए की मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। तेंदुए के शव मिलने की घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि आसपास के जंगलों और गन्ने के खेतों में अक्सर वन्य जीवों की गति. विधियां देखी जाती हैं, जिससे लोगों में सतर्कता बढ़ गई है।



## जिला कारागार में सजा काट रहे वृद्ध बंदी की उपचार के दौरान मौत

**मुरादाबाद।** जिला कारागार में हत्या के मामले में सजा काट रहे एक वृद्ध बंदी की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान विजय पाल (71 वर्ष) पुत्र सतपाल सिंह के रूप में हुई है। वह लंबे समय से गंभीर रूप से बीमार चल रहे थे और विभिन्न अस्पतालों में उनका उपचार जारी था।

जानकारी के अनुसार, विजय पाल पिछले करीब दो माह से अस्वस्थ थे। उनकी बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए जेल प्रशासन ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उनका उपचार चल रहा था। उपचार के बाद दो दिन पूर्व ही उन्हें वापस जिला कारागार मुरादाबाद लाया गया था। अचानक उनकी तबीयत एक बार फिर गंभीर रूप से बिगड़ गई। इसके बाद जेल प्रशासन ने तत्काल उन्हें जिला अस्पताल, मुरादाबाद में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया, लेकिन हालत लगातार नाजुक बनी रही। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई, जिससे जेल प्रशासन में भी हड़कंप मच गया।इस संबंध में वरिष्ठ जेल अधीक्षक ब्रजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि विजय पाल कुंदरकी थाना क्षेत्र के एक हत्या के मामले में सजा काट रहे थे। जेल रिकॉर्ड के अनुसार उनकी आयु 71 वर्ष थी। उन्होंने बताया कि वृद्धावस्था के साथ-साथ लंबे समय से चल रही बीमारी के कारण उनकी सेहत लगातार खराब बनी हुई थी। चिकित्सकीय निगरानी में उनका उपचार कराया जा रहा था, लेकिन सभी प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने बताया कि बंदी की मृत्यु के बाद नियमानुसार सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं शुरू कर दी गई हैं। शव का पंचनामा भरने और पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई की जा रही है।

साथ ही घटना की सूचना मृतक के परिजनों को भी दे दी गई है।जेल प्रशासन का कहना है कि बंदी को समय-समय पर आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही थीं। फिलहाल मामले में नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई जारी है।

## ग्राम चौपाल में सीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**कांठ ( शाह टाइम्स )** शाहपुर मुबारकपुर ग्राम पंचायत में आज ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें सीडीओ ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए। आज विश्व पर्यावरण दिवस पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम पर सभी से लगाने का आह्वान किया सत्यापन के उपरांत काटे गए राशन कार्ड को पुनः जोड़ने के उन्होंने सचिव को निर्देश दिए राशन डीलर द्वारा वितरण समय से कराए जाने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत ओडी प्लस में कराए गए आरसी के संचालन हेतु नालियों की साफ सफाई के उन्होंने निर्देश दिए। सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण ने लाभार्थियों को मिल रही पेंशन की जानकारी की,उन्होंने कहा कि लाभार्थियों की फैमिली आईडी बनाई जानी चाहिए ग्राम चौपाल में चार शिकायत प्राप्त हुई जिनके गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के उन्होंने निर्देश दिए। ग्राम पंचायत में डिजिटल लाइब्रेरी




आंगनबाड़ी केंद्र को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए निर्देशित किया निर्मित ओपन जिम खेल का मैदान के रख रखाव पर विशेष ध्यान दिए जाने की उन्होंने जरूरत बताई और जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रचार प्रसार हेतु 20 जून तक प्रगणको द्वारा मकान की गणना के बारे में ग्राम वासियों को जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग की योजना आयुष्मान कार्ड के संबंध में उन्होंने ग्राम वासियों के अधिक से अधिक कार्ड बनवाए जाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान पौधारोपण करते हुए उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया चौपाल में ग्राम प्रधान शशिबाला सहायक विकास अधिकारी पंचायत समाज कल्याण कृषि पशुधन प्रसार अधिकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती बाल विकास परियोजना अधिकारी लेखपाल जल निगम नलकूप पंचायत सहायक पंचायत सचिव और किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह मौजूद रहे।

## 25 हजार के इनामी फायरिंग कांड के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** थाना मझोला पुलिस ने एक युवक पर जानलेवा फायरिंग करने के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है।पुलिस के अनुसार, 1 जून को थाना मझोला क्षेत्र में एक युवक पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई थी। घटना में घायल युवक के पिता धनीराम निवासी काशीराम नगर, थाना सिविल लाइंस ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि आरोपियों ने उनके पुत्र विवेक और उसके साथी आर्यन चौधरी पर तमंचे से फायरिंग की। गोली विवेक के बाएं कंधे में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरो. पियों ने जान से मारने की धमकी भी दी थी।तहरीर के आधार पर थाना मझोला में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए



थे।पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन तथा सहायक पुलिस अधीक्षक /क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस के पर्यवेक्षण में थाना मझोला पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी क्रम म चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मामले में वांछित आरोपी मनीष पुत्र हुकुम सिंह निवासी टोडी वाजिदपुर, थाना डिडौली, जनपद अमरोहा क्षेत्र में मौजूद है।पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो आरोपी ने भागने का प्रयास किया। इस दौरान हुई मुठभेड़ में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध देशी तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस तथा एक स्कूटी बरामद की गई है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तारी को बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**मुरादाबाद।** थाना गलशहीद पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार थाना गलशहीद क्षेत्र निवासी एक महिला ने 3 जून को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि तीन व्यक्तियों ने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर चोट पहुंचाई तथा घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत के आधार पर थाना गलशहीद में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी कटघर के नेतृत्व में थाना गलशहीद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने शुक्रवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों में आमिर पुत्र



नाजिम निवासी बेगम वाली मस्जिद, असालतपुरा थाना गलशहीद, डॉ. गुफरान अली पुत्र असगर अली निवासी अखबार फैक्ट्री, धीमरी रोड थाना मझोला तथा फहीम पुत्र असगर अली निवासी अखबार फैक्ट्री, धीमरी रोड थाना मझोला शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में आवश्यक साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस का कहना है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## पुत्र न होने पर गर्भवती महिला से मारपीट, गर्भपात का दबाव कोर्ट के आदेश पर चार ससुरालियों पर केस दर्जभोजपुर

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव रानीनांगल में एक गर्भवती महिला को पुत्र न होने पर प्रताड़ित करने और गर्भपात का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चार ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।तीन बेटियां होने पर देते थे ताने पीड़िता पूजा पत्नी रोहित यादव ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी शादी 11 वर्ष पूर्व रोहित यादव से हुई थी। दंपति की तीन पुत्रियां हैं। आरोप है कि पुत्र न होने के कारण ससुराल पक्ष के लोग उसे ताने देते थे और वर्तमान गर्भावस्था के दौरान भी गर्भपात कराने की धमकी दे रहे थे। एफआईआर के अनुसार 22 अप्रैल 2026 को पति रोहित यादव खेत पर गए थे। इसी दौरान ससुर वीरभान सिंह, देवर मोहित, देवरानी गुड़िया और ननद प्रियंका ने पूजा के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। आरोप है कि उसे धक्का देकर गिराया गया, कपड़े फाड़ दिए गए और लोहे की रॉड से पैर पर वार किया गया। पेट में लात मारने से वह बेहोश हो गई। पीड़िता का आरोप है कि उसकी एक पुत्री के साथ भी मारपीट की गई और अन्य दो बच्चियों को भी पीटा गया। आरोपियों ने परिवार को घर से निकाल दिया तथा घर में रखा सामान, कीमती कपड़े और 35 हजार रुपये भी जबरन छीन लिए।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर अधिवक्ताओं की गोष्ठी



**चन्दौसी।** साक्षी चंदौसी एडवोकेट यूनिटी के शुक्रवार को चंदौसी कचहरी परिसर स्थित चंदौसी बार रुम में पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम चंदौसी बार एसोसिएशन चंदौसी अध्यक्ष विनोद सिंह एड0 एवं एल्डर कमेटी चेयरमैन अनिल गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती को प्रणाम कर गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। साक्षी एडवोकेट यूनिटी की संयोजिका एड0 रंजना शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रकृति के द्वारा दी गई अमूल्य धरोहर कैसे बनाएं रखें ओर पर्यावरण संरक्षण विषय पर चर्चा कर गोष्ठी का आरंभ किया। इस विषय पर उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्तागण सहित समस्त सम्मानित सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। चंदौसी बार एसोसिएशन चंदौसी अध्यक्ष एड0 विनोद सिंह ने बंद चौंबर में डस्टबिन रखने की योजना, ट्री गार्ड एवं सफाई अभियान के लिए सहमति दी। साथ ही पूर्व सचिव एड नितिन सिंह ने बताया कि वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए हम सब अधिवक्ता विन्रम सहमति से वर्किंग दिनों में महीने में से एक दिन बिना वाहन के कचहरी आयेंगे। एल्डर कमेटी सदस्य एड0 शकील वारसी एवं एड0 सगीर सैफी ने कचहरी परिसर में पेड़ लगाकर उसकी देखरेख करने का सुझाव दिया। एड अनिल गुप्ता द्वारा सुझाव दिया गया कि जिनके घर कहचरी के पास है वो पैदल भी आ सकते है इससे स्वस्थ भी रहेंगे और प्रदूषण भी कम होगा। इस अवसर पर एड0 शकील अहमद सैफी, एड0 ब्रिजेश प्रताप सिंह, एड0 ललित मोहन सैनी, एड0 सफिया कादिर, एड0 शिप्रा शर्मा, एड0 राहुल मिश्रा, एड0 आदि सदस्यों ने दिये गये सुझावों का स्वागत किया ओर चंदौसी बार एसोसिएशन चंदौसी के सम्मानित अध्यक्ष जी को ज्ञापन दिया गया।एड रंजना शर्मा द्वारा उपस्थित समस्त सम्मानित अधिवक्ता साथियों का आभार प्रकट किया।

## कार्यालय नगर पंचायत उमरी कलां, जनपद-मुरादाबाद

### पताः-मौहल्ला आबिदपुरा, उमरी कलां, जनपद-मुरादाबाद

पत्रांक- 174/न०प०उ०क०/2026-27 दिनांकः-05.06.2026

**( अल्पकालीन ई-निविदा सूचना )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत उमरी कलां जनपद मुरादाबाद के द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में ए श्रेणी में कार्य की लागत सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई- टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। **कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है-**

**मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना ( CM-VNY ) के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों का विवरण**

| क्र० सं० | निर्माण कार्य/क्रय सामग्री का नाम | मद | आगणन राशि जी०एस०टी० व अन्य कर सहित | बिड सिक्योरिटी ( ईएमडी ) 10 प्रतिशत | टेण्डर मूल्य जी०एस०टी० आदि सहित | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | डिजिटल पुस्तकालय/स्टडी केन्द्र का निर्माण कार्य। | CM-VNY | 7991756 | 799176 | 10265 | 09 Month |
| 2 | बहुउद्देशीय खेल सुविधायें सेन्टर का निर्माण कार्य। | CM-VNY | 9980252 | 998025 | 12978 | 09 Month |

1. वेबसाईट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः 07.06.2026 से 08.07.2026
2. ई निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि / समयः 08.07.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक
3. ई निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 08.07.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे से
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आई टी बी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह की जाती है कि वह नियमित रूप से ई निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी को लिये कृपया वेबसाईटhttp/etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें ।

5- अन्य नियमो व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी बेबसाइट http/etender.up.nic.पद पर अपलोड कर दी गई है तथा किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय नगर पंचायत उमरी कलां से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत उमरी कलां**
**मुरादाबाद।**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत उमरी कलां**
**मुरादाबाद।**

## टिमिट के विद्यार्थियों ने 13.96 लाख वार्षिक पैकेज पर किया कार्यभार ग्रहण


कनिष्का रुहेला सव्या गोयल दिव्यांश पाराशर

**मुरादाबाद।** टिमिट के एमबीए, बीबीए व बी-कॉम विभाग के होनहार विद्यार्थियों ने एक और उपलब्धि हासिल करते हुए प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शिक्षा कंपनी जारो एजुकेशन लिमिटेड में कार्यभार संभाल लिया है। हाल ही में आयोजित ऑनकैंपस प्लेसमेंट ड्राइव प्रक्रिया के दौरान, जारो एजुकेशन लिमिटेड ने एमबीए की कनिष्का रुहेला, बीबीए की सव्या गोयल और बी-कॉम के दिव्यांश पाराशर का चयन किया। चार चरणों की कड़ी चयन प्रक्रिया में सफलता प्राप्त करने के बाद कनिष्का रुहेला को 13.96 लाख व सव्या गोयल और दिव्यांश पाराशर को 9.56 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर मैनेजमेंट ट्रेनी/ग्रेजुएट ट्रेनी के रूप में नियुक्त किया गया। चयन के बाद तीनों विद्यार्थियों को कंपनी के कार्यालय में आमंत्रित किया गया, जहां उन्होंने अपनी ट्रेनिंग पूरी कर अब अपनी जिम्मेदारियां संभालनी शुरू कर दी हैं।

इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, वैश्विक स्तर की कंपनियों में कार्य करना प्रत्येक मैनेजमेंट छात्रों का सपना होता है। यह चयन दर्शाता है कि टिमिट के विद्यार्थी कॉरपोरेट जगत की चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के डायरेक्टर श्री अरुण कुमार व डिप्टी डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर ने चयनित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, बदलते जॉब परिदृश्य में छात्रों को हर अवसर के लिए पूरी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए।विद्यार्थियों ने जताया आभारजारो एजुकेशन लिमिटेड में कार्यभार संभालने के बाद तीनों विद्यार्थियों ने टिमिट प्रबंधन, शिक्षकों और अपने मार्गदर्शकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी सफलता का श्रेय संस्थान द्वारा दी गई गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उद्योग-समर्थक प्रशिक्षण को जाता है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर संगोष्ठी एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**मुरादाबाद।** मेरा युवा भारत एवं जिला उद्यान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रम, ग्वार खेड़ा, बिलारी, मुरादाबाद में संगोष्ठी एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विश्व पर्यावरण दिवस की थीम ष्देचपतमक इल छंजनतम, थ्वत ब्सपउंजम, थ्वत व्नत थ्नजनतमष पर विचार-विमर्श किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला युवा अधिकारी श्री सचिन कुमार ने कहा कि पृथ्वी को हरा-भरा एवं सुरक्षित बनाए रखने की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। उन्होंने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा प्रकृति के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमारी अमूल्य धरोहर है, जिसकी सुरक्षा एवं संरक्षण करना प्रत्येक भारतीय नागरिक का कर्तव्य है। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी श्री आर.सी. राणा ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने किसानों एवं नागरिकों को एफपीओ (FPO) के माध्यम से कृषि क्षेत्र में आय वृद्धि के अवसरों के बारे में भी अवगत कराया। संगोष्ठी का संचालन पूर्व स्वयंसेवक श्री रोहन कुमार एवं वृद्धाश्रम संचालक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में रंजीत सैनी, सौरभ कुमार, चंद्र सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने किया व्यापारियों से संवाद

**कांठ ( शाह टाइम्स )** पहली जून से 10 जून के बीच चलने वाले व्यापारी संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत आज वेश्य धर्मशाला में जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों से संवाद किया और उन्हें जीएसटी से



संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराई। कार्यक्रम में आए उपा युक्त राज्य कर रंजीत कुमार सहायक आयुक्त श्री कुमार अंकित राज्य कर अधिकारी प्रवीण कुमार ने व्यापारियों को जीएसटी किस तरह से दी जाती है और किन लोगों के लिए जरूरी है इसके बारे में विस्तार से बताया विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की उन्होंने जानकारी दी व्यापारियों द्वारा पूछे गए सवालों का उन्होंने जवाब दिया और कहा कि व्यापारियों को जीएसटी में रजिस्ट्रेशन कराकर सरकार को सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष निरुपम बिश्नोई एवं व्यापारी मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर नगरपालिका चंदौसी ने किया वृक्षारोपण




**चन्दौसी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगरपालिका परिषद चन्दौसी के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के उद्देश्य से पालिका के अस्थायी कार्यालय गांधी पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर पालि. काध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि 'आज का पौधारोपण, कल के भविष्य का संरक्षण है।' उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की सुंदरता बढ़ाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के प्राणाधार हैं। आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढिघ्यों के सुरक्षित, स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की आधारशिला बनेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसके संरक्षण का दायित्व भी निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और वृक्षारोपण इसके लिए सबसे प्रभावी माध्यमों में से एक है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरित बनाने का संकल्प लिया। नगर पालिका द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सभासद शिव कुमार सैनी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, अवर अभियंता, प्रभाकर गुप्ता, नरेश कुमार, राजकुमार, रविंद्र शर्मा, लवित वार्ष्णेय, मुकुल शर्मा, कृष्णमोहन आदि पालिका कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी की मौजूदगी में ग्राम समाज की भूमि पर बनी अवैध मजार हटाई गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** तहसील गुन्नौर के ग्राम बाघऊ में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से निर्मित मजार को प्रशासन ने शुक्रवार को हटवा दिया। राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने जेसीबी की सहायता से कार्रवाई करते हुए भूमि को कब्जामुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन के अनुसार ग्राम बाघऊ स्थित गाटा संख्या 592 मि., रकबा 1.046 हेक्टेयर में से 24 वर्गमीटर ग्राम समाज ऊसर भूमि पर अवैध रूप से खेरे वाले चमनशाह बाबा दरगाह शरीफ मजार का निर्माण कर कब्जा किया गया था। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय तहसीलदार गुन्नौर ने संबंधित व्यक्ति को बेदखल करने के आदेश जारी किए थे। साथ ही 39 हजार रुपये क्षतिपूर्ति एवं 300 रुपये निष्पादन शुल्क भी आरोपित किया गया था। तहसीलदार न्यायालय के आदेश के विरुद्ध जिलाधिकारी न्यायालय में अपील दायर की गई थी, लेकिन जिलाधिकारी न्यायालय ने 3 जून 2026 को अपील निरस्त कर दी। इसके बाद तहसीलदार रवि सोनकर के निर्देशन में नायब तहसीलदार रजपुरा अनुज कुमार, राजस्व निरीक्षक, लेखपालों एवं पुलिस बल की संयुक्त



टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत, उप जिलाधिकारी गुन्नौर विकास चंद्र, तहसीलदार रवि सोनकर सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने कहा कि जनपद में सरकारी भूमि, सरकारी तालाबों तथा चक मार्गों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध कब्जाधारकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्व में सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं खंड विकास अधिकारियों को सरकारी भूमि, तालाबों और चक मार्गों से अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए गए थे। उसी क्रम में यह कार्रवाई की गई है।

# रतनपुर कलां में 1.02 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क विधायक रामवीर सिंह ने किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ब्लॉक के ग्राम रतनपुर कलां में शुक्रवार को सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने बकेनिया से सरकारी अस्पताल होते हुए राजकीय इंटर कॉलेज रतनपुर कलां के निकट निर्माणाधीन ग्रामीण स्टेडियम तक बनने वाली इस सड़क का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।विधायक ने बताया कि इस सड़क का निर्माण लगभग 1 करोड़ 2 लाख रुपये की लागत से होगा। इसकी कुल लंबाई करीब 720 मीटर होगी। उन्होंने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के विकास को नई गति देगी और लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। विधायक रामवीर सिंह ने कहा कि ग्रामीण स्टेडियम रतनपुर कलां का निर्माण पूरा होने के बाद स्टेडियम में पूरे क्षेत्र से खिलाड़ी आएंगे। सड़क बनने के बाद उन्हें असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। बरसात के समय यहां से निकलने में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, जो अब



दूर हो जाएगी। विधायक ने कहा कि सरकार क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने इस परियोजना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही जनता के विश्वास और सहयोग को कार्यों की सबसे बड़ी प्रेरणा बताया।क्षेत्रवासियों ने इस सड़क परियोजना को बड़ी उपलब्धि बताया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा किया जाएगा।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, जिला मंत्री बृजेश लोधी, विजेंद्र चौधरी, ग्राम प्रधान नजाकत अली, विक्रम सिंह जाटव, सोनू ठाकुर, विजय सिंह पाल, मनीष जाटव, रंजीत पासी, जगत सिंह सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## टीएमयू में एक पेड़ मां के नाम, फ्रूट्स के पौधो रोपित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस पर मिशन लाइफ एवम् एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण हुआ। वृक्षारोपण अभियान के दौरान आम, जामुन, आंवला, अशोक सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस मौके पर टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन ने बतौर मुख्य अतिथि और डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही स्टुडेंट्स ने भी पौधारोपण करके उनकी देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर एनवायरनमेंट क्लब के सलाहकार डॉ. विनोद कुमार जैन, श्री उपेन्द्र मलिक, डॉ रंजीत सिंह, श्री दीपक मलिक के संग-संग विभिन्न कॉलेजों के एनएसएस कोऑर्डिनेटर्स, टीचर्स और स्टुडेंट्स मौजूद रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना-एनएसएस इकाई और एनवायरनमेंट क्लब की उल्लेखनीय भूमिका रही।




### पर्यावरण संरक्षण को स्टुडेंट्स दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज में हेम. वती नंदन बहुगुणा गढ़वाल, यूनिवर्सिटी के पूर्व लॉ एचओडी प्रो. सुभाष चंद्र गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के सम्मान में कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा, वृक्ष पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रो. गुप्ता पर्यावरण संरक्षण एवम् वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर आयोजित विशेष व्याख्यान एवम् जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर लॉ कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार सिंह ने स्टुडेंट्स से पर्यावरण संरक्षण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और वृक्षारोपण अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. राकेश कुमार, डॉ. डालचंद गौतम के संग-संग लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव पाडली बाजे में गांव के बाहर अमृत सरोवर के पास आम के पेड़ पर एक 25 वर्षीय युवक शव लटका मिलने से गांव में सनसनी फैल गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह गांव की एक महिला जंगल की तरफ गई तो वहां पर उसने एक युवक को पेड़ पर लटका देख गांव तरफ भागी और इसकी जानकारी ग्राम प्रधान को दी ग्राम प्रधान ने मौके पर पहुंच कर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेज दिया । मृतक की पहचान गांव के ही संजय पुत्र बृजकिशोर के रूप में हुई।

ग्रामीणों के अनुसार बताया जाता है 14 दिन पहले ही मृतक की माता की मौत हुई थी और वह मान. सिक रूप से बीमार भी था।

# ईद ए गदीर की नमाज हुई, जश्ने ईद ए गदीर का जुलूस निकला

### घर घर पकवान बना कर दिलाई नियाज, आजाखानो व इमामबाडो में हुई नूरानी महफिलें

**कुंदरकी।** शुक्रवार को शिया समुदाए ने इस्लामिक ईद ए अकबर यानी ईद ए गदीर की नमाज अदा की तथा जश्ने ईद ए गदीर का जुलूस



निकाला । नगर स्थित मस्जिदे सादात में मौलाना अफाक आलम जैदी ने ईद ए गदीर की नमाज अदा कराई तथा शुक्रवार की नमाज के बाद जश्ने ईद ए गदीर का हर्षोल्लास के साथ जुलूस निक. ाला जिसमे युवा नारे तकबीर अल्लाह हो अकबर नारे रिसालत या रसूल अल्लाह, नारे हैदरी या अली के नारे लगा रहे थे । जुलूस के दौरान मौलाना अफाक आलम जैदी ने कहा कि इस्लामिक 18 जिल्हीज को पैगंबरे इस्लाम ने अपने आखरी हज करके वापस आ रहे थे तब पैगंबरे इस्लाम पर खुदा कि आकशवाणी आई कि ए रसूल वह पैगाम पहुंचा दो जिसका हुक्म तुमको दिया जा चुका है तब पैगंबरे इस्लाम ने गदीर के मैदान में सवा लाख हाजियों को तीन दिन तक वही रोका और फिर रसूले करीम ने ऊटो के कजावे का मिंबर बना कर उस पर खड़े होकर तवील खुतबा दिया और हजरत इमाम अली का हाथ अपने हाथ है लेकर बुलंद किया और फरमाया जिस जिस का में मौला उस उसका अली । रसूले करीम का उत्तराधारी हजरत के घोषित होते ही गदीर के मैदान में जश्न का महौल कायम हो गया था और हजरत अली को लोगो ने तीन दिन तक मुबारकबाद पेश की गई । मौलाना मुहम्मद नकी रिजवी ने कहा कि छठे इमाम जाफर ए सादिक अले ने ईद ए गदीर को ईद ए अकबर बताया और इस ईद ए गदीर को मोमेनीनो की ईद बताया है। काशिफ काजमी ने कहा कि ईद गदीर के मौके पर ही अल्लाह ने नेमतों को तमाम करने और इस्लाम को मुकम्मल करने का ऐलान किया । जुलूस अपनी राहों से होता हुआ

इमामबाड़ा हजरत अबूतालिब पर समाप्त हुआ । जुलूस मे बड़ी सख्या मे शिया समुदाए के लोग शामिल रहे तथा संचालन गुलाम मेहंदी नकवी ने किया। इसके अलावा देर रात तक शिया समुदाए के इमामबाडो व आजाखानो पर नूरानी महफिले हुई तथा घर घर पकवान बनाकर हजरत रसूले करीम और हजरत इमाम अली की न्याज दिलाई गई तथा युवाओं ने जगह जगह शरबत की सबील की तथा तबरूक वितरण किया।

## एक नजर

### दिव्यांश बिश्नोई को मिली जिला सहसंयोजक आईटी की जिम्मेदारी

**कांठ ( शाह टाइम्स )** भारतीय जनता पार्टी द्वारा घोषित पदाधिकारियो की सूची में सलावा गांव के दिव्यांश बिश्नोई को आईटी



सेल में जिला सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। दिव्यांश ने विद्यार्थी परिषद से छात्र राजनीति की शुरुआत की थी 2019 में भाजपा से जुड़े और कार्यकर्ता के रूप में काम किया मंडल संयोजक अगवानपुर सोशल मीडिया बनने के बाद उन्हें अ अ अगवानपुर में मंडल मंत्री बनाया गया और अब सहसंयोजक की जिम्मेदारी उन्हें दी गई है इसके अलावा कांठ से संजय ढाका को जिला मीडिया प्रभारी सुमित दिवाकर को जिला सह सोशल मीडिया संयोजक और काँठ से ही सत्यवान राजपूत को जिला सह मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी पदाधिकारियो ने इस जिम्मेदारी के लिए भारतीय जनता पार्टी और उसके नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

### दीवार विवाद को लेकर महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट तीन के खिलाफ दी तहरीर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** रुस्तमपुर गांव में चल रहे दीवार निर्माण के पुराने विवाद को लेकर कुछ लोगों ने घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट करते उसे घायल कर दिया पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि जितेंद्र और अमन आदि के बीच दीवार निर्माण को लेकर पहले से विवाद चल रहा है महिला का कहना है कि इस वजह से



उनके घर के पुरुष अक्सर बाहर रहते हैं जितेंद्र की पत्नी संतोष घर पर थी दूसरे पक्ष के अमन सुनीता तथा राजीव जबरन दीवार का निर्माण करने लगे महिला ने विरोध किया तो तीनों उसके घर में घुस गए और महिला को मारपीट कर घायल कर दिया शोर मचाया तो हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।महिला थाने पहुंची और उसने हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने महिला को चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल भिजवाया बताया गया कि वहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रैफर किया गया है।

### कबीर जयंती पर सदगुरु कबीर आश्रम में होगा दो दिवसीय कार्यक्रम

**मुरादाबाद।** कवीर सेवा दयानाम अनुयाई संस्था की समिति की बैठक पटपट सराय स्थित सदगुरू कबीर आश्रम चौड़ा कुंआ पर हुई। अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष डा. जगदीश सरन कश्यप ने की। संचालन महामंत्री वैध वीपी सिंह ने किया। बैठक में कबीर जयंती पर पटपट सराय स्थित सदगुरू कवीर अन्नरम में दो दिवसीय कार्यक्रम कराने पर चर्चा हुई। अध्यक्षीय सम्बोधन में डा. जगदीश सरन कश्यप ने बताया कि 28 जून को प्रात: 6 बजे से 24 घंटे के लिये सत्यनाम धुन प्रारंभ होगी।

इसका समापन 29 जून को प्रात: 6 बजे होकर प्रात: 19 बजे आश्रम में समाधियों के पास ध्वजारोहण होगा सांय 6 बजे सात्विक यज्ञ चौका विधान के बाद रात्रि आठ बजे आरती उपरांत भंडारा होगा। बैठक में दीवार कन्हैया लाल, महेश यादव, अशोक श्रीमाली सुखदेव, अतुल जौहरी, टीकाराम यादव, पुष्पेन्द्र श्रीमाली, विशाल सैनी, लल्ला दास श्री माली, संजय यादव आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### चक रोड पर पानी चलाने से मना करना युवक को पड़ा भारी, किसान पर तमंचे से फायर करने का अरोप

**कुंदरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने शुक्रवार को पुलिस में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि शुक्रवार की सुबह वह अपने खेत पर पेड़ की टहनी काटने गया हुआ था तभी पड़ोसी कृषक द्वारा सरकारी चक रोड पर खेत को पानी लग रहा था किसान ने चौक रोड खराब होने की बात कह कर विरोध किया।

इसी बात को लेकर पड़ोसी कृषक उसका भाई और एक अन्य व्यक्ति आग बबूला हो गए और किस पर अरोप है कि अवैध तमंचे से बार कर दिया पीड़ित सुभान ने बताया कि गनीमत रही की गोली उसके ऊपर से होकर गुजर गई वरना एक बड़ा हादसा हो जाता किसान ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी कई बार खेत की मेंड काटने को लेकर विवाद हो चुका है जिससे उक्त व्यक्ति पुरानी रंजीश को मानते हुए आज जान से मारने की नियत से उसके ऊपर जानलेवा हमला करते हुए फायर किया पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

### खाद की किल्लत के चलते किसान परेशान लग रही दुकानों पर भीड़




**कांठ ( शाह टाइम्स )** कृषि प्रधान कहे जाने वाले देश का किसान आज यूरिया खाद की किल्लत के चलते दुकान दुकान भटक रहा है और वहां भी उसे भीषण गर्मी में लाइन लगाकर खड़ा होना पड़ रहा है फिर भी उसकी जरूरत के मुताबिक खाद आसानी से उपलब्ध नहीं है। किसानों ने इस तरह की व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की है बतादें कि भारत कृषि प्रधान देश के नाम से जाना जाता है यहां की सत्तर प्रतिशत से ज्यादा आबादी खेती किसानी पर आधारित है और इस खेती के चलते पूरे देश का पेट भरने के लिए किसान फसल उगाता है लेकिन फसल के अच्छे उत्पादन के लिए उसे उर्वरकों की आवश्यकता भी होती है इस समय किसान को गन्ने की फसल तैयार करने के लिए यूरिया की जरूरत है। और यूरिया बाजार में उपलब्ध नहीं है किसान सरकारी दुकानों पर धक्के खा रहा है सहकारी समितियो में भी खाद ना होने की बात किसान के सामने आती है और खाद होता भी है तो फिर और भी कई परीक्षाओं से गुजरने के बाद उसे खाद मिल पाता है पहली परीक्षा किसान की फार्मर रजिस्ट्री होना जरूरी है दूसरी परीक्षा एकड़ के हिसाब से किसान को मिलने वाली खाद की मात्रा तय कर दी गई है उसमें भी कुछ दिन का अंतराल रखा गया है जिसके चलते अब खाद की दुकानों पर किसानों की भीड़ दिखाई दे रही है और किसान कृषि प्रधान देश में कृषि के लिए लगाए जाने वाले उर्वरक को लेकर परेशान है।



शाह टाइम्स
शनिवार, 6 जून 2026
Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सम्पादकीय

## जनगणना की मुश्किलें

यह सुनिश्चित करना नीति- निर्माताओं की जिम्मेदारी है कि जनगणना के आंकड़े सटीक और भरोसेमंद हों। उन्हें लोगों को सही सूचनाएं मुहैया कराने के लिए जागरूक भी बनाना होगा, क्योंकि सार्वजनिक नीतियां और कल्याणकारी योजनाएं इन आंकड़ों के आधार पर बनायी जाती हैं और अंततः उन्हें ही फायदा पहुंचाती हैं। राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में जनगणना 2027 के कुछ प्रगणकों को बेहद असामान्य कारणों से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यह परेशान करने वाली बात है कि इन दो राज्यों में जहां जनगणना का पहला चरण दृ मकान सूचीकरण और मकान गणना (एचएलओ) चल रहा है, प्रगणकों को परिवारों के पास दोबारा जाने और आंकड़ों में असंगतियों को ठीक करने और सरकार की छवि खराब दिखा सकने वाले विकल्प नहीं चुनने की सलाह दी गयी है। पुनर्सत्यापन किसी भी अध्ययन या सर्वेक्षण का एक जायज हिस्सा है, लेकिन यह सच्चाई को सटीक ढंग से प्रतिबिंबित करने के लिए होना चाहिए, न कि धारणाओं को प्रबंधित करने के लिए। राजस्थान में, यह मसला जिला-स्तरीय अधिकारियों को जनगणना कार्य निदेशक के उस परिपत्र से उपजा है जो क्षेत्र के आंकड़ों (फील्ड डेटा) में चिह्नित की गयी असंगतियों से संबंधित है। जैसा कि ऊपर से दिख रहा है, इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि प्रश्नावली में उपयुक्त विकल्पों का इस्तेमाल करके आंकड़े सटीकता के साथ दर्ज किये जाएं। हालांकि, कुछ मामलों में प्रगणकों को पूर्व-धारणाओं के आधार पर आंकड़े दर्ज करने को कहा गया है। मसलन, अगर किसी परिवार के पास शौचालय नहीं है, तो प्रगणक को यह देखने को कहा गया है कि क्या नजदीक में शौचालय उपलब्ध है, जिसके आधार पर प्रविष्टि को खुले में शौच से बदलकर 'शौचालय तक पहुंच है, किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश में संदेश यह प्रतीत होता है कि तथ्यों को जस का तस न पेश किया जाए, जिससे एक बेहद अहम और संवे. दनशील कवायद के लिए आंकड़ों की सत्यता और विश्वसनीयता के बारे में चिंता खड़ी हो रही है। खुले में शौच के खिलाफ देश में लंबे समय से चल रहे अभियान जैसे कार्यक्रम कितने कारगर साबित हुए हैं, यह प्रकरण इसे सामने लाता है। कई राज्यों ने ठोस प्रगति की है, लेकिन यह निष्कर्ष निकालना कि समस्या खत्म हो गयी है, हकीकत से मुंह मोड़ना होगा। धन मुहैया कराने समेत प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए, शहरों और गांवों को निश्चित मानदंडों के आधार पर खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ), ओडीएफ प्लस और ओडीएफ प्लस मॉडल जैसी श्रेणियों में बांटना वाजिब है, लेकिन सबसे अहम सवाल यह है कि क्या इस तरह का वर्गीकरण हकीकत को दर्शाता है या फिर प्रगणकों के काम के साथ विरोधाभास को जन्म देता है। अधिकारियों को प्रगणकों द्वारा सामना की जा रही जायज कठिनाइयों को स्वीकार करना चाहिए और उनका समाधान निकालना चाहिए।

## छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव



नागरिक अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव लाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें, पर्यावरण केवल हमारे अस्तित्व का आधार नहीं, बल्कि इसका संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी है, विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर आइए देखें कि किस प्रकार भारत की संसद पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और हरित भविष्य के संकल्प को साकार कर रही है, संसद परिसर की हरियाली, स्वच्छ वातावरण, पेपरलेस कार्यप्रणाली, सिगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध तथा पर्यावरण- अनुकूल संसदीय भवन जैसी पहलें प्रकृति और प्रगति के संतुलित संगम का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करती हैं, जब पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना कर रहा है, तब हम सभी का दायित्व बनता है कि अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव लाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। **-ओम बिरला, अध्यक्ष, लोकसभा**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर,
पिन कोड-251003

# मरीज पूछ रहा मेरा जीवन इतना सस्ता



प्रो. आर.के. जैन

स्वास्थ्य व्यवस्था की असली परीक्षा अस्पतालों की इमारतों से नहीं, मरीज को समय पर मिलने वाले उपचार से होती है। दुर्भाग्य से, देश की चिकित्सा व्यवस्था के सर्वोच्च प्रतीकों में गिने जाने वाले एम्स भी अब लंबी प्रतीक्षा की समस्या से जूझ रहे हैं। एम्स भोपाल में गैर-इमरजेंसी द्धरूटीनञ्ञ केस में कई मरीजों को सीटी स्कैन या एमआरआई जैसी जरूरी जांच के लिए तीन-चार माह इंतजार करना पड़े, तो यह केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था की संवेदनहीनता का संकेत है। बीमारी न प्रशासनिक प्रक्रियाओं का इंतजार करती है, न सरकारी गति काय वह हर दिन गंभीर होती जाती है। ऐसे में 120 दिन बाद जांच की तारीख मिलना एक चिंताजनक प्रश्न खड़ा करता हैकृइसका बोझ आखिर कौन उठाएगा, मरीज, उसका परिवार या उसका जीवन?



एम्स भोपाल की लंबी वेटिंग लिस्ट अब केवल एक अस्पताल की समस्या नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की पुरानी चुनौती का प्रतीक बन गई है। कम खर्च में बेहतर इलाज की उम्मीद लेकर आने वाले लाखों गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों के लिए सस्ता इलाज भी तब बेमानी हो जाता है, जब जरूरी जांच ही महीनों बाद उपलब्ध हो। पेट के असहनीय दर्द, कैंसर की आशंका, मस्तिष्क रोग या अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीज यदि केवल व्यवस्थागत कमी के कारण चार माह प्रतीक्षा करने को विवश हों, तो यह स्वास्थ्य सेवा नहीं, संवेदनहीनता है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि बीमारी किसी वेटिंग लिस्ट का इंतजार नहीं करतीय वह लगातार बढ़ती जाती है और कई बार उपचार की संभावनाओं को भी सीमित कर देती है। विडंबना यह है कि इस व्यवस्था का सबसे बड़ा बोझ उसी वर्ग पर पड़ रहा है, जिसके नाम पर राजनीति सबसे अधिक होती है। आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति निजी अस्पताल में कुछ घंटों या दिनों में जांच करा लेता है, लेकिन मजदूर, किसान, छोटा व्यापारी और निम्न मध्यमवर्गीय परिवार के लिए यह विकल्प अक्सर पहुंच से बाहर होता है। ऐसे में उसके सामने दो ही रास्ते बचते हैंकृकर्ज लेकर निजी जांच कराए या दर्द और आशंका के बीच सरकारी अस्पताल की लंबी प्रतीक्षा सहे। यह केवल चिकित्सा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक असमानता का भी दर्पण है। स्वास्थ्य सुविधाएं आय से नहीं, आवश्यकता से तय होनी चाहिए, किंतु मौजूदा व्यवस्था में पैसे वालों को समय मिलता है और अभावग्रस्तों को इंतजार।

लंबी वेटिंग लिस्ट वर्षों से बढ़ती मांग और अपर्याप्त संसाधन विस्तार की कीमत है। मरीजों का बोझ बढ़ता रहा, लेकिन डॉक्टरों, विशेषज्ञों और तकनीकी कर्मचारियों की संख्या लगभग वहीं ठहरी रही। कई सुपर-स्पेशियलिटी विभाग सीमित मानव संसाधनों पर निर्भर हैं, जबकि रेडियो डायग्नोसिस जैसे अहम विभाग पर्याप्त स्टाफ के अभाव में अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहे। परिणाम सामने हैकृसंसाधन मौजूद हैं, पर सेवाएं नहींय मशीनें हैं, पर समय पर जांच नहीं। प्रश्न यह है कि जब बढ़ती जरूरतें वर्षों से दिखाई दे रही थीं, तब उनकी तैयारी क्यों नहीं की गई? आखिर किस स्तर की चूक ने देश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों को भी प्रतीक्षा के संकट में धकेल दिया? जब राजनीति का केंद्र तात्कालिक लोकप्रियता बन जाए, तब अस्पतालों की जरूरतें अक्सर हाशिए पर चली जाती हैं। यही कारण है कि मुफ्त योजनाओं और लोकलुभावन घोषणाओं पर अरबों रूपए खर्च हो जाते हैं, लेकिन डॉक्टरों की भर्ती, नई मशीनों और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए संसाधनों का अभाव बताया जाता है। विडंबना यह है कि वोट के लिए खजाना खुल जाता है, पर जीवन बचाने के लिए बजट सीमित पड़ जाता है।

वास्तविक जनकल्याण मुफ्त सुविधाएं बांटने में नहीं, बल्कि ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था खड़ी करने में है जहां किसी मरीज को जांच के लिए महीनों प्रतीक्षा न करनी पड़े। स्वास्थ्य और शिक्षा के बुनियादी ढांचे पर गंभीर निवेश ही देश की तस्वीर बदल सकता है। अब जरूरत आश्वासनों नहीं, कार्रवाई की है। एम्स भोपाल में अतिरिक्त सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनें लगाई जाएं तथा रेडियो डायग्नोसिस विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों, तकनीशियनों और कर्मचारियों की भर्ती हो। उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए 24 घंटे शिफ्ट आधारित संचालन लागू किया जाए। आयुष्मान भारत के दायरे में सभी आवश्यक जांचें लाई जाएं और सार्वजनिक-निजी भागीदारी से सुविधाओं का विस्तार हो, बिना मरीजों पर अतिरिक्त बोझ डाले। साथ ही, डिजिटल अपॉइंटमेंट प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया जाए। एम्स भोपाल की स्थिति को चेतावनी मानते हुए देशभर के सरकारी अस्पतालों में संसाधन और मानवबल बढ़ाना अनिवार्य है, ताकि मरीजों को इलाज मिले, इंतजार नहीं।

स्वास्थ्य व्यवस्था का बोझ केवल एम्स जैसे संस्थानों के भरोसे नहीं उठाया जा सकता। जब जिला अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं होंगी, तो बड़े संस्थानों पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। इसलिए स्वास्थ्य शिक्षा, रोग-निवारण और प्रारंभिक जांच व्यवस्था को मजबूत करना उतना ही जरूरी है, जितना उपचार सुविधाओं का विस्तार। मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़ाने, विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करने और ग्रामीण क्षेत्रों तक आधुनिक जांच सुविधाएं पहुंचाने पर भी समान ध्यान देना होगा। आखिर स्वास्थ्य व्यवस्था केवल भवनों से नहीं, बल्कि सक्षम मानव संसाधन और जवाबदेह प्रशासन से मजबूत बनती है। स्वास्थ्य कोई दया या उपकार नहीं, बल्कि नागरिक का मौलिक अधिकार है। यदि किसी मरीज को अपनी बीमारी की सच्चाई जानने के लिए महीनों प्रतीक्षा करनी पड़े, तो यह व्यक्तिगत दुर्भाग्य नहीं, व्यवस्था की नाकामी है। एम्स भोपाल की चार माह लंबी जांच प्रतीक्षा सूची इसी विफलता का प्रतीक है। यह मौन संकट हजारों परिवारों की चिंता बढ़ा रहा है। सरकारों को याद रखना होगा कि अस्पतालों की कतारों में खड़े लोग आंकड़े नहीं, इंसान हैं। यदि स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं मिली, तो जनकल्याण के दावे अर्थहीन रह जाएंगे। आखिर सवाल यही हैकृ क्या एक गरीब मरीज के लिए महीनों का इंतजार सामान्य हो गया है? क्योंकि जांच में हर देरी कई बार जीवन की संभावनाएं भी कम कर देती है। ऐसी व्यवस्था पर गर्व नहीं किया जा सकता, जहां बीमारी की रफ्तार उपचार से तेज हो।

# दिल्ली की गर्मी से बचना है, तो यहां जाएं

**हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में ऐसी बहुत सी जगहें हैं, जहां पर लोग जाना पसंद करते हैं। उत्तराखंड की बात करें, तो यहां मसूरी, नैनीताल, ऋषिकेश, तुंगनाथ जैसी जगहें हैं, जो ट्रैवल लिस्ट पर नंबर 1 रहती हैं। उत्तराखंड में एक ऐसी जगह भी है, जिसको बादलों का देश कहा जाता है। यहां की खूबसूरती ऐसी है कि यह लोगों का मन मोह लेती है। अगर आप भी जून की भीषण गर्मी और दिल्ली की भागदौड़ से थोड़े दिन के लिए राहत पाना चाहती हैं, तो आप इस वीकेंड बादलों के देश जा सकती हैं।**

भाघूमने का शौक लगभग हर किसी को होता है। जैसे ही छुट्टियां मिलती हैं, वैसे ही लोग घूमने के लिए निकल जाते हैं। वहीं जब गर्मियों में घूमने की बात होती है, तो लोग पहाड़ों पर जाना पसंद करते हैं। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में ऐसी बहुत सी जगहें हैं, जहां पर लोग जाना पसंद करते हैं। उत्तराखंड की बात करें, तो यहां मसूरी, नैनीताल, ऋषिकेश, तुंगनाथ जैसी जगहें हैं, जो ट्रैवल लिस्ट पर नंबर 1 रहती हैं। उत्तराखंड में एक ऐसी जगह भी है, जिसको बादलों का देश कहा जाता है। यहां की खूबसूरती ऐसी है कि यह लोगों का मन मोह लेती है। अगर आप भी जून की भीषण गर्मी और दिल्ली की भागदौड़ से थोड़े दिन के लिए राहत पाना चाहती हैं, तो आप इस वीकेंड बादलों के देश जा सकती हैं।



### बादलों का देश

उत्तराखंड के लैंसडाउन को बादलों का देश कहा जाता है। इसका नाम पहले कालौं का डांडा था। यह एक गढ़वाली भाषा है। जिसका मतलब है काले बादलों से घिरा पहाड़ है। समुद्र तल से लैंसडाउन की ऊंचाई करीब 1700 मीटर है। दिल्ली से यह जगह 258 किमी है। यानी की आप वीकेंड पर यहां आ सकती हैं।

### लैंसडाउन क्यों है खास

उत्तराखंड के पौढ़ी गढ़वाल जिले में लैंसडाउन स्थित है। यह एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। बादलों का देश होने की वजह से यहां पर पहाड़ों के बीच आपको बादल तैरते हुए नजर आएंगे। वहीं यह जगह देवदार के घने पेड़ों से घिरी है। अगर आप शोर-शराबे के दूर कुछ समय सुकून के बिताना चाहते हैं, तो लैंसडाउन आपके लिए परफेक्ट है।

### खासियत

लैंसडाउन की सबसे खास चीज यहां का मौसम है। खासकर जून-जुलाई के मौसम में बादल काफी नीचे तक आ जाते हैं। वहीं कई बार ऐसा लगता है जैसे बादल सड़क पर और पहाड़ों के बीच घूम रहे हैं।

### घूमने लायक जगहें

भीम पकोड़ा
टिप-इन-टॉप व्यू पॉइंट
सेंट जॉन चर्च
भुल्ला ताल
कालागढ़ वाइल्डलाइफ एरिया के आसपास का इलाका

### खाने का स्वाद

आप लैंसडाउन में छोटे कैफे और लोकल खाने की काफी दुकानें हैं। आप यहां पर चाय और पहाड़ी स्नैक्स का मजा ले सकती हैं। कई लोग सुबह के समय मैगी और चाय के साथ पहाड़ों का नजारा एंजॉय करते हैं।

### ऐसे पहुंचें लैंसडाउन

अगर आप यहां जा रहे हैं, तो आप प्राइवेट या फिर अपनी कार से भी जा सकते हैं। इसके लिए आपको 6 से 7 घंटे का समय लगेगा। इसके अलावा आप ट्रेन से भी जाना अच्छा ऑप्शन हो सकता है। इसके लिए आपको दिल्ली से कोटद्वार के लिए डायरेक्ट ट्रेन मिल जाएगी। यहां से आप कैब या टैक्सी से लैंसडाउन जा सकती हैं।

# बेहद शानदार रही नेपाल के राजनेता की भारत यात्रा



यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल में सत्तारूढ़ दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामी छाने पांच दिवसीय भारत यात्रा पूरी कर शुक्रवार को काठमांडू वापस लौट गए। नेपाल में वाया जेन जी आंदोलन सत्ता परिवर्तन के बाद शासक दल के किसी उच्च पदस्थ राजनेता की यह बहुप्रतीक्षित यात्रा थी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि लामी छाने के पहले प्रधानमंत्री बालेन शाह के भारत आगमन की चर्चा थी, लेकिन किन्हीं कारणों से वे नहीं आ पाए। उनकी जगह पार्टी अध्यक्ष का भारत आगमन हुआ।

भारत में अपने नन्हे पड़ोसी राष्ट्र के शीर्ष नेता का स्वागत किस अंदाज में हुआ, दुनिया ने इसे आंख खोल. कर देखा। रवि लामी छाने की प्रधानमंत्री मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर, गृहमंत्री अमित शाह, सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, भाजपा के विदेश विभाग प्रमुख विजय चौथालोई आदि नेताओं से हुई शानदार मेल मिलाप देख चीन निसंदेह भौंचक हुआ होगा। कुल मिलाकर नेपाल के सत्ता रूढ़ दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भारत यात्रा बहुत शानदार रहा और इसकी तारीख नेपाल में विपक्षी दल भी कर रहे हैं। मधेश से ताल्लुक रखने वाले राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रकाश राजौरिया कहते हैं कि इससे पहले भारत जाने वाले नेपाल के राजाओं का भी स्वागत इतने शानदार तरीके से नहीं हुआ होगा। उन्होंने कहा भारत ने नेपाल का दिल जीत लिया। रवि लामी छाने की भारत यात्रा काफी सुखद और संतोष जनक रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपने ट्विटर एक्स पर खुद ऐसा कहा है। उन्होंने कहा कि नेपाल को लेकर भारत की नीति हमेशा सकारात्मक ही रही है। नेपाल के नई सरकार के साथ मिलकर भारत नेपाल के लिए बहुत कुछ अच्छा करना चाहेगा। नेपाल में जब भी नई सरकार सत्ता सीन होती है तो भारत और चीन में इस बात को लेकर उत्सुकता बढ़ जाती है कि नेपाल का नया निजाम अपने पहले विदेश यात्रा में किस देश को तरजीह देता है? रवि लामी छाने की भारत यात्रा को तरजीह देने का संदेश बड़ा है।

रवि लामी छाने की भारत यात्रा नेपाल में राजनी. तिक अफरातफरी के बीच संपन्न हुआ। काठमांडू प्रति. निधि सभा में प्रधानमंत्री बालेन शाह के सीमावर्ती भू क्षेत्रों पर कब्जा संबंधी दिए गए एक बयान के बाद विपक्ष हरकत में आ गया और सरकार के खिलाफ हमलावर हो उठा। लेकिन रवि लामी छाने का भारत में उच्च राजनीतिक मेल-मिलाप में आठ सूत्रीय जो एजेंडा सामने आया, उससे नेपाल का विपक्ष खुद को धराशाई महसूस कर रहा है। नेपाल के ही एक राजनी. तिक विश्लेषक ने रवि लामी छाने की भारत यात्रा और उनके एजेंडे पर संतोष की सांस लेते हुए कहा कि चलो देर आयद दुरुस्त आयद। अर्थात नेपाल के नई सरकार के किसी उच्च पदस्थ राजनेता की भारत यात्रा जरूर देर में हुई लेकिन नेपाल के लिए सुखद रही। नेपाल में पूर्व की सरकार में गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री रहे रवि लामी छाने जाने माने टीवी जर्नलिस्ट भी हैं और वे नेपाल के लिए भारत के महत्व को बखूबी समझते हैं। उन्होंने भारत और नेपाल के बीच जरूरी आठ बिंदुओं को रेखांकित किया है। देखा जाय तो यह न केवल भारत के लिए भी संतोषजनक है, दोनों देशों के बीच सदियों की मधुरता और रोटी बेटी के रिश्ते को और मजबूती प्रदान करने की दिशा में बड़ा कदम है। रवि लामी छाने के आठ प्रमुख बिंदुओं में सबसे बड़ा मसला सीमा क्षेत्रों में कब्जे को लेकर है। इस मसले पर अपनी बेबाक राय रखते हुए रवि लामी छाने ने कहा कि नेपाल-भारत संबंधों को भू-राजनीतिक विवादों से ऊपर उठकर विकास, निवेश, व्यापार, ऊर्जा और आर्थिक साझेदारी के नए युग में प्रवेश कराने की आवश्यकता है। उन्होंने दोनों देशों के संबंधों को और अधिक मजबूत, व्यावहारिक तथा भविष्य उन्मुख बनाने पर जोर दिया। रवि लामी छाने ने कहा कि नेपाल और भारत के बीच संबंधों की जो परिभाषा है उसे बदलने का समय आ गया है। उनके अनुसार दोनों देशों के बीच सहयोग का आधार केवल राजनीतिक और कूटनीतिक संवाद नहीं, बल्कि साझा विकास और आर्थिक समृद्धि होना चाहिए। कहा कि नेपाल-भारत संबंधों की बुनियाद विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने सीमा सहित सभी लंबित विवादों को संवाद, ऐतिहासिक तथ्यों और आपसी समझदारी के माध्यम से हल करने पर जोर दिया। उन्होंने जुमलों की राजनीति से बचते हुए व्यावहारिक समाधान खोजने की वकालत की। रक्सौल-काठमांडू रेलमार्ग को दोनों देशों के बीच सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक परियोजनाओं में से एक बताते हुए उन्होंने कहा कि इस रेल संपर्क के शुरू होने से व्यापार, पर्यटन, माल ढुलाई और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक बदलाव आएगा। उन्होंने पोखरा और लुंबिनी के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को प्रभावी बनाने के लिए पोखरा और लुंबिनी से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे भारतीय शहरों तक सीधी उड़ानें शुरू करने को जरूरी बताते हुए कहा इससे दोनों देशों के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से उन्होंने 'काठमांडू-बेंगलुरु डिजिटल कॉरिडोर' विकसित करने की बात कही।

उनका मानना है कि डिजिटल भुगतान, फिनटेक और सीमा-पार डिजिटल प्लेटफॉर्म दोनों देशों के युवा उद्यमियों के लिए नए अवसर पैदा कर सकते हैं।उन्होंने भारत की प्रतिष्ठित शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थाओं को नेपाल में विस्तार करने का आ]वान किया। उनके अनुसार नेपाल में आईआईटी और एम्स जैसे संस्थानों की स्थापना से शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयां मिल सकती हैं। भारत पहले ही नेपाल में उच्च स्वास्थ्य व्यवस्था की पेशकश कर चुका है। रवि लामी छाने ने भी गुजरात को विकास का माडल माना है। वहां के औद्योगिक विकास मॉडल का उल्लेख करते हुए कहा कि नेपाल-भारत सीमा क्षेत्र में संयुक्त रूप से रासायनिक उर्वरक उद्योग स्थापित करने का सुझाव दिया। उनका कहना है कि इससे कृषि उत्पादन, आपूर्ति श्रंखला और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगा। नेपाल की विशाल जलविद्युत क्षमता को भारत के औद्योगिक विकास से जोड़ने की वकालत करते हुए उन्होंने एकीकृत ऊर्जा बाजार के निर्माण की आवश्यकता बताई। साथ ही आधुनिक एकीकृत चेकपोस्ट, सुगम ट्रांजिट व्यवस्था और व्यापारिक अवरोधों को कम करने पर भी जोर दिया। आईपीएल खेल को भी द्विपक्षीय सहयोग का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए रवि लामी छाने ने भविष्य में नेपाली खिलाड़ियों के साथ-साथ नेपाली स्टेडियमों को भी आईपीएल फेंचाइजी संरचना से जोड़ने की संभावना व्यक्त की। उनका मानना है कि खेल दोनों देशों के लोगों को और अधिक निकट ला सकता है, इससे दोनों देशों के नागरिकों में भाईचारगी बढ़ेगी। रवि लामी छाने ने नेपाल में हुए राजनीतिक परिवर्तन को ह्बैलेट बॉक्स क्रांतिह्न की संज्ञा देते हुए कहा कि देश की नई पीढ़ी विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही पर आधारित राजनीति चाहती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एक आकांक्षी नेपाल और उभरता हुआ भारत मिलकर दक्षिण एशिया में सहयोग, समृद्धि और स्थिरता का नया अध्याय लिख सकते हैं। फिलहाल भारत की ओर से रवि लामी छाने के सभी आठों बिंदुओं के साथ आगे बढ़ने का आश्वासन दिया गया है। भारत ने भी दोनों देशों के लिए रवी लामी छाने के आठ सूत्रीय एजेंडे की सराहना की है और इसे हर .ष्टि से बेहतर माना है। रवि लामी छाने के इस एजेंडे को देख नेपाल के अच्छे अच्छे विश्लेषक अचंभित हैं।

# ईरान के सुप्रीम लीडर से मिलकर गर्व होगा: ट्रम्प

## कहा: डील हुई, तो मुलाकात संभव, यूरेनियम लेने सेना भेजने वाले थे, लेकिन इसमें जोखिम

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर अमेरिका और ईरान के बीच समझौता होता है, तो वह ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से मिलने के लिए तैयार हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा मैं सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से मिलना नहीं चाहता, लेकिन अगर मुलाकात होती है तो मुझे गर्व होगा।

अगर डील हो जाती है तो मुलाकात संभव है। मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं होगी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि कोई भी संभावित मुलाकात सम्मानजनक होगी और मैं ईरान के सुप्रीम लीडर से इज्जत से पेश आऊंगा। इसके अलावा, ट्रम्प ने बताया कि उनकी सरकार ने ईरान से संवर्धित (एनरिच्ड) यूरेनियम हासिल करने के लिए सैनिक भेजने पर विचार किया था, लेकिन यह योजना अंत में खारिज कर दी



■ कोई भी संभावित मुलाकात सम्मानजनक होगी और मैं ईरान के सुप्रीम लीडर से इज्जत से पेश आऊंगा

गई। ट्रम्प के मुताबिक, यह ऑपरेशन बहुत ज्यादा जोखिम भरा था और इसमें अमेरिकी सैनिकों की जान जाने की आशंका थी। इसलिए इसे आगे नहीं बढ़ाया गया। इसी बीच ईरान ने साफ कहा है कि अगर उस पर या उसके हितों पर हमला हुआ तो वह कड़ा जवाब देगा। साथ ही कुवैत और बहरीन को चेतावनी दी गई है कि अगर उनकी जमीन का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ हुआ तो उसे नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। वहींअमेरिकी संसद के निचले सदन ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर राष्ट्रपति की शक्तियों को सीमित करने का प्रस्ताव पास किया है। इस फैसले का ट्रम्प ने कड़ा विरोध किया और इसे देशहित के खिलाफ बताया। दूसरी ओर मिडिल ईस्ट में तनाव के बावजूद सीजफायर की उम्मीदों के चलते वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। ब्रेंट क्रूड करीब 0.69 प्रतिशत गिरकर 97.14 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.65 प्रतिशत गिरकर 95.40 डॉलर प्रति बैरल।



**मुंबई। केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और एलपीजी गैस की कीमतों में की गई वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ताओं।**

## जेलेंस्की बातचीत के लिए कभी भी रूस आ सकते हैं: पेस्कोव

**मॉस्को/कीव।** रूस ने कहा है कि अगर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की बातचीत करना चाहते हैं, तो वे कभी भी यहां आ सकते हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने इस आशय की घोषणा की है। जेलेंस्की ने गुरुवार को एक पत्र जारी करके शांति प्रक्रिया पर चर्चा के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ आमने-सामने की बैठक का प्रस्ताव रखा, जिसमें यूरोप और अमेरिका भी शामिल हों। जेलेंस्की ने पत्र में लिखा कि यूक्रेन हमारे और आपके बीच सीधी बातचीत के जरिए इस युद्ध को खत्म करने का प्रस्ताव देता है।

# 10 न्यूक्लियर बम बना सकता है ईरान

## ईरान के परमाणु ठिकानों तक नहीं पहुंच पा रही आईएईए, परमाणु कार्यक्रम को लेकर गंभीर चिंता जताई

**वियना (आस्ट्रिया)।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था इंटरनेशनल एटामिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर गंभीर चिंता जताई है। सदस्य देशों के बीच प्रसारित एक गोपनीय रिपोर्ट में एजेंसी ने कहा है कि पिछले जून में हुए युद्ध से प्रभावित ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने में उसे अब तक सफलता नहीं मिली है।



आईएईए के अनुसार, वह यह जानकारी देने की स्थिति में नहीं है कि ईरान के पास मौजूद संवर्धित यूरेनियम का वर्तमान भंडार कितना है, उसकी संरचना क्या है और उसे कहां रखा गया है। एजेंसी यह भी पुष्टि नहीं कर पा रही है कि ईरान ने यूरेनियम संवर्धन से जुड़ी सभी गतिविधियां रोकी हैं या नहीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के तहत सुरक्षा निगरानी संबंधी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में एजेंसी फिलहाल सक्षम नहीं है। आईएईए ने जोर देकर कहा कि ईरान के लिए अपनी संधि संबंधी जिम्मेदारियों को तत्काल और पूरी तरह लागू करना अनिवार्य और अत्यावश्यक है। फरवरी में जारी पिछली रिपोर्ट के बाद से आईएईए निरीक्षकों ने ईरान में केवल बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र का ही दौरा किया है। यह निरीक्षण 1 से 3 जून के बीच किया गया था। बुशेहर में संचालित रिएक्टर रूस से प्राप्त 4.5 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम का उपयोग करता है, जो बिजली उत्पादन के लिए आवश्यक निम्न स्तर का संवर्धन माना जाता है। यह रिपोर्ट ऐसे समय सामने आई है जब पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को ईरानी ड्रोन हमलों में कुवैत के मुख्य हवाई अड्डे के यात्री टर्मिनल को भारी नुकसान पहुंचने की खबर है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हुए। घटना के बाद हवाई अड्डे का संचालन कुछ समय के लिए रोकना पड़ा। यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच जारी जवाबी कार्रवाइयों की शृंखला का हिस्सा माना जा रहा है, जिसने पहले से नाजुक संघर्षविराम पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। आईएईए के अनुसार, ईरान के पास वर्तमान में 60 प्रतिशत तक संवर्धित 440.9 किलोग्राम यूरेनियम का भंडार है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्तर हथियार-ग्रेड 90 प्रतिशत संवर्धन से तकनीकी रूप से बहुत दूर नहीं है। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रासी ने हाल ही में एक साक्षात्कार में चेतावनी दी थी कि अगर ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को हथियारों में बदलने का निर्णय लेता है तो यह भंडार सैद्धांतिक रूप से लगभग 10 परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त हो सकता है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इसका अर्थ यह नहीं है कि ईरान के पास फिलहाल परमाणु हथियार मौजूद हैं। एजेंसी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, इतने उच्च स्तर के संवर्धित परमाणु पदार्थ का सामान्य रूप से हर महीने सत्यापन किया जाना चाहिए। लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में आईएईए ऐसा नहीं कर पा रही है। रिपोर्ट में ग्रासी ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए चल रही कूटनीतिक वार्ताओं का समर्थन दोहराया है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी संभावित समझौते को लागू करने में सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

■ परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के तहत सुरक्षा निगरानी संबंधी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में एजेंसी फिलहाल सक्षम नहीं है

## यूएस से नहीं साझा की ईरानी परमाणु कार्यक्रम की जानकारी: पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने उन दावों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने हाल ही में वाशिंगटन में हुई मुलाकात के दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी साझा की थी। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी से उन रिपोर्ट्स के बारे में सवाल किया गया, जिनमें कहा गया था कि 29 मई को हुई बैठक के दौरान डार ने रुबियो को ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी दी थी। अंद्राबी ने कहा कि उप प्रधानमंत्री की ओर से ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी साझा किए जाने की खबरें पूरी तरह गलत हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा, ऐसी कोई जानकारी साझा नहीं की गई थी। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व विश्लेषक लैरी जानसन ने एक अज्ञात सूत्र के हवाले से दावा किया था कि डार और रुबियो के बीच हुई बातचीत में यह सामने आया कि ईरान अपनी स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए क्या कदम उठाने को तैयार है। उनके अनुसार, इस जानकारी से अमेरिकी विदेश मंत्री चिंतित हो गए थे।

## सहारा रेगिस्तान में ट्रक फंसा, प्यास से 49 लोगों की मौत

**नाइजर।** सहारा रेगिस्तान में प्यास से कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक जिस ट्रक में वे यात्रा कर रहे थे वह रास्ते में खराब हो गया था। यात्रियों ने कई दिनों तक इसे ठीक करने की कोशिश की लेकिन वे इसमें कामयाब नहीं हो पाए। यह ट्रक माली के हारौबा शहर से रवाना हुआ था, जो नाइजर सीमा से 300 किलोमीटर से अधिक दूर है। वे एक मुस्लिम धार्मिक उत्सव में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। यात्रा के दौरान उनका ट्रक नाइजर और अल्जीरिया की सीमा पर स्थित क्रासिंग प्वाइंट असामाका से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम में खराब हो गया। वे रेगिस्तान के ऐसे दुर्गम जगह में फंस गए थे जहां बेहद ऊंचा तापमान होता है। वहां पानी और बाकी जरूरी सामान मिलना बहुत मुश्किल है। ऐसी जगह फंस जाने के कारण उनके पास मौजूद पानी खत्म हो गया। इस हादसे में केवल दो लोग बच पाए। उन्होंने किसी तरह रेगिस्तान पार कर असामाका तक पहुंचने में सफलता हासिल की और वहां अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। जब बचाव दल मौके पर पहुंचा तो ट्रक के नीचे और उसके आसपास दर्जनों शव पड़े मिले। बचाव टीम ने मृतकों के शवों को सामूहिक कब्रों में दफना दिया।

## अमेरिकी सीनेट में पास हुआ +70 अरब का इमिग्रेशन बिल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की इमिग्रेशन एजेंसियों को फंड देने के लिए 70 अरब डॉलर का कानून पास कर दिया। हफ्तों की देरी और भारी विवाद के बाद यह बिल पास हो सका। विवाद की मुख्य वजह 1.776 अरब डॉलर का एक सेटलमेंट फंड था, जिसे लेकर सदन में काफी तीखी बहस हुई। सीनेट में इस बिल के पक्ष में 52 और विरोध में 47 वोट पड़े। यह पैसा अगले तीन वर्षों यानी ट्रम्प के कार्यकाल के अंत तक इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) और बार्डर पेट्रोल के कामकाज के लिए इस्तेमाल होगा।

वोटिंग शुक्रवार की सुबह हुई। रिपब्लिकन सदस्यों ने उन सभी संशोधनों को हरा दिया, जिनमें ट्रम्प के सेटलमेंट फंड पर हमेशा के लिए रोक लगाने की मांग की गई थी। विपक्ष का आरोप है कि इस फंड का इस्तेमाल ट्रम्प के उन राजनीतिक सहयोगियों के लिए हो सकता है, जो खुद को प्रताड़ित मानते हैं। रिपब्लिकन पार्टी के भीतर भी इस फंड को लेकर मतभेद दिखे। लुइसियाना के सीनेटर बिल कैसिडी ने प्रस्ताव दिया था कि इस फंड का पैसा छह जनवरी 2021 को कैपिटल हिल हमले में घायल हुए पुलिसकर्मियों को दिया जाए। हालांकि,

■ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सेटलमेंट फंड पर नहीं लगी रोक

रिपब्लिकन पार्टी ने अपने ही सदस्य के इस प्रस्ताव को गिरा दिया। सीनेटर थाम टिलिस ने भी चेतावनी दी थी कि यह फंड चुनाव में पार्टी के लिए मुसीबत बन सकता है, इसलिए इसे रोक देना चाहिए। एक्टिंग अटार्नी जनरल टाड ब्लैंच ने पहले कहा था कि यह फंड आगे नहीं बढ़ेगा, लेकिन ट्रम्प ने इस पर संदेह पैदा कर दिया। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि यह सेटलमेंट बहुत महत्वपूर्ण है और उन्हें नहीं पता कि यह रुका है या खत्म हो गया है। वहीं, डेमोक्रेटिक नेता चक शूमर ने रिपब्लिकन पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जनता के पैसे की सुरक्षा के लिए केवल ट्रम्प के करीबियों के वादे पर भरोसा कर रहे हैं, जो जवाबदेही नहीं है। आईसीई और बार्डर पेट्रोल के लिए यह फंड महीनों से अटका हुआ था। जनवरी में संघीय एजेंटों की गोलीबारी में दो प्रदर्शनकारियों, रेनी गुड और एलेक्स प्रेटी की मौत हो गई थी। इसके बाद डेमोक्रेट्स ने इमिग्रेशन नीतियों में बदलाव की मांग करते हुए फंड रोक दिया था। वे चाहते थे कि अधिकारियों की पहचान और वारंट की प्रक्रिया को सख्त बनाया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### फीफा वर्ल्ड कप देखने नहीं पहुंच पाएंगे हजारों ईरानी फैंस

**तेहरान।** 2026 फीफा वर्ल्ड कप में ईरान की टीम मैदान पर उतरेगी, लेकिन उसके हजारों समर्थक स्टेडियम तक नहीं पहुंच पाएंगे। अमेरिका के वीजा प्रतिबंध और हालिया ईरान-अमेरिका तनाव ने ईरानी फैंस के लिए टूर्नामेंट देखने का रास्ता मुश्किल बना दिया है। ईरान ने मार्च 2025 में ही फीफा वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर लिया था। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले अमेरिकी नीतियों ने ईरानी समर्थकों की उम्मीदों को झटका दिया है।

### कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में इबोला के 381 मामले, 63 लोगों की मौत

**किशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में इबोला वायरस के पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 381 से अधिक हो गई है, जिनमें से 63 लोगों की मौत हो चुकी है। डीआरसी के स्वास्थ्य मंत्री रोजर कंब ने गुरुवार शाम को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वर्तमान में लगभग 233 मरीजों को स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है। इनमें से कुछ लोगों को जांच रिपोर्ट आने तक अलग रखा गया है, तो कुछ लोगों का बीमारी के लक्षण दिखने बाद इलाज किया जा रहा है।

### 1996 की यादों में लौटे मनोज बाजपेई

**मुंबई।** आगामी फिल्म गवर्नर को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह लगातार बढ़ रहा है। भारत के आर्थिक इतिहास के महत्वपूर्ण दौर पर आधारित इस फिल्म में अभिनेता मनोज बाजपेई मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और मनोज बाजपेई के आरबीआई गवर्नर के किरदार की काफी सराहना हो रही है।

## किम जोंग ने दिखाई नई परमाणु फैक्टरी

**सियोल।** परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाने के लिए उत्तर कोरिया ने बृहस्पतिवार को इनका ईंधन बनाने वाले एक नए संयंत्र का खुलासा किया है। वहीं, तानाशाह किम जोंग उन ने देश की परमाणु ताकत तेजी से बढ़ाने की कई योजनाओं का भी एलान किया।

इससे दक्षिण कोरिया, अमेरिका समेत कई प्रतिद्वंदी देशों की चिंता बढ़ गई है। उत्तर कोरियाई सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए के मुताबिक, यह संयंत्र पहले से अधिक उन्नत तकनीक का इस्तेमाल करता है लेकिन इसकी जगह और शुरू होने की तारीख नहीं बताई। हालांकि केसीएनए की जारी तस्वीरों में एक बड़े हाल में हथियार-स्तर का यूरेनियम तैयार करने के लिए बड़ी संख्या में सेंट्रीफ्यूज मशीनें दिखाई दी हैं। किम ने बुधवार को संयंत्र के दौरे के दौरान कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया जैसे सबसे आक्रामक दुश्मनों के साथ बढ़ते टकराव से देश की परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को मात्रा और गुणवत्ता दोनों में मजबूती देना जरूरी हो गया है। उन्होंने अन्य वैश्विक संकटों और सुरक्षा चुनौतियों का भी हवाला दिया। उन्होंने दावा किया कि बीते पांच साल में देश की हथियार-स्तर परमाणु सामग्री उत्पादन क्षमता दोगुने से अधिक बढ़ चुकी है। परमाणु गतिविधियों को तेज करने पर आईएईए का खुलासा उत्तर कोरिया के सितम्बर 2024 में सामने आए एक अन्य गुप्त यूरेनियम संवर्धन संयंत्र के बाद सामने आया है।

■ हथियारों का जखीरा बढ़ाने का किया एंलान यूएस-दक्षिण कोरिया की बढ़ी चिंता

## अमेरिका ने क्यूबा के राष्ट्रपति पर नए दबाव अभियान के तहत प्रतिबंध लगाए

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने क्यूबा पर दबाव बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल और कई अन्य लोगों एवं संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिकी वित्त विभाग की वेबसाइट पर गुरुवार को जारी जानकारी के अनुसार विभाग ने डियाज-कैनेल, चार अन्य लोगों और पांच संस्थाओं (जिनमें क्यूबा का 'रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस' मंत्रालय भी शामिल है) को विशेष रूप से नामित नागरिकों और प्रतिबंधित व्यक्तियों की सूची में शामिल किया है। डियाज-कैनेल ने 2018 में राउल कास्त्रो की जगह क्यूबा के राष्ट्रपति का पद संभाला था।मई में अमेरिकी सरकार ने क्यूबा के 11 अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए थे और 1996 में क्यूबा से निर्वासित लोगों से जुड़ी एक घटना को लेकर राउल कास्त्रो पर आरोप लगाए थे।

# कुवैत एयरपोर्ट पर हमले के आरोपों से ईरान का इंकार

## ईरान का दावा: पैट्रियट मिसाइल सिस्टम की खराबी से हुआ नुकसान



■ एयरपोर्ट को हुआ नुकसान अमेरिकी निर्मित पैट्रियट रक्षा प्रणाली की विफलता के कारण हुआ

**तेहरान।** भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमले में ईरान की भूमिका से इन्कार किया है।

उन्होंने कहा है कि तेहरान की सैन्य जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि एयरपोर्ट की ओर कोई ईरानी मिसाइल नहीं दागी गई थी। उन्होंने दावा किया कि एयरपोर्ट को हुआ नुकसान अमेरिकी निर्मित पैट्रियट रक्षा प्रणाली की विफलता के कारण हुआ, जिसके इंटरसेप्टर मिसाइल लक्ष्य भेदने में असफल रहने के बाद टर्मिनल क्षेत्र में गिर गए। आईएएनएस को दिए एक साक्षात्कार में फतहाली ने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए सभी आवश्यक क्षमताओं का उपयोग करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुवैत और बहरीन द्वारा अपने क्षेत्र और सैन्य सुविधाओं का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ हमलों के लिए करने देना अंतर्राष्ट्रीय कानून और अच्छे पड़ोसी संबंधों का उल्लंघन है। राजदूत ने कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता और विवादों के समाधान के लिए हमेशा कूटनीति और संवाद का समर्थन करता है। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि 8 अप्रैल को घोषित युद्धविराम का अमेरिकी बलों ने कई बार उल्लंघन किया, जिसके जवाब में ईरान ने आत्मरक्षा के अधिकार के तहत कार्रवाई की। अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान संबंधी सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाले प्रस्ताव पर फतहाली ने कहा कि यह अमेरिका का आंतरिक मामला है, लेकिन तनाव कम करने और क्षेत्रीय शांति बनाए रखने की दिशा में उठाया गया कोई भी कदम सकारात्मक है। इजरायल-लेबनान संघर्ष पर ईरान के रुख को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि लेबनान की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थाई शांति के लिए लेबनान के खिलाफ युद्ध समाप्त होना आवश्यक है।

### ईरानी राजदूत बोले: मुश्किल समय में भारत हमारे साथ खड़ा रहा

**नई दिल्ली।** भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कठिन दौर में मिले समर्थन के लिए भारतीय जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जब ईरान अपने नेताओं को खोने के दुख से गुजर रहा था, तब भारत के लोगों ने संवेदनशीलता और सहानुभूति के साथ उनका साथ दिया। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फतहाली ने कहा कि भारत और ईरान के बीच संबंध केवल सरकारों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि दोनों देशों के लोगों के बीच भी गहरा जुड़ाव है। उन्होंने कहा कि हालिया संकट के दौरान भारतीय जनता ने ईरान के प्रति गहरी सहानुभूति दिखाई और दुख की घड़ी में साथ खड़ी रही।

# गाजा में फिर इजरायल के हवाई हमले

## महिलाओं-बच्चों समेत 10 की मौत, सीजफायर के बीच भी जारी हिंसा

**गाजा।** पश्चिम एशिया में इस समय वार्ता और संघर्ष दोनों साथ चल रहे हैं। गाजा से लेकर लेबनान तक लगातार हवाई हमलों, जवाबी कार्रवाई और संघर्ष विराम के बावजूद हो रही मौतों ने हालात को और गंभीर बना दिया है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सीजफायर लागू होने के बाद भी अब तक 936 लोगों की मौत हो चुकी है।

मंत्रालय को संयुक्त राष्ट्र और स्वतंत्र विशेषज्ञों द्वारा विश्वसनीय माना जाता है, हालांकि यह नागरिकों और लड़ाकों का अलग-अलग आंकड़ा जारी नहीं करता। इजरायल का कहना है कि हमले उन घटनाओं के जवाब में किए जाते हैं जिनमें समझौते का उल्लंघन या सुरक्षा खतरा शामिल होता है। इजरायल की सेना ने दावा किया कि उत्तरी गाजा में हुए हमलों में हमास के चार लड़ाकों को मार गिराया गया है। सेना के अनुसार ये लोग हमास नेतृत्व की सुरक्षा और खुफिया जानकारी



■ सीजफायर लागू होने के बाद भी अब तक 936 लोगों की मौत हो चुकी है

से जुड़े थे। सेना ने यह भी कहा कि हमलों से पहले नागरिकों को नुकसान से बचाने के लिए सटीक हथियारों और निगरानी का उपयोग किया गया। हालांकि शाम के हमले को लेकर सेना ने तत्काल कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी। गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों ने एक बार फिर हालात को तनावपूर्ण बना दिया है। स्थानीय अस्पतालों के अनुसार गुरुवार को हुए अलग-अलग हमलों में कम से कम 10 फलस्तीनियों की मौत हो गई। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। यह हमले ऐसे समय में हुए हैं जब क्षेत्र में पहले से ही जारी संघर्ष और सीजफायर के बावजूद हिंसा की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। गाजा सिटी में शिफा अस्पताल के अनुसार रातभर में चार अलग-अलग हमलों में नौ लोगों की मौत हुई। अस्पताल ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, रेड क्रास द्वारा संचालित सराया फील्ड अस्पताल ने बताया कि गुरुवार शाम हुए एक और हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक हमले में रिहायशी इमारत की ऊपरी मंजिल पर बड़ा धमाका हुआ, जिससे दीवारें टूट गईं और घर का सामान बिखर गया। हमलों के बाद अस्पतालों में परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## जेलेंस्की ने पुतिन को लिखा खुला पत्र

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को एक सार्वजनिक पत्र लिखकर सीधे आमने-सामने बातचीत का प्रस्ताव दिया है। वर्ष 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला शुरू किए जाने के बाद यह पहला मौका है जब जेलेंस्की ने पुतिन को सार्वजनिक रूप से संबोधित करते हुए पत्र लिखा है। अपने पत्र में जेलेंस्की ने कहा कि युद्ध समाप्त करने के लिए दोनों नेताओं के बीच सीधी बातचीत जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि यह बैठक किसी तटस्थ देश में आयोजित की जा सकती है। इसके लिए उन्होंने स्विट्जरलैंड, तुर्की या किसी अरब देश का नाम संभावित मेजबान के रूप में लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बातचीत न तो मास्को में होनी चाहिए और न ही कीव में। जेलेंस्की ने लिखा कि बड़े और महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान हमेशा देशों के नेता ही करते हैं। उन्होंने पुतिन से ऐसी बैठक के लिए एक निश्चित तारीख तय करने की अपील भी की। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि केवल अमेरिका पर निर्भर रहकर युद्ध समाप्त होने का इंतजार करना सही नहीं होगा।

गुप्त समस्याएं
बचपन की गलतियाँ
धात, स्वपनदोष, नामर्दी, शीघ्रपतन



लिंगदोष, वीर्यदोष, नसों में ढीलापन ल्यूकोरिया, शुक्राणुहीनता, पेशाब रोग
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नुमाईश ग्राउंड के ठीक सामने मेरठ रोड, मुजफ्फर नगर
M-9359406499